हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

रांची, बुधवार, 09 अक्टूबर, 2024   वर्ष : 12 अंक : 147

Koylanchal samvad news

www.koylanchalsamvad.com

मूल्य : 2 रुपए

कांग्रेस ने लोकसभा-विधानसभा चुनावों में 585 करोड़ खर्च किए | नशीले पदार्थों का कारोबार दवा के माध्यम से सबसे... | धान की फसल के लिए बेहद खतरनाक है यह कीट

## संक्षिप्त खबरें

### सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन से बिजली आपूर्ति विश्वसनीयता में 70 प्रतिशत सुधार हुआः टाटा पावर डीडीएल

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन (टीक्यूएम) से उसे पिछले पांच साल में बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता में करीब 70 प्रतिशत सुधार करने में मदद मिली है। कंपनी के बयान में कहा, टीक्यूएम से पिछले पांच वर्षों में टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन (टाटा पावर डीडीएल) के कुल तकनीकी और वाणिज्यिक घाटे (एटीएंडसी) को 30 प्रतिशत कम करके मार्च 2024 तक 5.9 प्रतिशत तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन प्रयासों से टाटा पावर-डीडीएल को 'डेमिंग पुरस्कार' हासिल करने में मदद मिली, जो दुनिया के सर्वोच्च पुरस्कारों में से एक है। टाटा पावर डीडीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी गजानन एस. काले ने कहा, डेमिंग पुरस्कार निरंतर सुधार, परिचालन दक्षता और ग्राहक संतुष्टि को बढ़ाने की संस्कृति को रेखांकित करता है.. टाटा पावर डीडीएल उत्तरी दिल्ली में 70 लाख लोगों को बिजली की आपूर्ति करती है। यह टाटा पावर की एक अनुषंगी कंपनी है।

### स्पाइसजेट अपने बेड़े में 10 विमान और शामिल करेगी

मुंबई (ईएमएस)। घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट अगले महीने तक अपने बेड़े में 10 विमान और जोड़ेगी। पहला विमान 10 अक्टूबर को बेड़े में शामिल किया जाएगा। स्पाइसजेट ने सोमवार को कहा कि इनमें से सात विमान पट्टे पर लिए जाएंगे, जबकि बंद खड़े तीन विमानों को पुनः बेड़े में शामिल किया जा रहा है। लाइव एयरक्राफ्ट फ्लीट ट्रैकिंग वेबसाइट प्लेनस्पॉटर.नेट के अनुसार, गुरुग्राम मुख्यालय वाली विमानन कंपनी के पास केवल 19 विमान परिचालन में हैं, जबकि आठ अक्टूबर तक उसके 36 विमान बंद खड़े थे। स्पाइसजेट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह अतिरिक्त विमान (10 विमान) महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ-साथ अपनी परिचालन क्षमताओं को भी मजबूत कर रहे हैं। यह घोषणा स्पाइसजेट के पिछले महीने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 3,000 करोड़ रुपये की नई पूंजी प्राप्त करने के बाद की गई है।

### नक्सलवाद अब समूचे देश में अंतिम चरणों में हैः सीएम यादव

नई दिल्ली,(ईएमएस)। मध्यप्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ उनके पुनर्वास और विकास संबंधित कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और देशभर में नक्सली गतिविधियां अब अंतिम चरणों में हैं। डॉ यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की समीक्षा बैठक में शामिल हुए थे। इसके बाद उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री शाह के नेतृत्व में नक्सलवाद निरोधक नीतियां बनाई जा रही हैं। अलग-अलग राज्यों से नक्सलवाद का खात्मा हो रहा है, ये नक्सलवाद अब समूचे देश में अंतिम चरणों में है। शाह ने भी कहा है कि हर तरफ कानून का राज स्थापित करना है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के संदर्भ में कहा कि राज्य में पिछले दो साल में नक्सलियों के खिलाफ जितनी भी कार्रवाई हुई है, उतनी पिछले 30 साल में नहीं हुई।



# हरियाणा में भाजपा का हैट्रिक, प्रधानमंत्री मोदी ने समर्थन के लिए जनता का जताया आभार

## जम्मू-कश्मीर में एनसी-कांग्रेस की सरकार

**नई दिल्ली** : हरियाणा में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। राज्य में ऐसा करने वाली वह पहली पार्टी होगी। राज्य की कुल 90 सीटों में से पार्टी ने 48 सीटें जीतकर बहुमत हासिल कर लिया है। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार 8 सीटों का फायदा हुआ है।

उधर, कांग्रेस ने 37 सीटें जीती हैं। इसे भी इस चुनाव में 6 सीटों का फायदा हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सैनी लाडवा और कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा गढ़ी-सांपला सीट से जीत गए हैं।

कांग्रेस ने रिजल्ट को चौंकाने वाला बताया है। वहीं सीएम सैनी ने कहा कि जनता ने कांग्रेस के झूठ को नकार दिया है। BJP की बढ़त के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम नायब सिंह सैनी को फोन किया और जीत पर बधाई दी। इस बीच खबर आ रही है कि नई सरकार का शपथ ग्रहण दशहरा यानी 12 अक्टूबर को हो सकता है।

मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हुई। रुझान आते ही कांग्रेस ने बढ़त बना ली थी और कुछ देर तक एक तरफा जीत की ओर थी। पार्टी ने 65 सीटों को छू लिया था। भाजपा कम होकर 17 सीटों पर आ गई थी।

लेकिन 9:30 बजे भाजपा टक्कर में आई और दोनों पार्टियों में दो सीटों का अंतर रह गया। सुबह 9:44 बजे एक समय ऐसा भी आया जब दोनों पार्टी 43-43 सीटों पर आ गईं। इसके बाद भाजपा 51 सीटों तक पहुंच गई। करीब



11 बजे से भाजपा की सीटें 47 से 51 के बीच रही। बाद में 48 सीटें हासिल की।

हरियाणा में इस बार 67.90% वोटिंग हुई थी। पिछले चुनाव में 68.20% वोटिंग हुई थी।

### उमर अब्दुल्ला बनेंगे जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री

जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद हुए विधानसभा चुनाव में I.N.D.I.A गठबंधन ने 49 सीटों पर जीत दर्ज की। गठबंधन में शामिल नेशनल कॉन्फ्रेंस को सबसे ज्यादा 42, कांग्रेस को 6 और सीपीआई(एम) को एक सीट मिली। सरकार बनाने के लिए 46 सीटों की जरूरत है।

भाजपा ने 29 सीटें जीती हैं। पार्टी को पिछले चुनाव के मुकाबले 4 सीटों का फायदा हुआ है। हालांकि जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना नौशेरा सीट से एनसी कैंडिडेट से करीब 8 हजार वोटों से हार गए। उन्होंने पार्टी हाईकमान को अपना इस्तीफा भेजा है।

पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी ने 3 सीटें जीती हैं। पिछले चुनाव में पार्टी को 28 सीटें मिली थीं। पहली बार चुनाव लड़ रहीं महबूबा की बेटी इल्तिजा मुफ्ती श्रीगुफवारा बिजबेहरा सीट से करीब 9 हजार से ज्यादा वोटों से हार गईं। जम्मू-कश्मीर में आम आदमी पार्टी ने पहली बार जीत दर्ज की है। डोडा सीट से मेहराज मलिक ने भाजपा के गजय सिंह राणा को 4500 से ज्यादा वोटों से हराया। वहीं पीपुल्स कॉन्फ्रेंस को एक सीट पर जीत मिली। 7 पर निर्दलीय जीते। संसद पर हमले के आरोपी अफजल गुरु के भाई ऐजाज गुरु को सोपोर सीट पर 129 वोट मिले।

नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक




अब्दुल्ला ने कहा- उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के अगले सीएम होंगे। 11 या 12 अक्टूबर को शपथ ग्रहण हो सकता है। उमर अब्दुल्ला ने दो सीटों (बडगाम और गांदरबल) पर चुनाव लड़ा और दोनों पर पीडीपी कैंडिडेट को हराया।

जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 3 फेज में 63.88% वोटिंग हुई थी। 10 साल पहले 2014 में हुए चुनाव में 65% वोटिंग हुई थी। इस बार 1.12% कम वोटिंग हुई। 5 अक्टूबर को आए एग्जिट पोल में 5 सर्वे ने एनसी-कांग्रेस सरकार का अनुमान जताया था, जबकि 5 ने हंग असेंबली का दावा किया था।

## झारखंड में ईडी की कार्रवाईः रांची और धनबाद में कई ठिकानों पर छापेमारी

**रांची (ईएमएस)**। झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की। ईडी की टीम ने रांची और धनबाद में डीटीओ और सीओ सहित कई के ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी ने छापेमारी में 6 करोड़ की वसूली के मामले में कार्रवाई की है। ईडी टीम ने धनबाद के एक वकील के साथ धनबाद के डीटीओ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी, जय कुमार राम, प्रभात भूषण, रवि पांडेय, सुजीत और रवि के ठिकानों पर छापेमारी की है। ये कार्रवाई दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई है।

ईडी की टीम धनबाद के डीटीओ प्रसाद के देव विहार स्थित आवास पर पहुंची और आवास से भारी मात्रा में कैश बरामद किया। छापेमारी के दौरान बाहरी लोगों के अपार्टमेंट में प्रवेश नहीं दिया गया है। साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मामले में उनसे पहले भी कई बार पूछताछ हुई है। दरअसल, मामले में एक कारोबारी और वकील ने एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते हुए पंडरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जमीन



कारोबारी पांडेय ने ईडी को मैनेज करने के नाम पर अधिवक्ता सुजीत कुमार सिंह पर 6 करोड़ रुपए ठगने का आरोप लगाया था। अधिवक्ता का कहना था कि पैसे नहीं लौटाने पर जमीन कारोबारी ने उनका अपहरण किया था और किसी तरह वे उसके चंगुल से छूटे। इसके बाद पंडरा थाने में मामला दर्ज कराया। उन्होंने केस में कारोबारी संजय पांडेय, सीओ प्रभात भूषण और दिवाकर द्विवेदी सहित तीन सीओ को आरोपी बनाया है।

जमीन कारोबारी पांडेय ने अधिवक्ता सिंह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने ईडी पर पकड़ के नाम पर जिन लोगों के नाम ईडी के रडार पर हैं, उन्हें बचाने के नाम पर छह करोड़ रुपए लिए। उन्होंने मुझे, कांके के पूर्व सीओ प्रभात भूषण, दिवाकर तथा अन्य को ईडी की गिरफ्त से बचाने के एवज में यह राशि ली।

### वकील ने भी लगाए आरोप

वहीं, वकील सुजीत कुमार ने भी प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें बताया है कि जमीन कारोबारी संजीव कुमार पांडे उनकी एसयूवी (जेएच 01 एफआर 4730) छीनकर ले गए। पुलिस अब दोनों ओर से दर्ज प्राथमिकी की जांच में जुटी है।

## मजबूत होगी झारखंड के सभी कोर्ट परिसर की सुरक्षा, लगेंगे अतिरिक्त 2141 सीसीटीवी कैमरे

**रांचीः** झारखंड के सभी जिलों में कोर्ट परिसर की सुरक्षा अब और मजबूत होगी. राज्य के हाईकोर्ट समेत सभी सिविल कोर्ट में 2141 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे. गौरतलब है कि इसको लेकर सोमवार (सात अक्टूबर) को गृह सचिव की अध्यक्षता में विभिन्न जिला और अनुमंडल कोर्ट में लगाये गये सीसीटीवी कैमरे, उसके पर्यवेक्षक और अतिरिक्त कैमरा की आवश्यकता के आकलन के बिंदु पर एक बैठक आयोजित की गयी थी.


### एसपी को हर माह कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का ऑडिट करने का निर्देश

पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को निर्देश दिया है कि वह हर महीने कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की ऑडिट करेंगे. हाल के दिनों में बड़े पैमाने पर पुलिस अफसरों का तबादला किया गया है. जिन अफसरों और कर्मियो का कोर्ट से तबादला हो चुका है, उनके स्थान पर जो पुलिस पदाधिकारी आये हैं, उनको भी अच्छे से ब्रीफ करने का निर्देश दिया गया है. सभी एसपी को निर्देश दिया गया है कि कोर्ट परिसर में आने-जाने वाले लोगों के लिए कंप्यूटराइज चेकिंग की व्यवस्था जल्द से जल्द तैयार की जाये.

## मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो की शुरुआतः फेज-1 के तहत बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स से आरे के बीच चली मेट्रो

**मुंबईः** मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो की सोमवार को शुरुआत हुई। एक्वा लाइन के फेज-1 के तहत बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स से आरे के बीच अंडरग्राउंड मेट्रो चली। सर्विस सुबह 11 बजे शुरू हुई। पहले दिन राइड का अनुभव लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

पीएम मोदी ने शनिवार को मेट्रो लाइन 3 के 12.69 किमी लंबे फेज-1को हरि झंडी दिखाई थी। इसके बाद उन्होंने BKC से



सांताक्रूज मेट्रो स्टेशनों के बीच मेट्रो में सफर किया। इस दौरान उन्होंने स्टूडेंट्स, महाराष्ट्र सरकार की लाड़की बहन स्कीम का लाभ पाने वाली महिलाओं और मजदूरों से बातचीत की। मुंबई-मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने नोटिफिकेशन जारी कर बताया है कि एक्वा लाइन पर मेट्रो का सामान्य ऑपरेशन मंगलवार से शुरू होगा। सर्विस सोमवार से शनिवार सुबह 6:30 बजे से रात 10:30 बजे के बीच ऑपरेट करेगी। रविवार को सर्विस सुबह 8:30 बजे से रात 10:30 बजे तक चलेगी। मेट्रो का किराया न्यूनतम 10 रुपए और अधिकतम 50 रुपए होगा।

## 50 लाख महिलाओं के खाते में मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना की भेजी गई तीसरी किस्त की राशि

### 497 करोड़ रुपये की राशि सीधे महिलाओं के खातों में की गई हस्तांतरित

**रांची** : मंगलवार को लोहरदगा,मांडर एवं रातू में मंईयाँ सम्मान यात्रा कार्यक्रम हुआ। लोहरदगा में कार्यक्रम स्थल से ही झारखंड की लगभग 50 लाख महिलाओं के खाते में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना की तीसरी किस्त की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। माननीय मंत्री श्रीमती बेबी देवी ने बटन दबाकर लगभग 497 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में ट्रांसफर कीं ।

इस अवसर पर मंत्री श्रीमती बेबी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की सोच झारखंड की दीदियों, माताओं , बहनों को भी आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है । इसलिए झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना के माध्यम से उन्हें आर्थिक मदद दी जा रही है। उन्हें मजबूती प्रदान की जा रही है ।



### जेएमएमएसवाई के माध्यम से झारखंड की 50 लाख महिलाओं को जोड़ने का किया गया है काम

कृषि मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह ने कार्यक्रम में आयीं हजारों महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना के माध्यम से अब तक झारखंड की 50 लाख महिलाओं को जोड़ा गया है। नवरात्र के अवसर पर आज झारखंड की करीब 50 लाख माताओं ,बहनों ,बेटियों के खाते में तीसरी किस्त की राशि भेजी जा रही है । उन्होंने कहा कि राज्य में पहली बार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की बात की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, यदि काम गिनाना करना शुरू करें, तो लिस्ट काफ़ी लंबी हो जाएगी ।सरकार अबुआ आवास योजना के ज़रिये लाभुकों को पक्का मकान उपलब्ध करा रही है ।

### नवरात्र के पावन अवसर पर आप महिलाओं को दी जा रही है तीसरी किस्त की राशि

माननीया विधायक श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन ने कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपका हौसला ही मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की असली पूंजी है ।वह चाहते हैं कि झारखंड की आधी आबादी सशक्त बनें। मज़बूत रहें। मानसिक रूप से, शारीरिक रूप से भी और आर्थिक रूप से भी । उन्होंने कहा कि ये सिर्फ़ राशि नहीं है, यह आधी आबादी का आत्मविश्वास है । झारखंड में पहली बार आपका बेटा, आपका दादा मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आधी आबादी को वो सम्मान दिया है जिसकी वो हकदार थीं । उन्होंने कहा की महिलाएँ परिवार को ,समाज को आगे बढ़ाने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना की राशि की तीसरी किस्त आपको नवरात्र के अवसर पर दी जा रही है ।इससे पहले पहली किस्त रक्षाबंधन के अवसर पर और दूसरी किस्त करम पूजा के अवसर पर दी गई थी ।उन्होंने कहा कि हम जहाँ जा रहे हैं, हमें उत्साह,तरंग और उमंग नजर आ रहा है।

श्रीमती कल्पना सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन निरंतर झारखंड को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं ।उन्होंने कहा कि अपने हक़ अधिकारों की बात करने के लिए शिक्षित होना बहुत ज़रूरी है।


शेष पेज 2 पर...

## एआई के गॉडफादर और अमेरिकी वैज्ञानिक को फिजिक्स का नोबेलः8.90 करोड़ मिलेंगे

### मशीन लर्निंग से जुड़ी नई तकनीक के विकास के लिए सम्मान

**स्टॉकहोमः** फिजिक्स के नोबेल प्राइज 2024 की घोषणा हो गई है। इस साल ये प्राइज एआई के गॉडफादर कहे जाने वाले जैफ्री ई. हिंटन और अमेरिकी वैज्ञानिक जॉन जे. होपफील्ड को मिला है। उन्हें मशीन लर्निंग से जुड़ी नई तकनीकों के विकास के लिए ये सम्मान मिला है जो आर्टिफिशियल न्यूरॉन्स पर आधारित है। प्राइज की घोषणा रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंस ने स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में की। दोनों विजेताओं को 8.90 करोड़ की राशि मिलेगी, जिसे दोनों में बराबर बांट दिया जाएगा। इससे पहले सोमवार यानी, 7 अक्टूबर को मेडिसिन के क्षेत्र में नोबेल प्राइज विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को मिला। उन्हें ये प्राइज माइक्रो आरएनए (राइबोन्यूक्लिक एसिड) की खोज के लिए दिया गया है। नोबेल प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन 14 अक्टूबर तक चलेगा।

फिजिक्स में 2023 का नोबेल प्राइज पियरे ऑगस्टिनी, फेरेंस क्राउसज और एनी हुलियर को मिला था। इन वैज्ञानिकों को इनके एक एक्सपेरिमेंट के लिए नोबेल मिला था, जिससे



एटम और मॉलिक्यूल्स में मौजूद इलेक्ट्रॉन्स की दुनिया को समझने में अहम मदद मिलती है।

27 नवंबर 1895 को अल्फ्रेड नोबेल ने अपनी अंतिम वसीयत और वसीयतनामा पर हस्ताक्षर किए। इससे उन्होंने अपने वसीयत का सबसे बड़ा हिस्सा पुरस्कारों की एक सीरीज, नोबेल प्राइज को दे दिया। नोबेल प्राइज फिजियोलॉजी, मेडिसिन, फिजिक्स, केमिस्ट्री, लिटरेचर, पीस और इकोनॉमिक साइंस के क्षेत्र में दिया जाता है। अल्फ्रेड के वसीयतनामा के मुताबिक, फिजिक्स नोबेल प्राइज उस व्यक्ति को दिया जाता है, जिसने फिजिक्स क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण खोज या आविष्कार किया होता है। भारत के सबसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों में से एक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन को 1930 में फिजिक्स नोबेल पुरस्कार मिला था।

## पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत 6 आईपीएस को मिली पोस्टिंग, एक का हुआ तबादला

रांचीः पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत छह आईपीएस को पोस्टिंग मिली है. वहीं एक आईपीएस का तबादला किया गया है. इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार को गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा जारी कर दी गई है. जारी आदेश में कहा गया है कि वैसे पदाधिकारी जिनके स्थान पर किसी अन्य की पोस्टिंग हो गई है और उनका कहीं पोस्टिंग नहीं हुआ है. वह पुलिस मुख्यालय में योगदान देंगे.

### जानें कौन कहां गए

-कुमार शिवाशीष को जमशेदपुर सिटी एसपी बनाया गया.
-पारस राणा एसपी अभियान चाईबासा.
-राकेश सिंह एएसपी अभियान पलामू.
-ऋतिक श्रीवास्तव एएसपी अभियान चतरा.
-एस मो. याकूब एसडीपीओ हुसैनाबाद.
-ललित मीणा एसडीपीओ चैनपुर गुमला.
-अमित आनंद एडीपीओ हजारीबाग.

## दुर्गापूजा गिफ्टः मनरेगा कर्मियों के मानदेय में 30% होगी वृद्धि, हड़ताल खत्म

रांची : राज्य सरकार ने लगभग तीन माह से अनिश्चितकाल हड़ताल पर चल रहे मनरेगा कर्मियों को दुर्गा पूजा की सौगात दी है. उनके मानदेय में 30% बढ़ोतरी करने का फैसला ले लिया गया है. ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी और मनरेगा कर्मचारी संघ के नेताओं के बीच बैठक पर इस बात की सहमति बन गई. यानी रोजगार सेवक जिन्हें अभी 12000 मानदेय मिलता है उसमें 30% की वृद्धि होगी बीपीओ को 23700 रुपए मानदेय मिलता है उसमें भी 30% की वृद्धि होगी. इसी तरह असिस्टेंट इंजीनियर कनीय अभियंता कंप्यूटर ऑपरेटर लेखपाल इत्यादि के वेतन में 30% की वृद्धि की जाएगी. प्रोजेक्ट भवन में हुई इस बैठक में मनरेगा कर्मियों को 1500 रुपए का, यात्रा भत्ता भी देने की मंजूरी गई है. वही 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा और 20 लाख तक का सामाजिक सुरक्षा देने पर सहमति बन गई है. मनरेगा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग ग्रेड पे था और नियमितीकरण है इस पर अभी सहमति नहीं हुई है लेकिन सरकार ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से जल्द मिलने के बाद हड़ताल वापस लेने की घोषणा की जाएगी. हालांकि, राज्यभर के 5000 से अधिक मनरेगा कर्मचारी आज से ही काम पर वापस भी लौटने लगे. आज की बैठक में मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय बरनवाल भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे. बता दें कि 22 जुलाई से मनरेगा कर्मी राज्य भर में हड़ताल पर थे. मनरेगा का सारा कामकाज प्रभावित हो गया था.

## म्यूचुअल ट्रांसफर कराके झारखंड आये कर्मी होंगे कनीय, 30 अधिकारियों की वरीयता सूची जारी

रांचीः सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद म्यूचुअल ट्रांसफर कराके झारखंड आये अधिकारी व कर्मियों के नये सिरे से वरीयता सूची का निर्धारण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है. कार्मिक विभाग ने झारखंड सचिवालय सेवा के एक जुलाई 2011 में किए गये वरीयता सूची में आंशिक रूप से संशोधन करते हुए औपबंधिक वरीयता सूची जारी किया है. विभाग ने इस पर 30 दिन के अंदर आपत्ति भी मांगा है.

इसके बाद नये सिरे से वरीयता सूची जारी की गयी. इस संबंध में कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो के हस्ताक्षर से आदेश जारी किया गया है. बता दें कि, म्यूचुअल ट्रांसफर कराके बिहार से झारखंड आये पदाधिकारियों को पूर्व में समान वरीयता रखी गयी थी, लेकिन कोर्ट के आदेश पर अब नये सिरे से वरीयता निर्धारित की जानी है. इसमें म्यूचुअल ट्रांसफर कराके झारखंड आने वाले कर्मी कनीय हो जायेंगे.

## पीएम आवास ग्रामीणः 12 जिलों के 299 पंचायतों में होगा सोशल ऑडिट

रांचीः राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सामाजिक अंकेक्षण कराया जायेगा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए यह सोशल ऑडिट किया जायेगा. पीएम आवास ग्रामीण योजना आखिर किस तरह से धरातल पर उतारी जा रही है. सारा कुछ इसके जरिये देखा जायेगा. कहीं, कोई अनियमितता होने पर कार्रवाई की भी अनुशंसा की जायेगी. ऑडिट के लिए बोकारो, चतरा, देवघर, धनबाद, गढ़वा, गोड्डा, गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, रांची एचं खूंटी जिला के चयनित 299 पंचायतों में पहले चरण में सोशल ऑडिट किया जाना है. इस संबंध में राज्य सोशल ऑडिट यूनिट ने एक विस्तृत कार्य योजना भी विभाग को समर्पित कर दिया है. ग्रामीण विकास विभाग ने इसी आलोक में इन सभी जिलों के डीडीसी को निर्देश दिया कि वे 12 जिलों के चयनित प्रखंड एवं पंचायतों में सोशल ऑडिट की प्रक्रिया संचालित करने के लिए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दें तथा ऑडिट दल को ऑडिट के लिए सभी आवश्यक दस्तवेज भी उपलब्ध करायें.

## जमीन कारोबारी कमलेश सिंह की जमानत पर सुनवाई 29 अक्टूबर को



रांचीः कांके जमीन फर्जीवाड़ा मामले में आरोपी जमीन कारोबारी कमलेश सिंह की जमानत पर अब 29 अक्टूबर को सुनवाई होगी. मामले में आज कमलेश सिंह के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई थी. बता दें कि ईडी की टीम ने कमलेश सिंह सहित 6 आरोपियों के खिलाफ बीते 24 सितंबर को आरोप पत्र दायर कर दिया है. जिसमें उसके खिलाफ सरकारी और रैयती जमीन पर अवैध ढंग से कब्जा का आरोप लगा है. 26 जुलाई को ईडी की टीम ने पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार किया था.

दरअसल, जमीन कारोबारी कमलेश सिंह पर 300 एकड़ जमीन पर कब्जा करने का आरोप है. 21 जून को कमलेश के ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी. छापेमारी में उसके आवास से 1 करोड़ रुपए कैश के साथ 100 कारतूस बरामद किया गया था. कांके थाने में दर्ज दो केस और गोंदा थाना में दर्ज दो केस यानी कुल 4 केस को टेकओवर कर ईडी ने कमलेश कुमार, अमरेंद्र कुमार पांडे और नूरुल अंसारी के खिलाफ ईसीआईआर केस दर्ज की है.

## निलंबित आईएएस पूजा सिंघल एवं सीए सुमन कुमार ने जब्त दस्तावेज का किया अवलोकन



रांचीः मनी लांड्रिंग मामले की आरोपी पूर्व निलंबित आईएएस पूजा सिंघल एवं सीए सुमन कुमार ने मंगलवार को ईडी द्वारा जब्त दस्तावेज का कोर्ट रूम में बैठकर अवलोकन किया एवं उसमें से कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं को नोट किया. पीएमएलए कोर्ट के आदेश के आलोक में ईडी ने जब्त किए गए दो बैग दस्तावेज कोर्ट में जमा किया है, जिसका अध्ययन पूजा सिंघल एवं सुमन कुमार द्वारा किया जा रहा है. पूजा सिंघल को उन दस्तावेज को देखने के लिए जेल से कोर्ट लाया गया. मनी लांड्रिंग के आरोप में पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में बंद है. दरअसल, पूजा सिंघल ने वैसे जब्त दस्तावेज को दिखलाने का आग्रह अदालत से किया था जो ईडी के चार्जशीट एवं उपलब्ध कराए गए पुलिस पेपर में नहीं दर्शाए गए हैं. कोर्ट से इन दस्तावेज को अवलोकन करने की अनुमति मिलने के बाद पूजा सिंघल जेल से इन दस्तावेज को देखने कोर्ट रूम पहुंची और कई घंटे इन दस्तावेजों का अवलोकन किया. वहीं इसी मामले से जुड़े एक अन्य आरोपी अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार ने भी साथ में दस्तावेज का अध्ययन किया और उसमें से कई बिंदुओं को नोट किया. बता दे कि ईडी ने 6 मई 2022 को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी व निजी आवास उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी. सीए सुमन सिंह के आवास से ईडी को 19.31 करोड़ रुपए नगद बरामद हुए थे. इस छापेमारी में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी ईडी ने जब्त किए थे.

# दुनिया बदल रही है, इनोवेशन पर जोर देने की जरूरत : हरिवंश




रांची : सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन ने सोमवार को एसबीवू के सभागार में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया. भावी दुनिया में भारत, विशेष संदर्भ : मीडिया की भूमिका विषय पर यह कार्यक्रम था. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने इस विषय पर अपने विचार रखे. उन्होंने कहा कि जिस तरह आज तकनीक की दुनिया निरंतर बदल रही है, ऐसे में इनोवेशन आज के दौर की महती आवश्यकता है. इसलिए इसे अवसर में तब्दील करने और प्रोत्साहित करने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि भारत अब अपनी प्रतिभा, लगन और मेहनत के बल पर पूरी दुनिया में पहचान बनाने में सक्षम साबित हुआ है. वो दिन गये, जब भारत को संपेरों का देश कहा जाता था. यहां तक कि पश्चिम के नामी- गिरामी अखबारों में भी भारत की अति महत्त्वपूर्ण खबरें मात्र दो या तीन लाइनों में सिमटा दी जाती थीं. लेकिन आज के दौर में विकसित देशों में भारत की अलग पहचान बनी है. लोग यहां की खबरों को प्रमुखता से देखना और सुनना पसंद करते हैं. स्टार्टअप्स में हमारे देश के बच्चे लगातार आगे बढ़ रहे हैं.

### तकनीक और इनोवेशन आर्थिक प्रगति का आधार

हरिवंश ने ताईवान जैसे छोटे देश का उदाहरण देते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया में 61 प्रतिशत चिप यहीं से निर्यात होते हैं. यह इनोवेशन, अपने काम के प्रति ईमानदारी और तकनीक का ही चमत्कार है, जिससे ताईवान इस प्रशंसनीय स्तर तक पहुंच पाने में कामयाब हो पाया. हम भी समय का मूल्य समझें, नये विचारों के साथ तालमेल बैठाएं तभी तकनीक के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की स्थिति में होंगे. हरिवंश ने भारतीय पत्रकारों को भी अपनी भूमिका पर विचार करने की सलाह दी.

बीते कई वर्षों में भारत ने दुनिया में अपनी धाक जमायी

राज्यसभा के उपसभापति ने कहा कि आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है. जहां विभिन्न बीमारियों की वैक्सीन को विकासशील और अल्प विकसित देशों में आने में दशकों का समय लगता था, वहीं भारत ने कोरोना वैक्सीन को बहुत कम समय में ही बाजार में उपलब्ध करवा कर पूरी दुनिया में अपनी धाक जमायी. आज डिजीटल इकोनॉमी के क्षेत्र में भारत की सराहना पूरे विश्व में हो रही है. विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने कहा कि आज पूरे विश्व की निगाह भारत पर है. भारत आज प्रगति के सोपान पर निरंतर अग्रसर है. हमें सनातन वे ऑफ लाइफ पर फोकस करना चाहिए. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से सभी को बड़े स्तर पर सीखने की कोशिश करनी चाहिए. प्रो. गोपाल पाठक ने एसबीयू के विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ हुए करारों का भी उन्होंने विस्तार से जिक्र किया.

### एआई के साथ बदलती दुनिया पर शब्दों का करें सावधानीपूर्वक इस्तेमाल

विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति एस. बी. डांडीन ने विद्यार्थियों के कम्युनिकेशन पर जोड़ दिया. उन्होंने एआई के साथ बदलती दुनिया पर शब्दों का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक करने की बात कही. डीन डॉ. नीलिमा पाठक ने खबरों की प्रासंगिकता के साथ जन सरोकार की राजनीति से जुड़े हरिवंश जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला. जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन के डीन अजय कुमार ने हरिवंश जी के साथ अपने पुराने अनुभवों को साझा करते हुए उनके जीवन वृत्तांत और पत्रकारिता से लेकर राजनीति तक के उनके सफर पर चर्चा की. कार्यक्रम में कुलसचिव वीके सिंह, डॉ. नंदिनी, संदीप कुमार, अरविंदा भंडारी सहित कई अन्य उपस्थित थे.

# सरयू राय ने मंत्री बन्ना गुप्ता प्रकरण से जुड़े फर्जी लेटर, वीडियो की सत्यता की जांच के लिए की न्यायिक जांच की मांग



रांची :जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा उनके खिलाफ सोमवार को लगाए गए गंभीर आरोपों पर जवाब देते उन्हें निशाने पर लिया. मंगलवार को अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मंत्री बन्ना गुप्ता के संबंध में एक एफआईआर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. मंत्री इसे फर्जी बता रहे हैं. इस मामले में राँची के एसपी (नगर) ने कहा है कि इसका स्रोत जानने के लिए जाँच की जा रही है. दूसरी ओर, बन्ना के एक प्यादे ने जमशेदपुर में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है. सोमवार की शाम प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस सक्रिय हो गई है. मंगलवार सुबह से ही तीन संबंधित लोगों के दरवाजे पहुंच गई. जिन तीन लोगों पर जमशेदपुर के कदमा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुआ है, स्वास्थ्य मंत्री उन्हें मेरा नजदीकी बता कर मुझे भी इसमें लपेटना चाह रहे हैं. सरयू राय ने कहा कि इस मामले में न्यायिक जाँच कराई जाय. ऐसा इसलिए कि इस मामले में पुलिस भी एक पक्षकार बन गई है. सरयू ने कहा कि इसके पहले अप्रैल, 2023 में एक महिला के साथ अश्लील वार्ता करते हुए बन्ना गुप्ता का विडियो जारी हुआ था. इस पर उन्होंने खुद ही एफआईआर किया था, परंतु आज तक उसका कोई फलाफल नहीं निकला. इसी तरह यह एफआईआर फर्जी है या असली है, इसकी पुलिस जाँच का भी कोई फलाफल नहीं निकलेगा और मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा. इसलिए इस मामले की न्यायिक जाँच होनी चाहिए.

सरयू ने कहा कि बन्ना गुप्ता खुद को बैकवर्ड कहकर सहानुभूति हासिल करना चाहते हैं. पिछले एक माह में इन्होंने जमशेदपुर में क़रीब 100 गरीब फुटपाथ दुकानदारों का आशियाना तोडवाया है, इनमें से प्रायः सभी पिछड़ा वर्ग से हैं. इसी तरह इन्होंने कोविड महामारी के दौरान आदित्यपुर, जमशेदपुर के एक प्रमुख अस्पताल को बन्द करा दिया. इसके मुख्य चिकित्सक डॉ. ओ.पी. आनन्द को जेल में डाल दिया. सरयू के अनुसार डॉ. आनन्द के पक्ष में यह मामला उन्होंने ही उठाया था. डॉ. ओ.पी. आनन्द भी बैकवर्ड हैं, यादव जाति से हैं. मामला हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट तक गया और फैसला डॉ. ओ.पी. आनन्द के पक्ष में आया. सरकार की किरकरी हुई। क्या बन्ना गुप्ता पिछड़े वर्ग के चिकित्सक का अस्पताल जबरन बंद कराने से हुए नुकसान की भरपाई करेंगे ? उसी समय बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर के कांतिलाल मेडिका अस्पताल को बंद करा दिया. चिकित्सक सहित करीब 350 अस्पताल कर्मी इससे प्रभावित हुए. इसमें से अधिकांश कर्मी बैकवर्ड वर्ग के हैं. कोविड के समय इन्होंने जमशेदपुर में अंकुर पैथोलॉजी को बंद करा दिया और डॉ. राजेश मोहंती को जेल भिजवा दिया. इसी तरह से जमशेदपुर के मेडिट्रिना अस्पताल को 29 दिनों तक निलम्बित रखा, उमा अस्पताल, डिस्कवरी डॉयग्नोस्टिक सहित कई चिकित्सकीय संस्थानों पर दबाव डाला और उन्हें धमकाया.

### सरकारी अस्पताल पर मंत्री हावी

सरयू के अनुसार,बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल का प्रबंधन अपनी मुट्ठी में कर रखा है। अपने एक नुमाइन्दे को अस्पताल के अधीक्षक के कमरे के सामने ही एक बड़ा कमरा देकर उसे वहाँ बैठा दिया है। जब भी एमजीएम का कोई कुप्रबंधन सामने लाता है तो बन्ना गुप्ता को दर्द होने लगता है। विधानसभा चुनाव में चुनाव लडने के लिए सीट के सवाल पर सरयू ने कहा कि एनडीए गठबंधन अगर कहे कि वो जमशेदपुर पश्चिम से लडें तो वो उसके लिए भी तैयार हैं. जमशेदपुर पूर्वी को लेकर उनकी कोई खास डिमांड नहीं है. इसके साथ ही सरयू ने झारखंड बिजली बोर्ड के करोड़ों रुपए की हेरा फेरी के मामले में सीबीआई जांच की भी मांग की. कहा कि उनकी जानकारी में बैंकों के साथ मिलकर 500 करोड की गडबड़ी की जा चुकी है. ऐसे में केंद्र सरकार को भी इस केस को देखना चाहिए.

## ग्वालियर में आयोजित 30वीं जूनियर नेशलन थांग-ता चैंपियनशिप प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने जीते तीन पदक




रांचीः ग्वालियर में अयोजित 30वीं जूनियर नेशनल थांग-ता चैंपियनशिप में झारखण्ड के तीन खिलाडियों को मिला पदक मिला. झारखण्ड थांग-ता संघ के प्रमुख रंजीत केसरी ने बताया कि थांग-ता फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस चैंपियनशिप में झारखण्ड का प्रतिनिधित्व करने के लिए झारखण्ड थांग-ता संघ द्वारा 14 सदस्यीय दल भेजा गया था. जिसमें 60 किलो भार वर्ग की फुनाबाअमा स्पर्धा में संचिता मुख़र्जी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए तमिलनाडु, तेलंगाना व दिल्ली के खिलाडियों को पछाड़ते हुए फाइनल में जगह बनायी.

परन्तु अपने फाइनल स्पर्धा में असम की खिलाडी से कुछ अंकों से पिछड़ गई और उसे रजत पदक से संतोष करना पड़ा. इसके अलावा 44 किलो भार वर्ग की फुनाबा अनिषुबा स्पर्धा में श्रेया प्रसाद रजक को कांस्य पदक प्राप्त हुआ. जबकि थांग-हाइबा में प्रगति प्रिया ने दो तलवार के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए थांग-ता की एकल स्पर्धा का कांस्य पदक अपने नाम किया. ये तीनों ही महिला खिलाडी धनबाद की रहने वाली हैं. झारखण्ड थांग-ता संघ के अध्यक्ष के अलावा सचिव मनोज शर्मा ने सफल खिलाडियों के साथ-साथ झारखण्ड थांग-ता टीम के कोच कृष्णा कुमार साव, ममता कुमारी पांडेय तथा सोनामोती कुमारी को बधाई दी है.

## जेल से लौटकर कमान संभाले 90 दिन हो गए पूरे, कई उपलब्धियां की हासिलः सीएम

रांचीः सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि जेल से लौटकर कमान संभाले हुए मुझे 90 दिन पूरे हो गए हैं. इन 90 दिनों में हमने राज्यवासियों के सहयोग के साथ कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं. सीएम ने सोशल मीडिया में 90 दिनों के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों का जिक्र भी किया है. कहा है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से 50 लाख से अधिक बहनों को जोड़ा गया.दो किश्तें उनके खातों में पहुंचा दी गई, तीसरी किश्त आज जारी की जाएगी.

### लाखों किसानों के 2 लाख रुपये तक के कर्ज माफ हुए

राज्य के लाखों किसानों के 2 लाख रुपये तक के कर्ज माफ हुए. दूध की खरीद में अब किसानों को 5 रुपए प्रति लीटर बोनस मिल रहा है.

### प्रतिमाह 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त

प्रति माह 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, लगभग 40 लाख परिवारों को अब हर माह शून्य बिजली बिल देना होगा. राज्य के 40 लाख परिवारों का बकाया बिजली बिल माफ हुआ.

### बुनियादी ढांचा का हुआ विकास

राज्य का पहला अत्याधुनिक ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित किया गया. रिकॉर्ड समय में कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूरा हुआ. कई अन्य सड़कों का उद्घाटन किया गया. जमशेदपुर में फ्लाईओवर का शिलान्यास एमजीएम में 750 से अधिक बेड और ओपीडी सेवा की शुरुआत की गई. 300 बेड मल्टीस्पेशलिटी अपोलो अस्पताल का शिलान्यास किया गया.

### समय पर नियुक्ति परीक्षा का आयोजन

समय पर नियुक्ति परीक्षा का आयोजन किया गया. छात्रों एवं परीक्षार्थियों के हितों के साथ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया गया.

### अधिवक्ता एवं अन्य वर्गों का रखा गया ख्याल

अधिवक्ताओं के लिए पेंशन, प्रोत्साहन राशि, स्वास्थ्य बीमा और अन्य सहायता प्रदान की गई. अन्य वर्गों को भी स्वास्थ्य बीमा से जोड़ा गया. पोषण सखी एवं अन्य अनुबंध वर्गों को हक-अधिकार दिया.

### जन-सेवा का काम भी रफ्तार पकड़ा

जन सेवा का काम भी रफ्तार पकड़ा. सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत हर पंचायत में लाखों आवेदन के लिए शिविर लगाया, इन आवेदनों का त्वरित निपटारा किया जा रहा है. यह हमारी सरकार की प्रतिबद्धता और कार्यकुशलता को दर्शाती है. हम आगे भी जनहित में ऐसे ही कार्य करते रहेंगे.

# राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय के छात्रों ने जीता मेमोरियल मूट कोर्ट



रांचीः राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय, रांची (एनयूएसआरएल) की टीम ने हैदराबाद में आयोजित 17वें एनयूएसआरएल-जस्टीस बीआर मेमोरियल मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2024 में जीत हासिल की है. इस टीम मेंविशाल सिंह, शगुफ्ता अंसारी, और रोहित कुमार थे. प्रतियोगिता हैदराबाद अआयोजित की गई थी. प्रतियोगिता संविधानिक कानून पर केंद्रित थी. इसमें देश भर के विधि छात्रों ने इस हिस्सा लिया था. इस आयोजन को ज्ञान और वकालत कौशल का कठोर मूल्यांकन करने के लिए जाना जाता है. शगुफ्ता अंसारी को प्रतिष्ठित नानी पालखीवाला अवार्ड से सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में सम्मानित किया गया. उनकी स्पष्टता और वकालत कौशल ने उनकी टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. एनयूएसआरएल-जस्टीस बीआर मेमोरियल मूट कोर्ट प्रतियोगिता विधि पेशेवरों के लिए एक कठोर और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है, एनयूएसआरएल टीम की सफलता इस संस्थान की विधि शिक्षा और प्रशिक्षण में उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता को उजागर करती है. इस उपलब्धि में मार्गदर्शन के लिए उपकुलपति प्रोफेसर (डॉ.) अशोक आर. पाटिल और मूट कोर्ट कन्वेनर, श्रीमती सोनी भोला का विशेष योगदान रहा है.

## कमिश्नर-डीआईजी और डीएसपी ने दुर्गा पूजा पंडालों में सुरक्षा का लिया जायजा



रांची : रांची रेंज के कमिश्नर व डीआईजी अनूप बिरथरे और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने मंगलवार को रांची में कई दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया. दोनों अधिकारियों ने पूजा पंडाल में विधि व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, यातायात और पंडालों में सुरक्षा मानकों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया. साथ ही पूजा समिति के सदस्यों को कई दिशा-निर्देश भी दिये. कमिश्नर और डीआईजी ने विसर्जन से पहले बिजली के तारों को हटाने और विसर्जन जुलूस तय रूट पर निकालने का निर्देश दिया है. साथ ही पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने, बिजली और फायर एनओसी लेने, महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था करने और पर्याप्त संख्या में वालंटियर तैनात रखने के निर्देश दिये गये हैं. इस दौरान कोतवाली कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे.

# 18-19 अक्टूबर को आयोजित आर्ट 81 कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्च




रांची : आगामी 18-19 अक्टूबर को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आर्ट 81 कार्यक्रम का आयोजन होने वाला है. इस कार्यक्रम का पोस्टर आज मंगलवार को निर्वाचन सदन में लॉन्च किया गया. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार और उपनिदेशक जनसंपर्क आनंद ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्च किया. मौके पर के रवि कुमार ने कहा कि झारखंड के युवा व शहरी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आर्ट 81 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम में मतदाताओं को झारखंड की कलाकृति, संस्कृति और चित्रकारी के जरिये मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन और सजग करने का कार्य किया जायेगा.

### 81 विस क्षेत्रों की कलाकृतियों को कैनवास पर उकेरेंगे कलाकार

आर्ट 81 कार्यक्रम में 81 विधानसभा क्षेत्रों की कलाकृतियों को देश और राज्य के नामचीन कलाकार कैनवास पर उकेरेंगे. इस दौरान फूड स्टॉल और कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों व दर्शकों के लिए कार्यक्रम आयोजित की जायेगी. साथ ही कार्यक्रम में 81 फीट का कैनवास भी रहेगा, जिसमे दर्शक स्लोगन या कलाकृति बना सकेंगे. सभी कलाकृति को शहरी क्षेत्रों में एग्जीबिशन के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जायेगा. बता दें कि आर्ट 81 स्वीप के तहत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय कला महोत्सव है.

### दो दिवसीय कला महोत्सव में इन कार्यक्रमों का आयोजन

– राष्ट्र एवं राज्य स्तर के कलाकार कार्यक्रम स्थल पर करेंगे चित्रकारी.
– नये वोटरों को आकर्षित करने के लिए मनोरंजक कार्यक्रमों (नुक्कड़ नाटक, रंगोली, भाषण आदि) का आयोजन.
– झारखंड की कलाकृति एवं संस्कृति की मिलेगी झलक
– मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न स्टॉल की होगी व्यवस्था.
– आरजे और डीजे करेंगे कार्यक्रम का संचालन.
– स्थानीय फूड स्टॉल में मिलेंगे लजीज व्यंजन.

## बड़ी घटना की साजिश कर रहे 3 बदमाश गिरफ्तारः मधेपुरा में रेलवे रैक प्वाइंट से हुई गिरफ्तारी, चेन स्नेचिंग गिरोह के हैं सदस्य

मधेपुरा. मधेपुरा में पुलिस ने अपराध की साजिश रच रहे चेन स्नेचिंग गिरोह के तीन बदमाशों को अवैध हथियार और चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। इसमें मधेपुरा, सुपौल और सहरसा के एक-एक बदमाश शामिल हैं। इसकी जानकारी मंगलवार को एएसपी प्रवेंद्र भारती ने सदर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने आगामी दुर्गा पूजा को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता, आसूचना संकलन और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने, संलिप्त अपराधी की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया है। इसी क्रम में सोमवार को सदर थानाध्यक्ष विमलेन्दु कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मधेपुरा रेलवे रैक प्वाइंट पर 5-6 अपराधी इकट्ठा होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। प्राप्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देशन में एक टीम का गठन किया। गठित टीम में सदर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विमलेन्दु कुमार, पीएसआई संतोष कुमार सिंह, सिपाही सोमू कुमार, सिपुल कुमार, संतोष कुमार यादव, रवि रंजन कुमार, नीरज कुमार को शामिल किया गया। गठित टीम ने गति से घटनास्थल पर पहुंचकर घेराबंदी कर सुपौल के छातापुर निवासी सहदेव शर्मा के बेटे अरुण शर्मा, सहरसा के हटियागाछी निवासी संतोष स्वर्णकार के बेटे उमेश कुमार एवं मधेपुरा के मस्जिद चौक निवासी मो.अनवर के बेटे मो. कमरान को गिरफ्तार किया। जबकि तीन अन्य बदमाश भागने में सफल हो गया। पकड़ाये अपराधियों के पास से पुलिस ने दो कट्टा, दो गोली एवं एक तेज धारदार चाकू बरामद किया है। एएसपी ने बताया कि पकड़ाए तीनों बदमाशों से पूछताछ करने पर इन लोगों ने हथियार दिखाकर लूटपाट करने एवं शहर में बीते माह कई चेन छिनतई की घटना करने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तार अभियुक्त पूर्व में भी आपराधिक घटना को अंजाम दिया जा चुका है। तीनों के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।

## जमुई में व्यवसायी से रंगदारी मांगने वाले 2 अपराधी गिरफ्तारःमोबाइल लोकेशन ट्रैक कर बदमाशों को पकड़ा, फरार अपराधियों को लेकर छापेमारी



जमुई. जमुई में चकाई थाना पुलिस ने व्यवसायी से एक लाख रुपए की रंगदारी मांगने के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उस मोबाइल फोन को भी जब्त किया है जिससे रंगदारी की मांग की गई थी। इसकी जानकारी झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दी। एसडीपीओ ने बताया कि 23 और 24 सितंबर को चंद्रमंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत माधोपुर निवासी प्रदीप पासवान अपने आपराधिक गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर नावाडीह गांव निवासी व्यवसायी सचिन कुमार दास को फोन कर एक लाख रुपए की रंगदारी की मांग की थी। रुपए नहीं देने पर हत्या करने की धमकी भी दी गई थी।

### मोबाइल लोकेशन ट्रैक कर गिरफ्तारी

राजेश कुमार ने पूरी जानकारी देते हुए बताया कि धमकी मिलने के बाद व्यवसायी डरा हुआ था। घटना को लेकर चकाई थाना में आवेदन देते हुए अज्ञात अपराधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जानकारी के बाद झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई थी। जिसमें चकाई थानाध्यक्ष राकेश कुमार अपर थानाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह , पुअनि अखिलेश कुमार ,जयप्रकाश कुमार सिंह तथा डीआईयु की टीम के द्वारा संयुक्त रूप से अपराधी के मोबाइल लोकेशन को ट्रैक कर पुलिस ने तकनीकी शाखा की मदद से घटना में शामिल अपराधी पंकज कुमार को चंद्रमंडी थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया। जबकि पुलिस ने घटना में शामिल एक बालक को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधी पंकज कुमार से पूछताछ की तो उसने व्यवसायी से अपहरण करने के मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। साथ ही घटना में शामिल अन्य अपराधियों की भी पहचान बताया है। जिसके आधार पर पुलिस फरार चल रहे अन्य अपराधियों को भी जल्द गिरफ्तार करने की बात कर रही है। फरार चल रहे बाकी अपराधी को जल्दी गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा।

## दशहरा पर्व को लेकर शहर से हटा अतिक्रमणः रक्सौल में पार्किंग स्थल चिह्नित, समस्या को लेकर अलर्ट मोड पर प्रशासन

मोतिहारी. रक्सौल में अतिक्रमण के कारण लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन लगातार अभियान चला रही है। इस कड़ी में अनुमंडल पदाधिकारी शिवाक्षी दीक्षित के नेतृत्व में प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में मेन रोड से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से बाटा चौक से लेकर कस्टम के इलाके में जहां अधिक भीड़ होती हैं। ऐसे में अतिक्रमण के कारण समस्या अधिक न हो इसको लेकर प्रशासन इस बार काफी सजग है। दो दिन पहले भी अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में शहर के अंदर बाजार के इलाके में अतिक्रमण हटाते हुए सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गयी थी। एसडीएम ने बताया कि हजारीमल हाई स्कूल के पास व पोस्टस ऑफिस के पास पार्किंग के लिए स्थल को चयनित किया गया है। वहां का जगह खाली कराकर उसको आम लोगों के लिए पार्किंग स्थल बनाया जा रहा है।

एसडीओ सुश्री दीक्षित ने कहा कि पर्व के दौरान बाजार में खरीदारों की भीड़ अधिक होती है। ऐसे में लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। इसके लिए अतिक्रमण को हटाने का काम किया जा रहा है। इससे जाम की समस्या में बहुत हद तक कम जायेगी। मौके पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. मनीष कुमार के साथ-साथ अन्य मौजूद थे।

## पटाखा दुकान से 70 लाख के पटाखे सीलःकटिहार के बड़ा बाजार इलाके में हड़कंप, बिना लाइसेंस चल रही थी दुकान और गोदाम



कटिहार. कटिहार नगर थाना क्षेत्र के बड़ा बाजार में अवैध तरीके से चल रहे पटाखा दुकान और गोदाम को अनुमंडल पदाधिकारी आलोक चन्द्र चौधरी ने पुलिस बल के साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान बड़ा बाजार में हड़कंप मचा रहा। अनुमंडल पदाधिकारी आलोक चंद्र चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बड़ा बाजार में परवेज स्टोर में बिना लाइसेंस के अवैध तरीके से पटाखा दुकान और गोदाम रखी गई है। इसी सूचना पर छापेमारी की गई है। एसडीओ ने बताया कि लगभग 70 लाख का पटाखा रखा गया है, जिसको सील कर दी गईं है। बड़ा बाजार एक रिहायशी इलाका है, जहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसमे चूक है इसलिए सील की गई है।

# शिल्पा शेट्टी के खिलाफ परिवाद दायरःमुजफ्फरपुर सीजेएम के कोर्ट में 4 के खिलाफ मामला दर्ज, वकील बोले-सड़क जाम के कारण लोग हुए परेशान

मुजफ्फरपुर. बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के खिलाफ मंगलवार को मुजफ्फरपुर सीजेएम के कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है। इसके साथ ही मुजफ्फरपुर के डीएम सुब्रत सेन, कल्याण ज्वेलर्स के टीएम कल्याण रमण, कार्यकारी निदेशक रमेश कल्याण के खिलाफ भी परिवाद दायर किया गया है। दरअसल, रविवार की शाम कल्याण जवेलर्स की ओपनिंग में शिल्पा शेट्टी आई थी। इस दौरान पूरा कलमबाग इलाका जाम हो गया था। निजी कार्यक्रम के चक्कर में घंटों रोड जाम और आम लोगों को हुई असुविधा को लेकर चर्चित अधिवक्ता सुधीर कुमार



ओझा ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के कोर्ट में केस दर्ज कराया है। इस मामले में 11 नवंबर को सुनवाई है।

परिवादी वकील सुधीर कुमार ओझा ने बताया कि रविवार शहर के कलम बाग चौक पर कल्याण ज्वेलर्स की एक शॉप का उद्घाटन समारोह था। इसके लिए आयोजक ने बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी को आमंत्रित किया था। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ भिड़ लग गई थी। इसके कारण आम आदमी को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा था।

### जिला प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया

वकील सुधीर कुमार ओझा ने जिला प्रशासन को भी जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने अनुमति क्यों दी। इस दौरान ट्रैफिक का सिग्नल भी बंद रहा। इस वजह से लापरवाही भी सामने आई है। इसके कारण शहर के अति व्यस्त सड़क को 2 घंटे तक जाम कर दिया गया था। इस सब से आहत होकर शिल्पा शेट्टी, कल्याण ज्वेलर्स के ओनर, मुजफ्फरपुर के डीएम और यहां के ज्वेलरी शॉप के ऑनर के खिलाफ में मामला दर्ज कराया है। इसमें भारतीय नई कानून BNS की धारा 223, 189(6), 189(7), 190, 191(1), 61(1), 198, 199(बी, सी), 272 और 280 के तहत दर्ज कराया है।

बता दें कि शिल्पा शेट्टी के आने से पहले उनकी सुरक्षा के लिए काजीमोहमदपुर थानों की पुलिस के साथ ही कई ट्रैफिक पुलिस के जवान और साथ में क्यूआरटी फोर्स की भी तैनाती की गई थी। साथ ही शिल्पा शेट्टी के निजी बाउंसर भी उनकी सुरक्षा में तैनात थे। कई घंटों तक लोगों को जाम का सामना भी करना पड़ा, लेकिन शिल्पा शेट्टी को देखने के लिए लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही थी। स्टेज से शिल्पा ने अपने फैंस का हाल चाल पूछा और फिर मुजफ्फरपुर का प्यार हमेशा याद रहेगा यह कहते हुए चली गई थी।

## वंशावली पर अब पंचायत प्रतिनिधि का साइन जरूरी नहींःलैंड सर्वे के नियम में बदलाव,अब आपकी गैर मौजूदगी में भी होगी जमीन की मापी

पटना. बिहार में 185 साल बाद 20 अगस्त से जमीन सर्वे की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। राज्य के 45 हजार से अधिक गांवों में सर्वे होगा। गांव से बाहर रहने वाले लोग अपनी जमीन का सर्वे कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन दे सकते हैं। इस बीच सरकार ने लैंड सर्वे को लेकर बदलाव किया है। पुस्तैनी जमीन का अलग-अलग नाम से सर्वे कराने के लिए वंशावली देना जरूरी है। इसको बनाने के लिए मजिस्ट्रेट और नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ या ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से हस्ताक्षर कराना पड़ता है। इसके बगैर सर्वे कर्मियों की ओर से आवेदन नहीं लिया जा रहा है। इसके लिए लोग प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को खोजने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। इसकी शिकायत लगातार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में पहुंच रही है। इसके बाद सरकार ने नियम में बदलाव कर दिया है। स्व-घोषणा पत्र के अनुसार जमीन की नापी होगी। अब जमीन



मालिक की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है। अगर आप खुद या आपका कोई प्रतिनिधि मौजूद रहता है तो सर्वे कर्मियों को पहचान में सुविधा होगी। सर्वे के लिए आवेदन देने के समय जमीन की अपडेट राजस्व रसीद देना जरूरी नहीं है। आपके पास जो रसीद होगी, वही जमा होगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अब वंशावली बनाने के लिए मजिस्ट्रेट, नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ या ग्राम पंचायत प्रतिनिधि का हस्ताक्षर जरूरी नहीं है। प्रपत्र - 3(1) में खतियानी रैयत के वंशज स्वयं तैयार कर अंचल के शिविर में जमा करेंगे। आपत्ति आने पर सर्वे कर्मियों की ओर से जांच कर प्रमाणित किया जाएगा। यदि रैयत खुद जिंदा है तो वंशावली जमा करने की जरूरत नहीं है।

### महज इन दस्तावेज को देना अनिवार्य

पपत्र-2 में रैयत या उनके वंशज को स्व-घोषणा पत्र जमा करनी है। वंशावली को खुद से घोषित करना है। आपके पास जो रसीद उपलब्ध है उसकी फोटो कॉपी जमा करनी है। यदि जमीन खरीदी गई है, बदलैन है, दान की भूमि है। इसके संबंध में दस्तावेज उपलब्ध कराना है। यदि सक्षम कोर्ट का आदेश हो तो आदेश की फोटो कॉपी लगानी है। इसी तरह बंदोबस्त भूमि, भू-दान प्रमाण पत्र, वासगीत पर्चा की फोटो कॉपी देनी है।

### जागरूक करने के लिए घर-घर घूम रहे अमीन

पटना जिला में लोगों को जागरूक करने के लिए घर-घर अमीन घूम रहे हैं। जिला बंदोबस्त पदाधिकारी राजीव रंजन प्रभाकर ने कहा कि अबतक एक लाख से अधिक लोगों ने स्व-घोषण पत्र जमा किया है। लगातार बैठक कर लोगों से स्व-घोषण पत्र जमा करने की अपील की जा रही है। पटना जिले में कुल राजस्व ग्राम की संख्या 1 हजार 511 है। नगर निकाय के 170 राजस्व ग्राम और टोपो लैंड के 41 राजस्व ग्राम में सर्वे का कार्य नहीं हो रहा है।

## अग्नि पीड़ित 7 परिवार को मिले 2-2 हजार रुपएःसुपौल में आग से 7 घर जल कर खाक



सुपौल. सुपौल के भपटियाही थाना इलाके के झिलाडुमरी पंचायत के वार्ड नंबर-12 में अग्नि पीड़ित परिवारों को मंगलवार की दोपहर आर्थिक सहायता दी गई। बताया जा रहा है कि देर रात भीषण अगलगी की घटना में झिलाडुमरी पंचायत के वार्ड नंबर-12 निवासी मो. अताबुल, मो. जवार, मो. सहवान, मो. मोफरमान, मो. तुफान, मो. समसाद और मो. सुभान के सात घर जलकर राख हो गए। आग की लपटें इतनी भयानक थी कि जब-तक लोग इस पर काबू पाते, घरों में रखे अनाज, कपड़े, फर्नीचर, व अन्य जरूरी दस्तावेज, नकदी, 3 बकरियां सहित सारा सामान जल गए। घटना की सूचना पर जिला परिषद सदस्य गौतम कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि निजी स्तर से अग्नि पीड़ित परिवारों को 2-2 हजार रुपए आर्थिक सहायता राशि दी गई है। सरकारी स्तर से मिलने वाली सुविधाओं का फायदा भी पीड़ित परिवारों को दिलाया जाएगा। इसके लिए सरायगढ़-भपटियाही अंचल के अंचलाधिकारी को भी संबंधित सूचना दी गई है।

### अग्नि पीड़ित परिवार में मचा कोहराम

इधर, घटना के बाद से अग्नि पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बच्चे-बुजुर्ग भी आंख के सामने घर समेत संपत्ति जलने को लेकर काफी मर्माहत दिखे। सरायगढ़-भपटियाही के सीओ ने बताया कि घटनास्थल से राजस्व कर्मचारी के जांच रिपोर्ट के अनुसार अग्नि पीड़ित परिवारों को सरकारी स्तर से राहत सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी।

## दुर्गा मंदिर से लौट रही नाबालिग से गैंगरेपः समस्तीपुर में शाम को आरती कर लौट रही थी, सुनसान जगह पर 6 लड़कों ने की दरिंदगी

समस्तीपुर. समस्तीपुर में 15 साल की नाबालिग से 6 युवकों ने गैंगरेप किया। पीड़िता सोमवार को घर से एक किमी दूर दुर्गा मंदिर में शाम की आरती में शामिल होने गई थी। वहां से वो घर लौट रही थी, इसी दौरान बीच रास्ते में 6 युवकों ने उसे घेर लिया और सुनसान जगह पर ले गए।

काफी देर तक पीड़िता घर नहीं लौटी तो परिजन खोजबीन करने लगे। इसी दौरान मंदिर और घर के बीच सुनसान जगह पर लड़की बेहोशी की हालत में मिली। परिजन उसे घर ले आए। जिसके बाद पीड़िता ने पूरी घटना की जानकारी दी। मामले की जानकारी उजियारपुर पुलिस को दी गई। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। मामला उजियारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जिन युवकों ने किशोरी के साथ गलत काम किया है। उसे वो पहचान नहीं पा रही है। दलसिंहसराय के डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने कहा कि 'लड़की दुर्गा मंदिर से घर लौट रही थी। इसी दौरान लड़कों ने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। क्योंकि किशोरी किसी को पहचानती नहीं है। किशोरी का मेडिकल कराने की तैयारी की जा रही है।'

## सियार ने 2 बहनों समेत 6 को बनाया निशानाःलोगों ने पीट-पीटकर मार डाला

मुंगेर. मुंगेर के असरगंज प्रखंड में सियार का आतंक छाया हुआ है। दो दिनों के भीतर सियार ने आधा दर्जन लोगों पर हमला कर दिया, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। सोमवार शाम से मंगलवार सुबह तक सियार के हमले में पनसाई गांव के हरवंश कुमार सहित अन्य लोग घायल हुए है। हरवंश पर हमला तब हुआ, जब वह अपने दादा के साथ शौच के लिए गया था। उसे बचाने आए एक व्यक्ति पर भी सियार ने हमला कर दिया। मंगलवार की सुबह सियार ने ममता कुमारी (15) और सुक्रिता देवी (42) पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। वहीं, सोमवार की दोपहर खेत में घास काटने गईं दो बहनों नेहा कुमारी (13) और कोमल कुमारी (15) पर सियारों ने



हमला कर दिया। दोनों बहनें खेत में काम करने जा रही थी सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं, ग्रामीणों ने एक सियार को पकड़कर पीट-पीटकर मार डाला और वन विभाग को सूचना दी है। नेहा और कोमल खेत में घास काटने गईं थी तभी तीन सियार ने उनपर हमला कर दिया। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों बहनों की जान बचाई। दोनों के चेहरे और पैर में गंभीर चोटें आईं है। उन्हें तत्काल असरगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों की हालत फिलहाल स्थिर है।

### 25 दिन बाद सियार ने किया हमला

25 दिनों बाद सियार के फिर से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। इससे पहले 12 सितंबर को मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड के मधुबन दरियापुर गांव में सियारों ने आधा दर्जन से अधिक लोगों पर हमला किया था, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। ग्रामीणों ने वन विभाग से सियारों को पकड़ने की मांग की थी। वन प्रमंडल के अधिकारी अंबरीश कुमार मल ने बताया कि उन्हें इस नई घटना की जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन वे स्वयं इसकी जांच कराएंगे। ग्रामीणों की सजगता से इस बार दोनों बच्चियों की जान बच गई, लेकिन सियार के हमलों से लोगों में भय बना हुआ है।

## दुर्गा पूजा को लेकर 80 स्थान संवेदनशील घोषितःशेखपुरा में मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बलों की तैनाती, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

शेखपुरा. शेखपुरा में दुर्गा पूजा और दशहरा के मेला के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने 80 चिन्हित स्थलों को संवेदन शील घोषित किया हैं। एसडीएम राहुल कुमार सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि चिन्हित सभी संवेदनशील स्थलों पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की जा रही है। एसडीएम ने बताया कि विभिन्न थाना पुलिस ने दस स्थानों को शांति व्यवस्था के मद्दे नजर संवेदनशील घोषित करने की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि थाना पुलिस की सिफारिश वाले स्थानों पर भी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की



जाएगी। त्योहार और मेला के दौरान पूरे जिले में शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से आज दूसरे दिन भी जिले के संवेदनशील इलाकों में पुलिस फ्लैग मार्च कर रही है।

### पैनी नजर रखने के लिए चाक चौबंद व्यवस्था

जिले में विधि व्यवस्था बनाए रखने और शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। मंगलवार को दूसरे दिन भी एसडीएम राहुल कुमार सिन्हा और एसडीपीओ अरविंद कुमार सिन्हा के संयुक्त नेतृत्व में कई थानों की पुलिस के अलावा 112 नंबर की बाइक पुलिस जिले के बरबीघा शहर के साथ - साथ ग्रामीणों क्षेत्रों में शेखोपुरसराय प्रखंड क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। कलेक्ट्रेट परिसर से एसडीएम के नेतृत्व में फ्लैग मार्च में शामिल बड़ी संख्या में पुलिस सबसे पहले बरबीघा बाजार पहुंची। बरबीघा प्रखंड के विभिन्न संवेदनशील स्थानों से गुजरते हुए शेखोपुरसराय प्रखंड पहुंचे।

## बाढ़ पीड़ितों के बीच खाद्य सामग्री का वितरणः बगहा में एसएसबी के जवानों ने भी किया सहयोग

बगहा (वाल्मिकीनगर). इंडो-नेपाल सीमा पर स्थित लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के चकदहवा, झंडू टोला, कान्ही टोला और बिन टोली के गांव हाल ही में आई बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए। नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के कारण गंडक नदी में रिकॉर्ड 5 लाख 57 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे दर्जनों निचले इलाकों में बाढ़ आ गई थी। इसी बाढ़ के कारण इन गांवों के सैकड़ों परिवारों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया और उनकी खाद्य सामग्री भी नष्ट हो गई। बाढ़ पीड़ितों की इस आपदा के समय सहायता के लिए युग संस्कृति न्यास, दिल्ली की संस्था ने आगे बढ़कर झंडू टोला और बिन टोली के सैकड़ों बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री वितरित की। संस्था के सदस्यों ने रोहुआ टोला एसएसबी कैंप के पास बाढ़ पीड़ितों को चावल, दाल, सब्जी, तेल और मसाले जैसी आवश्यक खाद्य सामग्री प्रदान की। इस काम में एसएसबी के जवानों ने भी सक्रिय सहयोग किया। बाढ़ पीड़ितों ने राहत सामग्री पाकर राहत की सांस ली। गांव के लोगों ने बताया कि बाढ़ के कारण उनका अनाज और राशन पूरी तरह से भीग कर खराब हो गया था, और कई दिनों से वे खाने-पीने की समस्या से जूझ रहे थे।

## नीतीश कुमार की जबतक सांसें होगी वो सीएम रहेंगेःअनिरुद्धाचार्य

समस्तीपुर. 'नीतीश कुमार की जब तक सांसें रहेंगी वो मुख्यमंत्री बने रहेंगे, अगर वो बिहार में गौ हत्या बंद करवा देते हैं तो..। नीतीश बाबू को राज्य के सारे बूचड़खानों के लाइसेंस रद्द करने होंगे।' नीतीश कुमार के आजीवन सीएम रहने की गारंटी कथा वाचक अनिरुद्ध आचार्य महाराज ने दी है। उनका कहना है कि इसके लिए मुख्यमंत्री को बिहार में गौ हत्या बंद करवानी होगी। गाय को राज माता का दर्जा देना होगा और प्रदेश के सारे बूचड़खानों का लाइसेंस रद्द करना होगा।


**कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना**

ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 24/2024-25 (3rd call)

1. कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत बरवाटोली ग्राम बेलंगा में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह | 02/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 09.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–15.10.2024, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 17.10.2024 अपराहन 02:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश संख्या– **6205276661**
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13. उक्त निविदा में BCD/ जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

**PR 338361 Rural Development(24-25)#D**



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

**e-Procurement Cell**

**Very Short e-Procurement Notice(3rd Call)**
**Tender Reference No:- BCD/EE/HAZARIBAG/ 36 /2024-25**
**Date:- 05-10-32024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Construction of HSC Medkuri, BLOCK- Daru Dist-: Hazaribagh. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 5549719 |
| 3. | Time of Completion | 6 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 08-10-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 15-10-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | **06546-225723** |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in*

**Nodal Officer,**
**e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division,** Hazaribag

PR 338310 Building (24-25)_D

## पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने लाओस जाएंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। पीएम नरेन्द्र मोदी 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने 10 से 11 अक्टूबर तक लाओस जाएंगे। मोदी लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफांडोन के निमंत्रण पर लाओस दौरे पर जा रहे हैं। सिफांडोन आसियान के वर्तमान अध्यक्ष हैं। भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' का इस साल एक दशक पूरा हो रहा है। एक बयान में कहा गया है कि आसियान के साथ संबंध एक्ट ईस्ट नीति और भारत-प्रशांत दृष्टिकोण का एक केंद्रीय स्तंभ हैं। आसियान-भारत शिखर सम्मेलन हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के जरिए से भारत-आसियान संबंधों की प्रगति की समीक्षा करेगा और भविष्य की दिशा तय करेगा। बयान में कहा गया है कि शिखर सम्मेलन से इतर पीएम मोदी के द्विपक्षीय बैठकें करने की संभावना है।

## 100 ईवी बसें चलेंगी, नोएडा एयरपोर्ट से दिल्ली जाना होगा आसान

ग्रेटर नोएडा,(ईएमएस)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के लिए यमुना प्राधिकरण सौ ईवी बसें चलाएगा। यह बसे निजी संचालकों की मदद से चलाई जाएगी। मंडलायुक्त मेरठ मंडल सेल्वा कुमारी जे. ने बसों के संचालन को मंजूरी दे दी है। प्राधिकरण अधिकारी इसी सप्ताह एआरटीओ के साथ बैठक कर बसों का मार्ग तय किया जाएगा। 15 नवंबर से बसों का संचालन शुरू हो जाएगा। पचास बसें एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के लिए और पचास का संचालन यमुना प्राधिकरण के सेक्टरों की कनेक्टिविटी के लिए किया जाएगा। यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होने पर 250 बसें और चलाई जाएंगी। यात्रियों की एयरपोर्ट तक आवाजाही का चुनौतीपूर्ण है। इसके समाधान के लिए सौ ईवी बसों के संचालन की योजना तैयार की गई है। यमुना प्राधिकरण के इस प्रस्ताव को मंडलायुक्त की मंजूरी मिल चुकी है। बसों के लिए मार्ग निर्धारण के लिए इसी सप्ताह बैठक होगी। एयरपोर्ट कनेक्टिविटी के लिए संचालित होने वाली बसों को आइजीआइ एयरपोर्ट दिल्ली, दिल्ली के प्रमुख स्थानों के अलावा गाजियाबाद, नोएडा व ग्रेटर नोएडा के लिए चलाएगा जाएगा। इससे यात्री एयरपोर्ट तक आसानी से आ जा सकेंगे। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी का कहना है कि मार्ग निर्धारण में शुरुआत में डेढ़ सौ किमी तक का दायरा तय किया जाएगा। भविष्य में इसका दिल्ली समेत यूपी, हरियाणा, राजस्थान व उत्तराखंड के 26 जिलों का विस्तार किया जाएगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट इन 26 जिलों में मिलने वाले यात्रियों की संख्या के आधार पर ही बनाई गई थी।

## पुलिस स्टेशन के अंदर वीडियो रिकॉर्ड करना जासूसी नहीं: हाईकोर्ट

अहमदनगर,(ईएमएस)। बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने अपने फैसले में कहा कि पुलिस स्टेशन के अंदर वीडियो रिकॉर्ड करना आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की धारा 3 के तहत नहीं आता है। यह फैसला तब आया जब जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और एसजी चपलगांवकर की पीठ ने मुंबई पुलिस कांस्टेबल संतोष अथारे के खिलाफ दायर अधिनियम के तहत आरोपों को खारिज कर दिया। बता दें अहमदनगर जिले के पाथर्डी पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में अथारे और उनके भाई सुभाष शामिल थे। पुलिस ने आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम लागू किया था, लेकिन कोर्ट ने कहा कि अधिनियम की धारा 2(8) निषिद्ध स्थानों को परिभाषित करती है और पुलिस स्टेशन उस परिभाषा में नहीं आता है। कोर्ट ने यह कहा कि जासूसी के लिए दंड से संबंधित धारा 3 पुलिस स्टेशन के अंदर की गई कार्रवाइयों पर लागू नहीं होती है। हाईकोर्ट ने एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी और 506 सहित अन्य आरोपों को रद्द करने से इनकार कर दिया। यह मामला तब उठा जब सुभाष अथारे ने शिकायत में कहा कि 21 अप्रैल, 2022 को तीन लोगों ने उनके घर में अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया था, जब उनकी मां के अलावा कोई भी मौजूद नहीं था। सुभाष ने सवाल किया था कि जब अतिक्रमणकारियों ने कथित तौर पर उनकी मां पर हमला किया था तो केवल गैर-संज्ञेय मामला क्यों दर्ज किया गया। अथारे बंधुओं ने दावा किया कि उच्च अधिकारियों से उनकी शिकायत के बाद स्थानीय पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

## ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को कारण बताओ नोटिस जारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने ग्राहक अधिकार उल्लंघन के लिए ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, कंपनी ने मंगलवार को एक फाइलिंग में एक्सचेंज को सूचित किया। प्राधिकरण द्वारा नोटिस उपभोक्ता अधिकारों के कथित उल्लंघन, भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल होने के लिए जारी किया गया है। कथित तौर पर नोटिस विभिन्न उपभोक्ता शिकायतों और चिंताओं को संबोधित करता है, हालांकि विशिष्ट आरोपों का विवरण अज्ञात है। कंपनी ने अपनी फाइलिंग में नोटिस मिलने की बात को स्वीकार किया और कहा कि कंपनी केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के समक्ष कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल करेगी। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि कारण बताओ नोटिस का उसके वित्तीय, परिचालन या अन्य व्यावसायिक गतिविधियों पर कोई तत्काल प्रभाव नहीं पड़ता है। विशेष रूप से सीसीपीए द्वारा जारी नोटिस इस स्तर पर कोई दंड या वित्तीय जुर्माना नहीं लगाता है। कंपनी ने कहा कि वह नियामक निकाय के साथ सहयोग करेगी और उठाए गए मुद्दों को हल करने के लिए आवश्यक स्पष्टीकरण प्रदान करेगी। सीसीपीए के नोटिस को उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए प्राधिकरण द्वारा उठाया गया एक औपचारिक कदम माना जाता है।

## सरकार दुबई में खोलेगी इन्वेस्ट इंडिया कार्यालय

मुंबई (ईएमएस)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार ने भारत में निवेश करने के इच्छुक संयुक्त अरब अमीरात के निवेशकों की सुविधा के लिए दुबई में इन्वेस्ट इंडिया का कार्यालय खोलने का फैसला किया है। गोयल ने निवेश पर भारत-यूएई उच्चस्तरीय कार्यबल की 12वीं बैठक के बाद मीडिया से यह भी कहा कि भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) का पहला विदेशी परिसर दुबई में स्थापित किया जाएगा। यह संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले 35 लाख भारतीय समुदाय के लिए एक वरदान होगा। बैठक के दौरान गोयल और अबू धाबी निवेश प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक शेख हमीद बिन जायद अल नाहयान की सह-अध्यक्षता में दोनों पक्षों ने कई प्रमुख फैसलों पर प्रगति की समीक्षा की और विभिन्न निर्णयों को तेजी से लागू किये जाने पर संतोष व्यक्त किया। इन उपायों में स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय व्यापार, भारत और संयुक्त अरब अमीरात की भुगतान प्रणालियों का एकीकरण, सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्राओं पर सहयोग और अहमदाबाद में एक 'फूड पार्क' का विकास शामिल हैं।

# कांग्रेस ने लोकसभा-विधानसभा चुनावों में 585 करोड़ खर्च किए: चुनाव आयोग को बताया- स्टार कैंपेनर्स की हवाई यात्रा में 105 करोड़ खर्च हुए

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव 2024 और आंध्र, अरुणाचल, ओडिशा, सिक्किम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 585 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। पार्टी ने 20 मार्च से 1 जून तक हुए कुल 5 चुनावों के खर्च का ब्योरा चुनाव आयोग को सौंपा है। रिपोर्ट में कांग्रेस ने बताया कि 585 करोड़ में से 410 करोड़ रुपए ऐड और मीडिया कैंपेन पर खर्च किए गए हैं। वहीं, 46 करोड़ रुपए सोशल मीडिया और ऐप के वर्चुअल कैंपेन के लिए खर्च किए गए हैं। दरअसल, सभी पार्टियों को अपना चुनावी खर्च का ब्योरा चुनाव आयोग को रिजल्ट घोषित होने के 75 से 90 दिनों के अंदर देना होता है।

समय सीमा खत्म होने पर भी जब पार्टियां जानकारी नहीं देती है तो चुनाव आयोग पार्टियों को नोटिस भेजता है, जिसका पार्टियां महीनों तक जवाब नहीं देती हैं। लोकसभा चुनाव के रिजल्ट की घोषणा 4 जून को हुई थी। मंगलवार 8 अक्टूबर को 124 दिन हो चुके हैं। अभी तक कांग्रेस के अलावा किसी अन्य पार्टी ने अपना चुनावी खर्च नहीं बताया है।



### 2019 में किसका कितना खर्च

| | | |
|---|---|---|
| प्रत्याशी | 40% | 24,000 करोड़ |
| पार्टी | 35% | 20,000 करोड़ |
| सरकार | 15% | 10,000 करोड़ |
| मीडिया/प्रायोजक | 5% | 3000 करोड़ |
| अन्य | 5% | 3000 करोड़ |

### कांग्रेस ने बैनर-पोस्टर पर खर्च किए 68 करोड़ रुपए

चुनाव आयोग को सौंपी रिपोर्ट में कांग्रेस ने बताया कि एड और मीडिया कैंपेन में 410 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इनमें से पोस्टर, बैनर, होर्डिंग और अन्य पब्लिसिटी मटेरियल के लिए 68.2 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। वहीं, स्टार कैंपेनर्स की हवाई यात्रा के लिए पार्टी ने 105 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इनमें मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की हवाईयात्रा का खर्च भी शामिल हैं।

### ऐलान के समय कांग्रेस के पास 170 करोड़ रुपए थे

कांग्रेस ने बताया है कि चुनाव के ऐलान के समय पार्टी के पास 170 करोड़ रुपए थे। इसके बाद पार्टी के खातों में 539.37 करोड़ रुपए डाले गए हैं। साथ ही 13.76 करोड़ रुपए पार्टी को कैश के रूप में मिले हैं।

### कांग्रेस का अकाउंट फ्रीज होने की वजह

कांग्रेस पार्टी को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 13 फरवरी को 105 करोड़ रुपए के बकाया टैक्स की वसूली के लिए नोटिस भेजा था। डिपार्टमेंट ने कांग्रेस पर 210 करोड़ का जुर्माना लगाया था और बैंक खाते फ्रीज कर दिए थे। इसके बाद कांग्रेस ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट पर आरोप लगाया था कि भाजपा के इशारों पर खातों को फ्रीज किया जा रहा है। इनकम टैक्स की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस नेता और वकील विवेक तन्खा ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई। हाईकोर्ट से पहले कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी गई थी। हालांकि, बाद कांग्रेस के अकाउंट डी-फ्रीज कर दिया गया था।

### कांग्रेस ने कहा था- अकाउंट फ्रीज करना मतलब लोकतंत्र को फ्रीज करना

कांग्रेस ने पहले आयकर अधिकारियों के फैसले को कर आतंकवाद (टैक्स टेररिज्म) बताया था। जो आम चुनाव से पहले केवल प्रमुख विपक्षी दल के फंड को कमजोर करने के लिए किया गया था। साथ ही आरोप लगाया था कि आयकर विभाग ने उसके बैंक खातों से 65 करोड़ रुपए निकाले हैं। कांग्रेस ने कहा था कि अकाउंट फ्रीज करना मतलब लोकतंत्र को फ्रीज करना।

# वडोदरा में नाबालिग से गैंगरेप के 3 आरोपी अरेस्ट: 1000 सीसीटीवी के 70 हजार से अधिक फुटेज खंगाले, चश्मे और 1 कॉल से गिरफ्त में आए

**वडोदरा** : गुजरात में वडोदरा शहर के भायली इलाके में शुक्रवार की रात एक नाबालिग के साथ गैंगरेप के मामले में पुलिस ने मुख्य तीन आरोपियों समेत 5 को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए वडोदरा क्राइम ब्रांच ने 1000 से ज्यादा सीसीटीवी के 70 हजार से अधिक फुटेज खंगाले। इसके बाद मौके से मिले चश्मे और फोन कॉल से आरोपी तक पहुंच गए। तीनों आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, जो कुछ सालों से वडोदरा के तांदलजा इलाके में रह रहे थे। आरोपियों की पहचान मुन्ना अब्बास बंजारा (27), मुमताज उर्फ आफताब सूबेदार बंजारा (36) और शाहरुख किस्मत अली बंजारा (26) के रूप में हुई है।



### आरोपियों तक ऐसे पहुंची क्राइम ब्रांच

वडोदरा SP रोहन आनंद के मुताबिक, गैंगरेप की वारदात के बाद आरोपी पीड़ित का मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए थे। जब पीड़ित के घरवालों ने फोन किया तो आरोपियों ने कॉल रिसीव तो किया, लेकिन बात नहीं की थी। कॉल के दौरान घरवालों को गरबा में बज रहे ढोल की आवाज सुनाई दी थी। इस दौरान मोबाइल 7 सेकेंड तक ऑन रहा था। मोबाइल की लोकेशन अकोटा इलाके में थी। इसके बाद आरोपियों ने फोन स्विच ऑफ कर फेंक दिया था। पुलिस को मौके से एक आरोपी का टूटा हुआ चश्मा भी मिला था। इसके बाद टीम ने अकोटा इलाके के फुटेज चेक किए और आरोपियों तक पहुंच गई।

### 5 दोस्त मौके पर पहुंचे थे, 2 लौट गए, 3 ने रेप किया

एसपी रोहन आनंद ने बताया कि 11वीं क्लास में पढ़ने वाली 16 साल की नाबालिग अपने दोस्त के साथ 11.30 बजे भायली इलाके में सुनसान सड़क किनारे बैठी हुई थी। इसी दौरान दो बाइक पर 5 युवक इनके पास पहुंचे। एक बाइक पर दो और दूसरी बाइक पर तीन लोग थे। तीन युवक दोनों के पास पहुंचे और पूछा, तुम लोग यहां क्या कर रहे हो? दोनों ने कहा- हम यहां बैठकर बातें कर रहे हैं। इसके बाद आरोपियों ने नाबालिग का मोबाइल छीनकर कहा- अपने पापा का नंबर दो। जब दोनों ने आरोपियों से फोन वापस लेने की कोशिश की तो तीनों ने दोनों के हाथ पकड़ लिए। इस पर एक बाइक पर बैठे अन्य दो युवकों ने गुजराती में कहा- चलो इनको घर जाने दो... यह कहकर वे दोनों युवक अपनी बाइक लेकर वहां से चले गए थे। लेकिन बाकी के तीन युवकों में एक ने नाबालिग के दोस्त को पकड़े रखा और बाकी दो ने गैंगरेप किया। इसके बाद तीसरे आरोपी ने भी पीड़ित के साथ शारीरिक छेड़छाड़ की और तीनों पीड़ित का मोबाइल लेकर मौके से भाग निकले। पीड़ित ने अपने दोस्त के मोबाइल से पुलिस को घटना की जानकारी दी और घटना की शिकायत तालुका पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई।

### पुलिस की 5 टीमें लगाई गई थीं

घटना में शामिल आरोपियों की तलाश के लिए जिला पुलिस की 5 टीमें लगाई गई थीं। SP रोहन आनंद ने बताया कि नवरात्रि गरबा के साथ इस घटना का कोई संबंध नहीं है। पीड़ित घर से साढ़े दस से पौने ग्यारह बजे के करीब निकली थी। वह अपने दोस्त से रात 11 बजे लक्ष्मीपुरा इलाके में मिली थी। इसके बाद दोनों भायली इलाके की सुनसान और अंधेरी सड़क किनारे बैठे थे।

# माल्ट डिस्टिलरी सेक्टर में भी सरताज बनेगा भारत, नागपुर में प्लांट लग रही पर्नो रिका इंडिया

**नागपुर (ईएमएस)।** पीएम मोदी का मेक इन इंडिया अभियान हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। अब भारत माल्ट डिस्टिलरी सेक्टर में भी सरताज बनेगा। जी हां, शीवाज रीगल और एब्सोल्यूट वोदका बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी पर्नो रिका भारत में माल्ट डिस्टिलरी एंड मैच्योरेशन फेसिलिटी विकसित करने के लिए 1,785 करोड़ का निवेश करेगी। कंपनी का यह प्लांट महाराष्ट्र में नागपुर के बुटीबोरी में लगने वाला है।

पर्नो रीका के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नागपुर का बुटीबोरी यूनिट एशिया का सबसे बड़ा माल्ट डिस्टिलरी एंड मैच्योरेशन यूनिट होगा। इस फेसिलिटी को तैयार करने में अभी करीब 100 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। इसमें जमीन की लागत शामिल है। फेसिलिटी को तैयार करने में अगले 10 साल में करीब 1785 करोड़ रुपये का निवेश का प्रस्ताव है। इस यूनिट में विश्व स्तरीय माल्ट स्पिरिट के उत्पादन के लिए एंड-टू-एंड क्षमता स्थापित की जाएगी। इसके शुरू होने पर वहां हर साल 13 मिलियन प्योर अल्कोहलिक लीटर का उत्पादन होगा। बुटीबोरी यूनिट को डेवलप करने के लिए पर्नो रिका और महाराष्ट्र सरकार के बीच 23 फरवरी 2024 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ था। एमओयू पर हस्ताक्षर करने के बाद से, पर्नोड रिका इंडिया ने परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए भूमि लागत सहित करीब 100 करोड़ रुपये का निवेश करने का वादा किया था। इसी क्रम में अब प्लांट के लिए भूमि पूजन हो चुका है।

कंपनी का दावा है कि नागपुर के बुटीबोरी में स्थापित होने वाली माल्ट डिस्टिलरी से 90,000 किसानों को फायदा होगा। क्योंकि वहां भारी मात्रा में जौ खरीदेगी। इससे किसानों को उपज की भरपूर कीमत मिलेगी।

# 7500 पुलिसकर्मियों के भरोसे थी 15 लाख की भीड़: सिर्फ 2 मेडिकल टीम और 40 एंबुलेंस थीं; एयर शो में गई थी 5 की जान

**चेन्नई** : तमिलनाडु के चेन्नई में मरीना बीच पर वायुसेना के एयर शो के दौरान भगदड़ में मारे गए 5 लोगों के अंतिम संस्कार सोमवार को हुए। करीब 200 घायल लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। 8 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना के 92वें स्थापना दिवस से पहले 6 अक्टूबर को चेन्नई में एयर शो हुआ था। इस एयर शो को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराने के लिए 15 लाख लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य था। स्थानीय प्रशासन का दावा है कि इससे ज्यादा लोग पहुंचे, इसलिए व्यवस्थाएं बिगड़ गईं। भारी भीड़ और गर्मी के चलते 5 लोगों की मौत हो गई। एयर शो का नाम लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया है।

हालांकि, सूत्रों के अनुसार पीड़ितों से बातचीत और पड़ताल तो हादसे की 3 वजह सामने आईं-

पहली: एयर शो 11 बजे शुरू होना था, लेकिन लोग 7 बजे से पहुंचने लगे। मेट्रो-बस स्टेशनों पर भारी भीड़ थी। फिर भी प्रशासन ने भीड़ का अंदाजा नहीं लगाया।

दूसरी: कार्यक्रम खत्म होते ही ट्रैफिक पुलिस ने भीड़ को कामराज रोड से निकालना शुरू किया, जबकि यही रोड मुख्यमंत्री एमके स्टालिन समेत वीआईपी को निकालने के लिए था। उन्हें निकालने के लिए भीड़ को तितर-बितर करना पड़ा। इससे भड़दड़ जैसी स्थिति बनी।

तीसरी: 15 लाख लोगों को संभालने के लिए सिर्फ दो स्वास्थ्य टीम, 40 एंबुलेंस और 7500 पुलिसकर्मी तैनात थे। भीड़ पहले ही मरीना बीच और सर्विस रोड कवर कर चुकी थी। ऐसे में एंबुलेंस का बाहर निकलना मुश्किल था।

अव्यवस्था को लेकर तमिलनाडु की डीएमके सरकार विपक्ष के निशाने पर है। सोमवार को मीडिया ने जब स्वास्थ्य मंत्री एमए सुब्रमण्यम से पूछा तो उन्होंने नाराजगी भरे लहजे में कहा कि क्या 15 लाख के लिए 15 लाख पुलिसकर्मी तैनात करते। सभी मौतें पानी की कमी और भीड़ के कारण हुईं।

एआईएडीएमके नेता कोवई सत्यन ने कहा, 'अगर स्वास्थ्य मंत्री में थोड़ी भी शर्म है तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। लोगों को 10 किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंची। प्रशासन सीएम स्टालिन, उनके बेटे और परिवार की सेवा में लगा हुआ था। वे एसी टेंट में बैठे हुए थे। सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए।' दूसरी तरफ, चेन्नई के तांबरम एयर फोर्स स्टेशन पर 8 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना का स्थापना दिवस मनाया गया। सेलिब्रेशन के दौरान एयर फोर्स का एक जवान बेहोश हो गया। अन्य जवान उसे स्ट्रेचर पर उठाकर इलाज के लिए ले गए।

कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एयर शो देखने गए लोगों ने बताया कि बीच पर पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं थी। लोग घंटों तक प्यासे बैठे रहे। वहीं, 1 बजे शो खत्म होने के बाद एक साथ लोग वहां से निकले जिसके चलते रास्तों पर ट्रैफिक जाम हो गया। भारी भीड़ के चलते एक लोकल रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मच गई। अलग-अलग मेट्रो स्टेशन पर भी ऐसी ही भीड़ देखने को मिली।

## पेंशनर्स सावधान! व्हाट्सएप्प पर चल रही एक धोखाधड़ी के बारे में दी चेतावनी

नई दिल्ली(ईएमएस)। पेंशनर्स को हर साल उस वित्तीय संस्थान में जीवन प्रमाण पत्र जमा करना होता है जहां से उसे पेंशन मिलती है। इस बीच केंद्र सरकार ने पेंशनर्स को एक अलर्ट जारी कर व्हाट्सएप पर चल रही एक धोखाधड़ी के बारे में चेतावनी जारी की है। जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की डेट करीब आने के साथ ही धोखेबाज भी सक्रिय हो गए हैं। वे पॉपुलर मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप के जरिए पेंशनर्स को निशाना बना रहे हैं। पेंशनर्स को व्हाट्सएप पर मैसेज मिलता है। इनमें दावा किया जाता है कि पुराने जीवन प्रमाण पत्र के कारण उनकी पेंशन खतरे में है। इसमें एक लिंक दिया जाता है और पेंशनर्स से कहा जाता है कि वे इस पर अपने बैंक खाते का विवरण या पीपीओ नंबर अपडेट करें। पेंशनर्स की व्यक्तिगत जानकारी मिलने के बाद स्कैमर्स इसका गलत यूज कर सकते हैं। वे पेंशनर्स के अकाउंट में सेंध लगा सकते हैं। सरकार इस बात पर जोर देती है कि जीवन प्रमाण पत्र के बारे में कभी भी व्हाट्सएप या किसी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए जानकारी नहीं मांगी जाती है। जीवन प्रमाण पत्र एक अनिवार्य दस्तावेज है। पेंशनर्स को अपनी पेंशन जारी रखने के लिए इसे जमा कराना जरूरी होता है।

# बेंगलुरु में बर्थडे केक खाने से बच्चे की मौत: पेरेंट्स आईसीयू में भर्ती

**बेंगलुरु:** बेंगलुरु के भुवनेश्वरी नगर इलाके में सोमवार को बर्थडे केक खाने से 5 साल के एक बच्चे की मौत हो गई। उसके माता-पिता की हालत गंभीर है। दोनों कीम्स अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। हालत गंभीर बताई जा रही है। कपल की पहचान बलराज और नागलक्ष्मी के रूप में हुई है। उनके बच्चे का नाम धीरज था। बलराज स्विगी कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करते हैं। रविवार, 6 अक्टूबर को एक कस्टमर ने केक का ऑर्डर कैंसिल कर दिया था, जिसके बाद बलराज केक अपने घर ले आए थे। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि बलराज ने अपने बेटे के बर्थडे पर स्विगी के जरिए एक बेकरी से केक ऑर्डर किया था। उन्होंने अपने बेटे धीरज का जन्मदिन मनाया। पूरे परिवार ने साथ मिलकर केक काटा और खाया। फिर डिनर करके सो गए।

### अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हुई

सोमवार सुबह तीनों के पेट में तेज दर्द होने लगा। वे दर्द से चिल्लाने लगे। उनकी चीखें सुनकर पड़ोसी पहुंचे और उन्हें अस्पताल ले आए। डॉक्टरों ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हो गई थी। बलराज और नागलक्ष्मी बेहोश थे। अधिकारी उनके होश में आने के बाद उनके बयान लेने का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों को फूड पॉइजनिंग का शक है। पुलिस का कहना है कि मामला सुसाइड अटेम्प्ट का भी हो सकता है। हालांकि अभी घटना के पीछे का सही कारण नहीं पता चला है। केक को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

स्विगी ने बयान जारी किया, कहा- फूड सेफ्टी हमारी प्राथमिकता घटना पर स्विगी ने भी बयान जारी किया है। कंपनी ने कहा कि बेंगलुरु में हुई घटना से हम दुखी हैं। परिवार के साथ हमारी संवेदनाएं हैं। पीड़ित परिवार से मिलने के लिए हमारी टीम अस्पताल गई थी। उन्हें हरसंभव मदद दी जा रही है। हम इस मामले की जांच में अधिकारियों का भी पूरा साथ दे रहे हैं।

# आरजी कर कॉलेज के 50 सीनियर डॉक्टर्स का इस्तीफा: जूनियर डॉक्टर्स की भूख हड़ताल के सपोर्ट में उठाया कदम, आज देशभर में अनशन

**कोलकाता:** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को सामूहिक इस्तीफे दिए गए। 50 सीनियर डॉक्टर्स ने आमरण अनशन कर रहे जूनियर डॉक्टर्स के समर्थन में रिजाइन किया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में कई डिपार्टमेंट और उनके हेड्स की मीटिंग हुई।

इस मीटिंग में इस्तीफा देने का फैसला लिया गया। एक सीनियर मेंबर ने कहा, 'जूनियर डॉक्टर्स एक मकसद के लिए आमरण अनशन कर रहे हैं। हम उनके साथ मजबूती से खड़े हैं और यह संदेश देने के लिए हमने इस्तीफे दिए हैं।' छह जूनियर डॉक्टरों के आमरण अनशन का आज चौथा दिन है। उन्होंने कहा कि हम किसी बाहरी दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं।



### 5 अक्टूबर से अनशन, 9 को देशभर में भूख हड़ताल

जूनियर डॉक्टर 5 अक्टूबर की शाम से आमरण अनशन पर बैठे हैं। वे हेल्थ सेक्रेटरी एनएस निगम को हटाने समेत 9 मांगों पर अड़े हैं। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों को समर्थन देने का ऐलान किया है। फाइमा ने कहा कि 9 अक्टूबर को देश भर में डॉक्टर्स भूख हड़ताल करेंगे। बंगाल सरकार ने कहा है कि सरकार अपने सभी वादे पूरी कर रही है। ममता सरकार ने डॉक्टरों से अनशन खत्म करने की अपील की है।

### डॉक्टरों ने पहले 5 मांगे रखी थीं, इनमें सरकार ने 3 पूरे किए

जूनियर डॉक्टरों ने रेप-मर्डर घटना के खिलाफ 10 अगस्त से 21 सितंबर तक 42 दिन तक हड़ताल की थी। डॉक्टरों ने सरकार के सामने पहले 5 मांगें रखी थीं। इनमें से सरकार ने 3 मांगें मान लीं। सीएम ममता ने दो अन्य मांगों और शर्तों पर विचार करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद डॉक्टरों ने हड़ताल खत्म कर दी थी। वे अस्पतालों में काम पर लौट गए थे। 27 सितंबर को सागोर दत्ता हॉस्पिटल में 3 डॉक्टरों और 3 नर्सों से पिटाई का मामला सामने आया, जिससे नाराज होकर डॉक्टरों ने 1 अक्टूबर को फिर से हड़ताल शुरू कर दी थी। 4 अक्टूबर को जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल वापस ले ली, लेकिन धरना जारी रखा। उन्होंने कहा कि हम काम पर लौट रहे हैं क्योंकि सरकारी अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीज परेशान हो रहे हैं। हालांकि उन्होंने राज्य सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। इसके बाद उन्होंने अनशन शुरू किया।

### सीबीआई बोली- ट्रेनी डॉक्टर का गैंगरेप नहीं हुआ

ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस में सीबीआई ने पहली चार्जशीट दाखिल की है। इसमें जांच एजेंसी ने ट्रेनी डॉक्टर से गैंगरेप की आशंका को नकार दिया है। एजेंसी का कहना है कि वारदात को संजय रॉय ने अकेले अंजाम दिया था। करीब 100 गवाहों के बयानों और 12 पॉलीग्राफ टेस्ट करने के बाद सीबीआई इस नतीजे पर पहुंची। पुलिस ने संजय को घटना के अगले दिन 10 अगस्त को अरेस्ट किया था। 9 अगस्त की सुबह अस्पताल के सेमिनार हॉल में पीड़ित की अर्धनग्न डेडबॉडी मिली थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बताया गया था कि विक्टिम की दोनों आखों, मुंह और प्राइवेट पार्ट से खून बह रहा था। गर्दन की हड्डी भी टूटी थी। हालांकि संजय अब तक खुद को बेगुनाह बता रहा है। संजय को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पहचाना था। फुटेज में वह 9 अगस्त की सुबह 4 बजे सेमिनार हॉल में अंदर जाता दिखाई दिया। इस दौरान उसने कानों में इयरफोन लगाया हुआ था।

## नशीले पदार्थों का कारोबार दवा के माध्यम से सबसे खतरनाक दौर पर

दुनिया में टूट-फूट का नया दौर ( लेखक - राकेश अचल / ईएमएस )
| आइना टूटे या दिल ,पहाड़ टूटे या पेड़ सब अशुभ ही माना जाता है। इसीलिए एक हफ्ते से लगातार टूट रहे शेयर बाजार को भी हम अशुभ ही मानकर चल रहे है । शेयर बाजार का टूटना निवेशकों के लिए शुभ है और न कारोबारियों के लिए। सरकार के लिए तो टूटना बिलकुल शुभ नहीं है। शेयर बाजार के टूटने का सीधा-सीधा मतलब निकाला जाता है की कहीं न कहीं हमारी सरकार टूट रही है। शेयर बाजार के टूटने से 3
दिन में ही 22 लाख करोड़ का चूना लग गया निवेशकों को। हिंदुस्तान हो या पकिस्तान । दुनिया का कोई भी हिस्सा हो इस टूटन से अछूता नहीं है । बीमारी से आम आदमी का जिस्म टूटता। नेताओं की वादा-खिलाफी से मतदाता का दिल टूटता है । दिल नेता ही नहीं ,प्रेमी-प्रेमिका भी एक-दूसरे का गाहे-बगाहे तोड़ते ही रहते हैं। वर्षा ऋतु में पहाड़ टूटते है। नदियों के तटबंध टूटते हैं। इसे कहर टूटना कहा जाता है। घर में किसी तस्वीर का फ्रेम हो,या कप-बसी टूटती है तो माँ इसे अशुभ मानती थी। मै तो उन लोगों में से हूँ जो टूट-फुट को शुभ या अशुभ नहीं बल्कि एक नैसर्गिक क्रिया मानते हैं।

आपको याद है की 1947 में जब भारत टूटा था और पाकिस्तान बना था ,तब असंख्य लोगों के दिल टूट गए थे । इस टूटन को हमारी सरकार और देश की ही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी आज भी महसूस करती रहती है। इस टूटन के लिए महात्मा गाँधी को कोसने वालों की कमी नहीं है। आखिर टूटने का दोष किसी पर तो मढ़ा जाना है। इसके लिए महात्मा गाँधी से अच्छा कोई दूसरा नाम हो ही नहीं सकता। 1971 में पाकिस्तान को भी टूटना पड़ा, इसके लिए महात्मा गाँधी नहीं बल्कि श्रीमती इंदिरा गाँधी को जिम्मेदार ठहराया गया।भारत ही नहीं दुनिया में तमाम देश टूटे हैं। कोरिया टूटा,जर्मनी टूटा रूस टूटा, चीन टूटा। टूटने वालों की एक लम्बी फेहरिस्त है। भारत में अतीत में हुई टूट-फूट से नाखुश लोगों ने अयोध्या में एक निर्जीव मकबरे को तोड़कर ही अपना गुस्सा ही नहीं निकाला बल्कि शहीदों में अपना नाम लिखवा लिया। इस इमारत के टूटने से भी करोड़ों के दिल टूटे थे लेकिन किसी ने इस टूटन की आवाज को सुना नहीं।

पिछले दस साल में देश में जितने राजनीतिक दल और गठबंधन टूटे उतने पहले कभी नहीं टूटे । राजनीतिक दलों में कांग्रेस न जाने कितनी बार टूटी । समाजवादी दल तो टूटने के लिए ही बना है। सत्तारूढ़ भाजपा भी बीच-बीच में टूटी रहती है लेकिन जल्द ही सम्हल भी जाती है । भाजपा ने तो जिस क्षेत्रीय दल को अपना बगलगीर बनाया उसे किसी न किसी मोड़पर टूटना ही पडा । हाल ही में एनसीपी और शिवसेना टूट कर दो खंड हो चुकी है। गठबंधन तो टूटने के लिए ही बनते है। जैसे भांवर पड़ने के बाद मौर को नदी में विसर्जित कर दिया जाता है उसी तरह गठबंधनों को सरकार बनने के बाद तोड़ दिया जाता है। सिनेमा वाले तो न जाने कितनों का दिल तोड़ते रहते है। सिनेमा में हीरो-हीरोइनें आपस में ही अपने दिलों की तोड़फोड़ नहीं करते बल्कि अपने चाहने वालों का दिल भी तोड़ देते हैं। दिल तोड़ने की पुरानी परिपाटी है । आप इसे सनातन भी कह सकते हैं। हमारे यहां त्रेता में राम ने परशुराम को प्रिय शिव का धनुष तोड़ दिया था। उन्हें इसके पुरस्कार में सीता मिल गयीं थीं ,किन्तु सबके भाग्य में तोड़-फोड़ करने पर इनाम -इकराम नहीं होता। दिलीप कुमार का दिल मधुबाला ने तोड़ा था तो अमिताभ बच्चन का दिल रेखा ने तोड़ दिया था। दिल तोड़ना हमारी फ़िल्मी दुनिया का एक रोग है। इसका दुनिया में कहीं ,कोई इलाज है नहीं।
देश -दुनिया में जब भी चुनाव होते हैं और उनके नतीजे आते हैं तो न जाने कितने दिलों को तोड़ देते है। किसी का सपना टूटता है ,तो किसी का अपना टूट जाता है। टूटने के बाद जोड़ना आसान नहीं है। जुड़ भी जाये तो टूटन के निशान हमेशा टूटने की याद दिलाते रहते हैं। इसलिए कोशिश की जाना चाहिए की कहीं,कोई टूट-फुट हो ही नहीं। बच्चों का दिल उनके खिलौनों में बसता है। कोई खिलौना टूटता है तो बच्चों का नाजुक दिल टूट जाता है। हमारे यहां तो गया जाता है -दिल का खिलौना है टूट गया, कोई लुटेरा आ के लूट गया - खिलौना जानकर तुम तो मेरा दिल तोड़ जाते हों टूटते तो रिश्त भी हैं ,भले ही वे खून के रिश्ते क्यों न हों? आप टूटने से किसी भी चीज को बचा सकते हैं ,लेकिन इसका एकमात्र उपाय है सावधानी। सावधानी हटी और दुर्घटना घटी।

टूटना इत्तफाक भी है और साजिश भी। मिसाल के तौर पर इस बार मुल्क में एक के बाद एक दर्जनों पुल टूट गये। ये पुल भ्रष्टाचार ने तोड़े। महंगाई बढ़ती है तो आम आदमी की कमर टूटी है लेकिन महंगाई बढ़ाने के लिए जिम्मेदार सरकार टूटी कमर पर अच्छे दिनों कीमराहम लगा देती है। आम आदमी कुछ देर के लिए कमर टूटने का दर्द भूल जाता है लेकिन जैसे ही दोबारा कसक होती है आम आदमी कमर तोड़ने वालों की कमर तोड़ देती है, अपने वोट से। हमारा जिस्म तो टूटने के लिए ही बना है। बुखार से पूरा जिस्म टूटता है। लेकिन पुलिस आपकी पसलियां भी तोड़ सकती है और दांत भी। टूटने का कोई मुआवजा नहीं मिलता। ज्यादा से ज्यादा आप गाना गा सकते हैं - दिल का खिलौना है टूट गया। दरअसल टूटना या तोड़ना एक ललित कला है। सबको नहीं आती और जिसे आती है वो किसी को सिखाता नहीं है। लोग अपने आप ही सब कुछ सीखते है। टूटने वाली चीजों की फेहरिश्त बहुत लम्बी हो सकती है। आप इसे अपनी मर्जी से घटा -बढ़ा सकते हैं। अब जैसे मैंने टूटने वाली फेहरिश्त में करार को शामिल नहीं किया था । करार होते ही टूटने के लिए है। करार दो व्यक्तियों के बीच हो सकते हैं ,दो दलों के बीच हो सकते हैं, दो या दो से ज्यादा मुल्कों के बीच हो सकते हैं,बल्कि होते आये हैं और टूटते भी आये हैं।कीर्तिमान भी टूटते हैं और आदमी का घमंड भी। शादियां भी टूटीं हैं और जीवन की डोर भी यानि जोड़तोड़ का ये सिलसिला अनंत है। इसके ऊपर कोई पूर्ण विराम नहीं लगाया जा सकता। लगाया भी नहीं जाना चाहिये। आज आप जब ये टूट-फुट गाथा पढ़ रहे होंगे तब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की जनता न जाने कितने नेताओं का दिल तोड़ चुकी होगी। बाहर हाल - शीशा हो या दिल हो , टूट जाता है इसलिए जितना मुमकिन है टूटने वाली चीजों को सम्हालकर रखिये।

## हरियाणा में त्रिशंकु विधानसभा चुनाव के आसार

हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सभी 90 सीटों पर मतदान पूरा हो चुका है और जनता ने ईवीएम में नेताओं की किस्मत कैद हो गई है लेकिन उसके पहले आज अलग-अलग मीडिया चैनल्स और सर्वे एजेंसीज द्वारा जारी एग्जिट पोल्स के आंकड़ों में कांग्रेस के लिए गुड न्यूज आई है। अब तक जारी सभी पोल्स में कांग्रेस पूर्ण बहुमत का अनुमान जताया गया है। वहीं हरियाणा में बीजेपी दस की सत्ता विरोधी लहर के चलते बाहर हो सकती है। 8 अक्टूबर को घोषित होने वाले नतीजों से पहले लोगों को एग्जिट पोल्स ने बीजेपी की टेंशन बढ़ा दी है। भले ही एग्जिट पोल्स में बीजेपी को बड़ी हार मिलती नजर आ रही है, तो वहीं बीजेपी के नेता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का दावा है कि 8 अक्टूबर को जब विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होंगे तो बीजेपी ही राज्य में सरकार बनाएगी। दूसरी ओर हरियाणा के पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा का दावा है कि कांग्रेस एग्जिट पोल के आंकड़ों से भी ज्यादा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 10 साल बाद सत्ता में वापसी करेगी।लेकिन इन सब पर मत जाइये हरियाणा में आम आदमी पार्टी कांग्रेस का खेल बिगाड़ सकती है और त्रिशंकु विधानसभा के परिणाम आ सकते हैं अनुमान के अनुसार बीजेपी को 38-41 सीट मिल सकती है और जेजीपी को 6-7सीट मिल सकती है कांग्रेस को 30-35 सीट मिल सकती है जहाँ सभी एग्जिट पोल ने बीजेपी को लगभग 20 सीटों का नुकसान होने की संभावना जताई है। वहीं कांग्रेस की प्रचंड बहुमत से जीत की उम्मीद लगाई जा रही है वो गलत साबित होगा जीत का मार्जिन बहुत ही कम हो सकता है व निर्दलीय को 5-7सीट का अनुमान है आमआदमी पार्टी अभी वहाँ नई नई उभरी है उसे 1-2सीट से या क़ोई भी सीट नहीं मिल सकती है अतः बीजेपी के लिए परिणाम ख़राब नहीं होगा उनको पूर्ण बहुमत तो नहीं लेकिन जननायक जनता पार्टी और निर्दलीय व अन्य दलों के सहयोग से पुनः सरकार बना सकती है. मतदान को लेकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उनका कहना है कि वोट डालना एक नैतिक जिम्मेदारी है, जो बीजेपी को अधिक से अधिक मिलने की संभावना है अतः नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे, तब तक इंतज़ार करें क्योंकि कड़ा मुकाबला है इसमें अंत अंत तक कुछ भी कहना मुश्किल है ऐ सिर्फ अनुमान है और सर्वे के अनुसार होती है जो कभी गलत कभी सही होता है लेकिन पूर्ण बूथ का हाल क़ोई भी नहीं बता सकता है क्योंकि मतदान गुप्त तरीके से होता है और आपको कहा कॉंग्रेस या किसी अन्य दल पर वोट डाला लेकिन उसने सही में किसको वोट डाला है ऐ तो पोलिंग अधिकारी भी नहीं जानता तो जाती या धर्म के आधार पर वोटर की संख्या से अनुमान लगाना मुश्किल है ऐ बात भी सही है कि बीजेपी ने दो बार सत्ता में आयी है और पुराने परिणाम के अनुसार वहाँ इतने सालों में सत्ता बदलती है तो इसपर जब तक परिणाम नहीं आ जाती कहना जल्दबाजी होगा.आम आदमी पार्टी अब किसका वोट काटेगी या कहना मुश्किल है।

## वनवासी क्षेत्रों मे नवरात्रि


"गोंड ही नहीं, कोरकू जनजाति में भी कई दशहरे मनाये जाते हैं, जिसमें से एक दशहरा कुंआर की नवरात्रि है। गोंड समाज के लोग गाड़वा के सामने ककड़ी को बकरे का प्रतीक मानकर काटते हैं। अपने ईष्ट से याचना करते हैं कि वर्षभर हमें कुल्हाड़ी, हंसिया चलाना पड़ता है, उसमें कोई हानि न हो। गोंड समाज में खेरो माता की पूजा होती है। गोंड समाज में खेरो माता को गाँव की मुख्य देवी का दर्जा प्राप्त है। कोरकू समाज में कुंआर माह में देव-दशहरा मनाया जाता है। इस पूरे पर्व में मुठवा देव, हनुमान, पनघट देव, बाघ देव, नागदेव, खेड़ा देव आदि की पूजा होती है। कोरकू लोग अपने देवी-देवताओं के चबूतरे पर गाते-बजाते हैं, जिसे धाम कहते हैं। कोरकू समाज में भी इस पर्व पर बलि देने की मान्यता है।"


( लेखक- हेमेन्द्र क्षीरसागर/ईएमएस)
हिन्दू धर्म से वनवासी समाज को अलग परिभाषित करने के सभी विभाजनकारी षड्यंत्र तब धवस्त हो जाते हैं, जब इनकी मान्यताएँ, पर्व, रहन-शैली, विचार मेल खाते हैं। कुल देवी, बाघ देवी, ज्वाला देवी, गांव देवी और वन देवी की पूजा-अर्चना तथा गांवों, अंचलों में मंदिर, पट, मढिया इसके ज्वलंत उदाहरण है। शारदीय नवरात्रि ऐसा पर्व है, जो वनवासी क्षेत्रों में भी धूमधाम से मनाया जाता है, यह सिद्ध करता है कि हम हिन्दू हैं, भले ही हमारे निवास स्थान, रहन-सहन अलग-अलग हैं। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा के रूप में मनाया जाता है। नौ दिनों तक मनाई जाने वाली इस पूजा में माँ दुर्गा के सभी नौ रूपों की पूजा होती है। वनवासी क्षेत्रों की नवरात्रि पूजा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से तनिक भिन्न है। इनके नामों व पूजा पद्धति में विविधता है। वनवासी देवी माँ से अच्छी फसल, वर्षा व प्रकृति संरक्षण की याचना करते हैं। भील समाज में नवणी पूजा, गोंड समाज में खेरो माता, देवी माई की पूजा, कोरकू समाज में देव-दशहरा के रुप में देवी माँ की पूजा होती है। भील समाज में नवणी पर्व नवणी में भील अपनी कुलदेवी व दुर्गा-भवानी का पूजन करते हैं। यह त्यौहार अश्विन (कुआर) माह में शुक्ल पक्ष की पड़वा से प्रारम्भ होता है। पूरे वर्षभर में हुई गलतियों के लिये सभी देवी-देवताओं से क्षमा याचना करते हैं।

नवणी से पहले स्वच्छता की दृष्टि से घरों की गोबर व मिट्टी से लिपाई होती है। व्रती सागौन की पाटली (पटिया) सुतवार (बढ़ई) से बनवाकर उस पर चाँद व सूर्य उकेरवाता है। घर या आंगन में चौका पुराया जाता है। पाटली में शुद्ध धागा नौ बार लपेटा जाता है, उसी चौके पर पाटली की स्थापना कर पूजा की जाती है। जिस सागौन से पाटली काटी गयी होती है, उसे भी कच्चा सूत व नारियल भेंट किया जाता है। बाँस की छोटी-छोटी पाँच या सात टोकरियों में मिट्टी डालकर गेहूँ बोया जाता है, इसे बाड़ी, जवारा या माता कहते हैं। यह जवारा नवमी तिथि को संध्या की बेला में नदी में विसर्जित होता है। श्रद्धालु खप्पर, गीत गाते नदी तट पर जवारा लेकर जाते हैं। जिसे श्रद्धा स्वरूप एक दूसरे को देते हैं।

गोंड ही नहीं, कोरकू जनजाति में भी कई दशहरे मनाये जाते हैं, जिसमें से एक दशहरा कुंआर की नवरात्रि है। गोंड समाज के लोग गाड़वा के सामने ककड़ी को बकरे का प्रतीक मानकर काटते हैं। अपने ईष्ट से याचना करते हैं कि वर्षभर हमें कुल्हाड़ी, हंसिया चलाना पड़ता है, उसमें कोई हानि न हो। गोंड समाज में खेरो माता की पूजा होती है। गोंड समाज में खेरो माता को गाँव की मुख्य देवी का दर्जा प्राप्त है। कोरकू समाज में कुंआर माह में देव-दशहरा मनाया जाता है। इस पूरे पर्व में मुठवा देव, हनुमान, पनघट देव, बाघ देव, नागदेव, खेड़ा देव आदि की पूजा होती है। कोरकू लोग अपने देवी-देवताओं के चबूतरे पर गाते-बजाते हैं, जिसे धाम कहते हैं। कोरकू समाज में भी इस पर्व पर बलि देने की मान्यता है। इस पर्व से संबंधित कुछ निषेध भी हैं - दशहरे के पहले खलिहान नहीं लीपा जा सकता, अशुभ माना जाता है। दशहरा पर अस्त्र-शस्त्र पूजन के साथ प्रकृति के वाहक इस समुदाय में नीलकंठ दर्शन और सोने अर्थात शमी के पत्ते का अर्पण शुभकारी है।

त्यौहार सम्पन्न होने तक सागौन के पत्तों की पोटिया भी नहीं बनाए जा सकते बाँस काटना भी वर्जित है। सागौन के पत्तों की तह करके बंडल बनाने को पोटिया कहते हैं, ये पोटिया घर की छपरी आदि बनाने के लिए वाटर प्रूफ का काम करते हैं। मुठवा देव की पूजा से पहले हनुमान की पूजा करते हैं। हनुमान को लंगोट और नारियल चढ़ाया जाता है। हनुमान की पूजा सबसे पहले करने की मान्यता के पीछे इनका तर्क है कि हनुमान रगटवा सामान अर्थात खून आदि स्वीकार नहीं करते। जबकि मुठवा देव को शराब व चूजा भेंट किया जाता है। मुठवा देव की पूजा के बाद पनघट देव, बाघ देव, नागदेव, खेड़ा देव की पूजा होती है। पूजा के बाद सागौन या खाखरा के पत्तों में भोजन कराया जाता है। भोजन से निवृत्त होने के बाद सभी सागौन के छह-छह पत्ते तोड़ते हैं। इन छह पत्तों से पोटिया बनाते हैं। इस नियम को पूरा करने के बाद लोग सागौन के पत्ते तोड़ सकते हैं। ये परम्पाराएं आज भी पुरातन भाव से चलायमान है।

सनातन-हिन्दू धर्म का जनजातीय समाज एक अभिन्न अंग अपने विकासकाल से ही रहा है, यह अलग बात है कि सभ्यताओं के विकास एवं लगातार आक्रमणों के कारण जनजातीय समाज के स्थान परिवर्तन एवं परम्पराओं, संस्कृति, विवाह, रीतिरिवाज, पूजा पध्दति, बोली एवं कार्यशैली में भले ही आंशिक अन्तर दिखता हो। किन्तु वर्तमान परिप्रेक्ष में सनातन हिन्दू समाज की जनजातीय एवं गैर जनजातीय इकाइयों का मूल तत्व एवं केन्द्र हिन्दुत्व की धुरी ही है।

## मध्य पूर्व में होता समुद्र-मंथन


"अलक़ायदा हो या आई एस आई एस,पूरी दुनिया जानती है कि आतंक के पर्याय समझे जाने वाले यह दोनों ही आतंकी संगठन अमेरिका की ही सरपरस्ती में खड़े किये गए। ओसामा बिन लाडेन व तालिबानी प्रमुख मुल्ला उम्र को तो सऊदी अरब का भी संरक्षण हासिल था। याद कीजिये इन आतंकी संगठनों की कैसे कैसी दिल दहलाने वाली विडिओ बाक़ायदा एक बड़ी साज़िश के तहत टी वे पर दिखाई जाती थी जिसमें यह दुर्दांत आतंकी लोगों को लाइन में खड़ाकर कभी गोली मारते तो कभी सर क़लम करते तो कभी ज़िंदा दफ़्न करते दिखाई देते थे।"


तनवीर जाफ़री

पूरा विश्व गोया इस समय बारूद के ढेर पर बैठा हुआ है। सामने से तो यही नज़र आ रहा है कि एक तरफ़ कल तक सोवियत संघ के रूप में साथ रहने वाले दो देश रूस व यूक्रेन युद्धरत हैं तो दूसरी तरफ़ इस्राईल बनाम ईरान-हमास -लेबनान व हूती के बीच युद्ध चल रहा है। परन्तु दरअसल इन दोनों ही ख़ूनी संघर्षों के पीछे उसी अमेरिका की मुख्य भूमिका है जो दुनिया में सबसे अधिक अमन पसंदी, शांति, मानवाधिकार, लोकतंत्र और आतंकवाद को कुचलने जैसी बातें करता है। परन्तु जहाँ अमेरिका को अपने राजनैतिक हित साधने होते हैं वहां उसके यह सभी आदर्श धरे के धरे रह जाते हैं। इस समय अमेरिकी शह और उसी के भरोसे पर जहां यूक्रेन, रूस जैसी महाशक्ति से टकरा कर स्वयं को तबाह कर बैठा है वहीँ इस्राईल भी अमेरिका की ही सरपरस्ती में ख़ूनी खेल खेलने में लगा हुआ है। पश्चिमी देशों की शह पर ही वह इस्राईल जिसने कभी रहम की भीख मांगकर अरब की सरज़मीं पर अपने अस्तित्व को बचाया था। वह इस्राईल जिसे लेकर पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने यह निर्णय दिया है कि फ़िलिस्तीनी क़ब्ज़े वाले क्षेत्रों में इस्राईल की उपस्थिति "ग़ैर क़ानूनी " है। जिसके बारे में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने कहा है कि इस्राइल ने पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम में क़ब्ज़ा करने, स्थायी नियंत्रण लगाने और बस्तियां बनाने की नीतियों को लागू करके, वहां क़ब्ज़ा करने वाली शक्ति के रूप में अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने यह भी कहा है कि इस तरह की हरकतें "क़ब्ज़े वाले फ़िलिस्तीनी क्षेत्र में इस्राईल की मौजूदगी को ग़ैर क़ानूनी " बनाती हैं। इस क्षेत्र में इस्राईल की निरंतर मौजूदगी "अवैध" है और इसे "जितनी जल्दी हो सके" समाप्त किया जाना चाहिए। वही अवैध राष्ट्र आज उन्हीं अरब क्षेत्र के लोगों की जान का न केवल दुश्मन बना हुआ है बल्कि अमेरिकी शह और अपनी सैन्य शक्ति के बल पर इसी धरती पर ग्रेटर इस्राईल के गठन का सपना भी संजोये बैठा है।

इन हालात को पैदा करने के लिये अमेरिका ने दशकों से एक बड़ी साज़िश रची है। अमेरिका व इस्राईल ने शिया-सुन्नी विवाद का फ़ायदा उठाकर अरब देशों के सामने ईरान का हौव्वा खड़ा करने का एक सफल चक्रव्यूह रचा। अरब देशों के सामने ईरान को विलेन के रूप में पेश किया और अमेरिकी संरक्षण में उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया। इसके बदले में अमेरिका सऊदी अरब सहित मध्य पूर्व के और भी कई तेल उत्पादक देशों से ईरान से सुरक्षा के नाम पर अपनी मर्ज़ी की क़ीमत पर तथा मनचाही मात्रा में तेल दोहन किया करता है। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिका के इन पिछलग्गू अरब देशों को अपने अपने देश में लोकतंत्र का गला घोंटने,किसी भी तरह का दमन चक्र चलाने,मानवाधिकारों का हनन करने अपनी बादशाहत चलाने व तानाशाही की भी खुली छूट है। मध्य पूर्व के अनेक देश ऐसे भी हैं जिनकी पूरी अर्थव्यवस्था अमेरिका के हाथों गोया गिरवी रखी हुई।

अब इस क्षेत्र में कोई बड़ी ताक़त सर न उठा सके अपने इसी षड्यंत्र के तहत अमेरिका ने पहले तो इराक़ को तबाह किया फिर ईरान को आतंकी देश और शैतान की धुरी तथा इसे समूचे अरब जगत के लिये ख़तरा बताना शुरू कर दिया। पूरी दुनिया के विभिन्न देशों में आतंक की इबारत लिखने व करोड़ों बेगुनाहों की मौत का ज़िम्मेदार अमेरिका ही अब ख़ुद यह तय करता है कि कौन सा देश आतंकी है, कहाँ की सेना आतंकी है, और कहाँ का शासक आतंकवाद का संरक्षक है। तेल ख़रीदने, हथियार बेचने और वर्चस्व के इसी घिनौने खेल में इस समय इस्राईल, अमेरिका का मोहरा बनकर ग़ाज़ा से लेकर लेबनान तक क़हर बरसा रहा है। क्या अस्पताल क्या स्कूल क्या रिहायशी इलाक़े तो क्या शरणार्थी कैम्प, बाज़ार, बच्चे, बूढ़े महिलायें कोई भी कहीं भी अमेरिकी शह पर होने वाली इस्राईली सैन्य कार्रवाई ख़ासकर हवाई बमबारी से सुरक्षित नहीं है।

इसके बावजूद ईरान ने अपने जनरल क़ासिम सुलेमानी हमास प्रमुख इस्माईल हनिया व हिज़्बुल्ला सुप्रीमो हसन नसरुल्लाह की हत्या के बाद पिछले दिनों इस्राईल पर रॉकेट की बौछार कर यह जता दिया कि ईरान की पृष्ठभूमि व इनकी नस्ल वह नहीं जो सांसारिक शक्तियों के आगे घुटने झुका दे। हज़रत मुहम्मद,व उनके घराने के हज़रत अली व हुसैन को मानने वाली ईरानी नस्ल का रिश्ता उस हुसैन के घराने से है जिसने 1450 वर्ष पूर्व अपने समय की महाशक्ति सीरयाई यज़ीदी सेना के आगे अपना सिर नहीं झुकाया था। जबकि निश्चित रूप से अमेरिका व इस्राईल की गोदी में खेलने वाले वही अरब शासक हैं जिनके पूर्वज जैसे आज अमेरिका की ग़ुलामी में लगे हैं उसी तरह 1450 वर्ष पूर्व भी यही लोग यज़ीदी सेना के हिमायती थे और हुसैन के क़त्ल व करबला की घटना के ज़िम्मेदार थे। यही ईरान उस समय तक अमेरिका की आँखों का तारा था जब तक यहाँ का शाह पहलवी अमेरिका की गोद में बैठा रहता था परन्तु इस्लामी क्रांति के बाद जब से ईरान ने अमेरिका नहीं बल्कि ईश्वर महान है की नीति पर चलना शुरू किया तब से ईरान, अमेरिका को शैतान व आतंकी नज़र आने लगा ?

अलक़ायदा हो या आई एस आई एस,पूरी दुनिया जानती है कि आतंक के पर्याय समझे जाने वाले यह दोनों ही आतंकी संगठन अमेरिका की ही सरपरस्ती में खड़े किये गए। ओसामा बिन लाडेन व तालिबानी प्रमुख मुल्ला उम्र को तो सऊदी अरब का भी संरक्षण हासिल था। याद कीजिये इन आतंकी संगठनों की कैसे कैसी दिल दहलाने वाली विडिओ बाक़ायदा एक बड़ी साज़िश के तहत टी वे पर दिखाई जाती थी जिसमें यह दुर्दांत आतंकी लोगों को लाइन में खड़ाकर कभी गोली मारते तो कभी सर क़लम करते तो कभी ज़िंदा दफ़्न करते दिखाई देते थे। आतंकियों को यह छूट इसीलिये मिली थी ताकि उनकी इन वहशियाना हरकतों के चलते इस्लाम को बदनाम किया जा सके व इसे आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले धर्म के रूप में प्रचारित किया जा सके। काफ़ी हद तक अपने इस मिशन में अमेरिका व इस्राईल को सफलता भी मिली। दूसरी तरफ़ जनरल क़ासिम सुलेमानी व हिज़्बुल्लाह सुप्रीमो हसन नसरुल्लाह जैसे निडर रहबर ही थे जिन्होंने अमेरिका व इस्राईल द्वारा पोषित आई एस आई एस की कमर तोड़ कर रख दी। इनके विरुद्ध जिहाद बोलकर सीरिया,इराक़ व आसपास के क्षेत्रों से इन्हें खदेड़ कर इनका वजूद ही समाप्त कर दिया। इन परिस्थितियों में अरब जगत इस समय एक बड़े समुद्र मंथन के दौर गुज़र रहा है। अरब के चाटुकार शासक भले ही अवैध राष्ट्र इज़राईल व अमेरिका की गोद में बैठकर अपनी बुज़दिली का सुबूत क्यों न दे रहे हों परन्तु अरब की अवाम ईरान द्वारा फिलिस्तीनियों के हक़ में इस्राईल पर किये गये मिसाईल हमलों को बड़ी ही उम्मीद व हसरत भरी नज़रों से देख रही है। इस समुद्र मंथन के परिणाम स्वरूप अरब जगत में आने वाले दिनों में कोई बड़ी उथल पुथल भी दिखाई दे सकती है।

## राहुल गांधी की अमरीका में टिप्पणियांः सच या दुर्भावना

राम पुनियानी

अमरीका की अपनी हालिया यात्रा के दौरान राहुल गांधी (आरजी) ने लोगों के साथ कई बार बातचीत की। ऐसी ही एक बैठक के दौरान उन्होंने दर्शकों के बीच बैठे एक सिक्ख से उसका नाम पूछा। वे भारतीय राजनीति के दो ध्रुवों की चर्चा कर रहे थे और भारत में संकीर्ण कट्टरपंथी राजनीति के ज्यादा प्रबल और आक्रामक होने की ओर बात कह रहे थे। उन्होंने उन सज्जन की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि भारत में "संघर्ष इस मुद्दे पर है कि उन्हें सिक्ख होने के नाते, पगड़ी पहनने दी जाएगी या नहीं, या कड़ा पहनने की इजाजत होगी या नहीं। या वे एक सिक्ख के रूप में गुरूद्वारे जा पाएंगे या नहीं। लड़ाई इसी बात की है। और यह मुद्दा सिर्फ उन तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी धर्मों के लिए प्रासंगिक है।"

यह स्पष्ट है कि सिक्खों का उदाहरण दिया जाना केवल एक संयोग था और उनका इशारा भारत में अल्पसंख्यकों को आतंकित करने की व्यापक प्रवृत्ति की ओर था। भाजपा के कुछ सिक्ख और अन्य नेताओं ने आरजी पर हमला किया और हमेशा की तरह उन पर राष्ट्रविरोधी, विभाजक होने सहित कई अन्य आरोप लगाए। इन आलोचनाओं में सांस्कृतिक अधिकारों और समाज के भिन्न-भिन्न तबकों के भिन्न आचार-व्यवहार के मुद्दे की जानबूझकर उपेक्षा की गई। इस अवसर का उपयोग भाजपा ने एक बार फिर आरजी पर हमला करने के लिए किया। वे पहले भी भाजपा के निशाने पर रह चुके हैं। आरजी ने एक ट्वीट कर अपने सपनों के भारत की अवधारणा को स्पष्ट किया "हमेशा की तरह भाजपा झूठ का सहारा ले रही है। वे मुझे चुप कराना चाहते हैं क्योंकि वे सच्चाई का सामना नहीं कर सकते। मैं हमेशा भारत को परिभाषित करने वाले मूल्यों के पक्ष में बोलता रहूंगा - अनेकता में एकता, समानता और आपसी प्रेम।"

आरजी की भावनाओं से बेखबर केबिनेट मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित एक लेख में लिखा कि सिक्खों को सिर्फ 1980 के दशक के दौरान समस्याओं का सामना करना पड़ा। उनका इशार देश के कई हिस्सों, विशेषकर दिल्ली में हुए सिक्खों के नरसंहार की ओर था। उन्होंने आरजी के नजरिए को मोहम्मद अली जिन्ना जैसा बताया, जो देश का विभाजन करवाने पर तुले हुए थे। उन्होंने इस बारे में कुछ नहीं कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, जिनमें से बहुत से सिक्ख थे, की मांगों की कई महीनों तक पूरी तरह उपेक्षा की और उसके बाद ही किसान विरोधी कानूनों का वापिस लिया। उस दौरान हुए व्यापक विरोध में भाग लेने वाले सिक्खों को खालिस्तानी बताया गया था।

जहां तक 1984 के नरसंहार का सवाल है, उसके दोषियों को कभी माफ नहीं किया जा सकता। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मनमोहन सिंह, जो एक दशक तक प्रधानमंत्री रहे, ने इसके लिए क्षमाचायना की थी और हमारी अपेक्षा है कि हिंसा के दोषियों के विरूद्ध शीघ्रातिशीघ्र उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी। 1984 के अपराधियों को कई दशकों तक दंडित न किया जाना अत्यंत निंदनीय है।

इस तथ्य की ओर ध्यान नहीं दिया जाता कि आरएसएस-भाजपा इस नरसंहार के दौरान सिक्खों के बचाव के लिए आगे नहीं आए। बल्कि, इसके विपरीत, शमसुल इस्लाम, जो भारत में कट्टरपंथ के जोर पकड़ने के विषय के प्रमुख अध्येताओं में से एक हैं, दावा करते हैं कि आरएसएस ने भी इस भयावह नरसंहार में भागीदारी की। "इस आपराधिक मिलीभगत का महत्वपूर्ण प्रमाण आरएसएस के एक प्रमुख विचारक स्वर्गीय नानाजी देशमुख द्वारा 8 नवंबर 1984 को जारी किया गया 'अंतरात्मा की खोज का समय' शीर्षक वाला एक दस्तावेज है (जिसे जार्ज फर्नांडीज द्वारा संपादित हिंदी पत्रिका प्रतिपक्ष में प्रकाशित किया गया था)। इससे उन कई अपराधियों के चेहरों पर से नकाब हटाने में मदद मिल सकती है जिन्होंने बेकसूर सिक्खों के कत्ल किए और उनके साथ दुष्कर्म किया, जिनका इंदिरा गांधी की हत्या से कोई लेनादेना नहीं था। इस दस्तावेज से इस बारे में भी जानकारी मिल सकती है कि वे स्वयंसेवक कहां से आए थे, जिन्होंने योजनाबद्ध ढंग से सिक्खों की हत्याएं कीं। नानाजी देशमुख इस दस्तावेज में 1984 में सिक्खों के नरसंहार तो सही ठहराते नज़र आते हैं।"

आरजी की आलोचना से जुड़ा एक मुद्दा और है। कई सिक्ख समूह इसे सिक्ख पहचान को मान्यता देने के स्वागत योग्य कदम की तरह देख रहे हैं। पूर्व आरएसएस प्रमुख के. सुदर्शन ने एक वक्तव्य में कहा था कि सिक्ख धर्म वास्तव में हिंदू धर्म का एक पंथ (सम्प्रदाय) है और खालसा की स्थापना हिंदुओं की इस्लाम से रक्षा करने के लिए की गई थी। 2019 में मोहन भागवत ने कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है। इन दोनों वक्तव्यों के विरूद्ध कड़ी प्रतिक्रिया हुई थी।

# धान की फसल के लिए बेहद खतरनाक है यह कीट, गुणवक्ता के साथ घटाती है पैदावार!



**गंधी बग कीट आमतौर पर "राइस ईयरहेड बग" (लेप्टोकोरिसा ऑरेटोरियस) के नाम से पहचानी जाती है और यह धान की खेती में एक महत्वपूर्ण कीट है. धान की खेती में अक्सर विभिन्न कीटों से खतरा होता है, जिसमें धान का गंधी बग कीट या ईयरहेड बग एक महत्वपूर्ण कीट है. यह कीट धान की फसलों के लिए एक बहुत बड़ा खतरा है, क्योंकि यह सीधे धान के दानों के भीतर विकसित हो रहे चावल के दानों को खाता है, जिससे उपज में भारी नुकसान होता है. बिहार के अधिकांश जिलों में इस समय धान की फसल में बालियां निकलना शुरू हो गया है. ऐसे में धान की फसलों में गंधी कीट का प्रकोप भी देखने को मिल रहा है इस कीट के चलते धान की पैदावार 20 से 80 फ़ीसदी तक कम हो सकती है.**



धान में गंधी कीट का आक्रमण गंधी कीट के शरीर से हमेशा बहुत ही गंदी गंध आती है, जिसके चलते इसका नाम गंधी कीट पड़ा है. इस कीट से आक्रांत धान के खेत से दूर से ही गंध आती है. शुरुआत में यह कीट कोमल पत्तियों और तनों का रस चूसते हैं, जिससे पौधे कमजोर हो जाते हैं. यह कीट धान में बाली निकलते समय आक्रमण करता है और धान की बालियों में दूध को पी जाते हैं. ऐसा करने से धान की बालियों में लगे दानें सूख जाते हैं और उनमें दाने नहीं बनते है. इस कीट की एक मादा 250 से 300 अंडे देती है. मादा कीट धान के पत्तियों पर अंडे दे देती हैं. धान में जब बालियां लगने लगती हैं उसी समय ये कीट प्रजनन करते हैं और थोड़े ही दिन में इन अंड़ों से बच्चे निकल आते हैं. इस तरह इस कीट का प्रकोप काफी तेजी से बढ़ता है. ऐसे में फसल से गंदी गंध और धान की बालियां सूखने लगे, तो आपका समझ जाना चाहिए की फसल पर गंधी कीट का आक्रमण हुआ है और आपको तुरंत इसके प्रबंधन के लिए उपाय करने चाहिए अन्यथा भारी नुकसान हो सकता है.

## गंधी कीट का जीवन चक्र

गंधी कीट का जीवनचक्र समझना प्रभावी प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है. यह कीट एलीडिडे परिवार से संबंधित है और आमतौर पर एशिया के चावल उगाने वाले क्षेत्रों में पाया जाता है. इसके जीवन चक्र में आम तौर पर तीन चरण होते हैं: अंडा, निम्फ़ और वयस्क.

**अंडे देने की अवस्था:** मादा चावल के ईयरहेड कीड़े चावल के पौधे के तने या पत्तियों पर अपने अंडे देते हैं. ये छोटे, अंडाकार आकार के अंडे शुरू में पीले होते हैं और परिपक्व होने पर धीरे-धीरे भूरे रंग में बदल जाते हैं. अंडे के चरण की अवधि पर्यावरणीय परिस्थितियों के साथ बदलती रहती है लेकिन आम तौर पर लगभग 4 से 7 दिनों तक रहती है.

**निम्फ अवस्था:** एक बार जब अंडे फूटते हैं, तो निम्फ उभर आते हैं. वे वयस्क कीड़ों के छोटे संस्करणों से मिलते जुलते हैं लेकिन उनमें पंखों की कमी होती है. निम्फ कई इंस्टार्स से गुजरते हैं, जिसके दौरान वे पिघलते हैं और बढ़ते हैं. यह अवस्था आम तौर पर 15 से 20 दिनों तक रहती है, और इस अवधि के दौरान निम्फ चावल के दानों को खाते हैं.

**वयस्क अवस्था:** कई बार गलन से गुजरने के बाद, निम्फ वयस्क चावल के बाली कीड़ों में विकसित हो जाते हैं. वयस्कों की लंबाई लगभग 7 से 9 मिमी होती है, जिनका रंग विशिष्ट भूरा या हरा होता है. उनके पंख पूरी तरह से विकसित हो चुके हैं और वे उड़ सकते हैं. वयस्क चावल के दानों को खाना जारी रखते हैं और कई हफ्तों तक जीवित रह सकते हैं.

## गंधी कीट से होने वाले नुकसान

गंधी कीट या ईयरहेड कीड़े मुख्य रूप से अनाज भरने के चरण के दौरान धान की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, जो उपज निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि है. वे धान के विकसित हो रहे दानों में अपनी सुई जैसे मुखांग डालते हैं और भ्रूणपोष को खाते हैं, जिससे सीधा नुकसान होता है. इस भोजन गतिविधि के परिणामस्वरूप धान का दाना खाली या सिकुड़ा हुआ हो जाता है, जिससे फसल की गुणवत्ता और उपज दोनों कम हो जाती है. धान के ईयरहेड कीड़ों से होने वाली क्षति की सीमा कीट घनत्व, धान की विविधता और पर्यावरणीय स्थितियों सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है. गंभीर संक्रमण से उपज में 20% से लेकर 80% तक की हानि हो सकती है. इसके अलावा, क्षति तत्काल फसल के मौसम से आगे तक फैली हुई है, क्योंकि प्रभावित अनाज की खराब गुणवत्ता के कारण बाजार मूल्य कम हो सकता है.

## गंधी कीट का प्रबंधन

कीट से होने वाले नुकसान को कम करने और धान की फसलों की सुरक्षा के लिए, एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) रणनीतियों को नियोजित किया जाता है. ये रणनीतियाँ पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हुए कीटों की आबादी को कम करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों को जोड़ती है जैसे...

**कृषि कार्य:** उचित क्षेत्र प्रबंधन प्रथाएं धान की बाली कीड़ों के संक्रमण के जोखिम को कम करने में मदद करती हैं. इन प्रथाओं में जल्दी पकने वाली धान की किस्मों को लगाना, पौधों के बीच उचित दूरी बनाए रखना और कीट के जीवन चक्र को बाधित करने के लिए फसल चक्र का प्रयोग करना, संतुलित उर्वरकों का प्रयोग शामिल है.

**निगरानी और शीघ्र पता लगाना:** धान के इस कीट की उपस्थिति और जनसंख्या स्तर की निगरानी के लिए नियमित क्षेत्र निगरानी आवश्यक है. शीघ्र पता लगने से समय पर प्रबधन के उपाय करने से नुकसान में भारी कमी आती है.

**जैविक नियंत्रण:** प्राकृतिक शिकारी और परजीवी चावल के ईयरहेड बग की आबादी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं. आवास प्रबंधन और कीटनाशकों के कम उपयोग के माध्यम से इन लाभकारी कीड़ों की उपस्थिति को प्रोत्साहित करना प्रभावी हो सकता है. इसके अलावा नीम का तेल @4 मिली लीटर प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने से भी इस कीट को प्रबंधित किया जा सकता है.

**रासायनिक नियंत्रण:** जब कीटों की आबादी आर्थिक रूप से हानिकारक स्तर तक पहुँच जाती है, तो रासायनिक कीटनाशकों की आवश्यकता हो सकती है. गैर-लक्षित जीवों और पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने के लिए अनुशंसित कीटनाशकों की सस्तुति दर और समय का पालन करते हुए विवेकपूर्ण उपयोग करना आवश्यक है. धान के खेतों से जब गंध आने लगे तो किसानों को देर नहीं करनी चाहिए. जिन किसानों के खेतों से गंध आने शुरू हो गए हैं उन किसानों को यह समझ लेने चाहिए कि गंधी कीट उनके खेत में प्रवेश कर चुके हैं.

इससे बचने और कीटों के रोकथाम के लिए किसान मिथाइल पैराथियान डस्ट और इमिडाक्लोरोप्रिड नामक कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करें. इस कीट पर नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोरपिड 17.8 एसएल @ 1 मिलिलीटर प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें. इमिडाक्लोरपिड 17.5 एससी बाज़ार में कोन्फ़िडोर, विक्टर आदि नाम से आता है या थियामेथोक्सम जो की बाजार में एकतारा, ग्रीनतारा आदि नाम से आता है उसकी 1 ग्राम मात्रा प्रति दो लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें. बेहतर परिणाम के लिए छिड़काव सुबह 8 बजे से पहले या शाम 5 बजे के बाद करें. इस दवा का छिड़काव धान की बालियों पर करें.

## प्रतिरोधी किस्में

धान की उन किस्मों का प्रजनन जो चावल की बाली के कीड़ों के प्रति कुछ हद तक प्रतिरोध प्रदर्शित करती हैं, एक दीर्घकालिक रणनीति है. ये प्रतिरोधी किस्में चावल की फसलों को कीड़ों से होने वाले नुकसान की आशंका को कम कर सकती हैं.



# अधिक मुनाफा कमाने के लिए कैसे करें चीकू की खेती, जानें तरीका और इसके लाभ

**यदि आप भी फलों की खेती शुरू करना चाहते हैं तो चीकू की खेती करना आपके लिए मुनाफे का सौदा साबित हो सकती है. इस खेती में अच्छी बात ये है कि इसमें किसानों को लागत का दोगुना लाभ प्राप्त होता है. इसके अलावा सरकार की सब्सिडी योजना का लाभ लेकर भी लागत को कम किया जा सकता है. एक बार चीकू का पौधा लगाने पर 50 साल तक इसका पेड़ फल देता है. यानी किसान एक बार इसके पेड़ों को लगाकर कई सालों तक मुनाफ़ा कमा सकते हैं.**

यदि आप भी फलों की खेती शुरू करना चाहते हैं तो चीकू की खेती करना आपके लिए मुनाफे का सौदा साबित हो सकती है. इस खेती में अच्छी बात ये है कि इसमें किसानों को लागत का दोगुना लाभ प्राप्त होता है.

अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए किसान दलहन-तिलहन फसलों के साथ ही सब्जियों और फलों की खेती भी कर रहे हैं. ताकि कम लागत में अधिक मुनाफा कमाया जा सके. फलों की बाजार में हमेशा ही मांग रहती है और इनके दाम भी अच्छे रहते हैं.

यदि आप भी फलों की खेती शुरू करना चाहते हैं तो चीकू की खेती करना आपके लिए मुनाफे का सौदा साबित हो सकती है. इस खेती में अच्छी बात ये है कि इसमें किसानों को लागत का दोगुना लाभ प्राप्त होता है. इसके अलावा सरकार की सब्सिडी योजना का लाभ लेकर भी लागत को कम किया जा सकता है. एक बार चीकू का पौधा लगाने पर 50 साल तक इसका पेड़ फल देता है. यानी किसान एक बार इसके पेड़ों को लगाकर कई सालों तक मुनाफ़ा कमा सकते हैं.



## चीकू की खेती के लिए इन बातों का रखें ध्यान –

- चीकू की खेती के लिए बलुई दोमट व मध्यम काली मिट्टी अच्छी मानी जाती है. उथली चिकनी मिट्टी इसके लिए अच्छी नहीं मानी जाती.
- मिट्टी का पीएच मान 6 से 8 के बीच होनी चाहिए.
- इस फसल के विकास के लिए गर्म, आर्द्र जलवायु बेहतर मानी जाती है.
- एक साल में चीकू के पेड़ से दो बार फल प्राप्त किये जा सकते हैं.
- चीकू की खेती नर्सरी बनाकर की जाती है.
- इसके बाद पौधा लगाने के लिए गड्ढा खोदा जाता है.
- कुछ समय इस गड्ढे को खुला रखा जाता है. ताकि इसके अंदर के हानिकारक जीवाणु नष्ट हो जाए.
- सभी गड्ढों में खाद और बालू मिलाएं. इसके बाद ही रोपाई करें.
- रोपाई करने के लगभग एक साल बाद से ही प्रति पेड़ 4 से 5 टोकरी गोबर की खाद, अरंडी/करंज की खली और एनपीके पौधों को देना होगा. इसकी मात्रा को दस साल तक बढ़ाना होगा.
- गर्मियों के मौसम में 12 दिन के अंतराल में और सर्दियों के मौसम में 30 दिन के अंतराल में सिंचाई करनी बेहतर मानी जाती है.
- सिंचाई के लिए ड्रिप तकनीक का इस्तेमाल किया जा सकता है.
- कभी भी अनपके फलों की तुड़ाई नहीं करें. चीकू का 5 से 10 साल का पेड़ सालभर में करीब 250 से 1000 फल देते हैं.
- केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन चलाया जा रहा है. जिसमें बागवानी फसलों को 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है. सब्सिडी की जानकारी अपने क्षेत्र के उद्यान विभाग से भी प्राप्त की जा सकती है.






# क्या है कार्बन फार्मिंग, कैसे किसान इससे कमा रहे तगड़ा मुनाफा, जानें

**कार्बन फार्मिंग एक ऐसा तरीका है जिसमें किसान कार्बन के उत्सर्जन को कम करके मिट्टी में कार्बन की मात्रा को बढ़ाने पर फोकस किया जाता है. इस प्रक्रिया को पूरा करना ही कार्बन फार्मिंग है. इसके जरिये ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में कमी आती है. मिट्टी भी ज्यादा कार्बनिक बनती है जिससे मिट्टी की उत्पादकता बढ़ती है. ये आंकड़े सामने आ चुके हैं की दुनियाभर में ग्रीन हाउस गैस का जितना भी उत्सर्जन होता है उसका एक तिहाई योगदान मिट्टी से उत्सर्जित कार्बन का होता है.**

कार्बन फार्मिंग एक ऐसा तरीका है जिसमें किसान कार्बन के उत्सर्जन को कम करके मिट्टी में कार्बन की मात्रा को बढ़ाने पर फोकस किया जाता है. इस प्रक्रिया को पूरा करना ही कार्बन फार्मिंग है. इसके जरिये ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में कमी आती है.

आजकल कार्बन उत्सर्जन पूरी दुनिया के लिए चिंता का कारण बन चुका है. लेकिन कार्बन फार्मिंग करने वाले किसानों की आय बढ़ रही है. इससे किसानों की आय में वृद्धि हो रही है. साथ ही मिट्टी की उर्वरकता में भी बढ़ोत्तरी होती है.





## क्या होती है कार्बन फार्मिंग

कार्बन फार्मिंग एक ऐसा तरीका है जिसमें किसान कार्बन के उत्सर्जन को कम करके मिट्टी में कार्बन की मात्रा को बढ़ाने पर फोकस किया जाता है. इस प्रक्रिया को पूरा करना ही कार्बन फार्मिंग है. इसके जरिये ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में कमी आती है. मिट्टी भी ज्यादा कार्बनिक बनती है जिससे मिट्टी की उत्पादकता बढ़ती है. ये आंकड़े सामने आ चुके हैं की दुनियाभर में ग्रीन हाउस गैस का जितना भी उत्सर्जन होता है उसका एक तिहाई योगदान मिट्टी से उत्सर्जित कार्बन का होता है. केवल भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया भर की सरकारें कार्बन फार्मिंग को बढ़ावा दे रही है.

## कार्बन फार्मिंग कैसे करें

- कार्बन फार्मिंग करने के लिए मिट्टी की जुताई कम की जाती है. ज्यादा जुताई करने पर कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है. इसके जरिये मिट्टी के अंदर कार्बनिक यौगिकों का अपघटन होता है. जो बातावरण में उत्सर्जित होते हैं.
- इसके अलावा जैविक खेती के इस्तेमाल करके भी कार्बनिक खेती को बढ़ावा मिल सकता है.
- किसान मिश्रित खेती करके भी कार्बनिक खेती को बढ़ावा दे सकते हैं. जैसे अरहर और मूंग की खेती एक साथ करके मिट्टी को ज्यादा उपजाऊ बनाया जा सकता है.
- वन कटाई, स्थाई भूमि संरक्षण, वन प्रबंधन, घास के मैदानों के संरक्षण से भी कार्बनिक खेती को बढ़ावा मिलता है.
- ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जल वायु परिवर्तन को कम करने के लिए कार्बनिक फार्मिंग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है.
- दुनिया में कार्बनिक उत्पादों की मांग भी बढ़ती जा रही है. लों भी केमिकल वाले खाद्य पदार्थों से बचना चाहते हैं, जिसके कारण इसकी मांग बढ़ती जा रही है.



# इजरायल ने हिज्बुल्लाह ठिकानों पर 100 लड़ाकू विमानों से बरसाए बम

लेबनानी नागरिकों को अवली नदी ओर समुद्र तट पर ना जाने की दी चेतावनी

तेल अवीव,(ईएमएस)। इजरायल ने हिज्बुल्लाह के हमलों का जवाब अपने 100 लड़ाकू विमानों के साथ लेबनान में 120 साइटों को निशाना बनाकर दिया। ये विमान करीब 1 घंटे तक बम बरसाते रहे। आईडीएफ प्रवक्ता ने लेबनानी नागरिकों को अगली सूचना तक अवली नदी से दक्षिण की ओर समुद्र तट पर या नावों पर रहने से बचने की चेतावनी दी है।

आईडीएफ ने सोमवार को यह ऐलान किया कि उसने उत्तरी इजराइल में एक नया क्लोज्ड मिलिट्री जोन घोषित किया है। लेबनान में इजराइली ग्राउंड ऑपरेशन शुरू होने के बाद से यह चौथा क्लोज्ड मिलिट्री जोन है, जो मेडिटेरेनियन सी से पूर्व की ओर फैला है। आईडीएफ ने एक बयान में कहा कि हमारे विमानों ने हिज्बुल्लाह की कई यूनिट्स को टारगेट किया है, जिनमें सदर्न फ्रंट की रीजनल यूनिट्स, रादवान फोर्सेज, मिसाइल और रॉकेट फोर्स और इंटेलिजेंस यूनिट शामिल थे।

आईडीएफ के मुताबिक यह हवाई हमला हिज्बुल्लाह के कमांड एंड कंट्रोल और फायरिंग क्षमताओं को नष्ट्र करने के लिए था साथ ही इजराइली ग्राउंड ऑपरेशन में शामिल सैनिकों को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के उद्देश्य से ये हवाई हमले किए गए। इजराइल में 7 अक्टूबर के हमले की बरसी पर शोक सभाएं चल रही थीं और दूसरी ओर उसकी सेना कई मोर्चों पर युद्ध लड़ रही थी। इजरायल ने लेबनान में अपने ग्राउंड ऑपरेशन का विस्तार किया और आईडीएफ की थर्ड डिवीजन भी युद्ध में शामिल हो गई।



बता दें कि गाजा में इजराइली हमलों में 42 हजार के करीब आम नागरिक की मौत हो चुकी है जिसका पूरी दुनिया में विरोध हो रहा है। इजरायल समय-समय पर यह कहता रहा है कि उसने गाजा में हमास को हरा दिया है। इजरायली सैन्य अभियानों में आई तेजी के बावजूद हिज्बुल्लाह ने सोमवार को पूरे दिन 130 से ज्यादा रॉकेट दागे। इनमें से ज्यादातर रॉकेट हाइफा को टारगेट करके दागे गए थे, जो इजराइल का तीसरा सबसे बड़ा शहर है। यमन से हूती द्वारा दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को इजराइली एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही मार गिराया। इजरायली सेना ने कहा कि लेबनान से हिज्बुल्लाह द्वारा दागे गए रॉकेट्स को आयरन डोम ने इंटरसेप्ट करके नष्ट कर दिया, जबकि कुल खाली इलाकों में गिरे।

युद्ध के और भीषण होने की आशंका जताई जा रही है क्योंकि इजराइल ने पिछले हफ्ते ईरान द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए मिसाइल हमले का बदला लेने का वादा किया है। इजराइल किसी भी समय ईरान पर हमला कर सकता है। वहीं, तेहरान ने दोहराया है कि वह अपनी धरती पर किसी भी इजराइली हमले का जवाब देगा। इस बढ़ते संघर्ष में अमेरिका के भी शामिल होने की संभावना है।

### गाजा में ईजराइल के खिलाफ लंबी लड़ने को हम पूरी तरह तैयार : हमास

इजराइली दावों के बीच हमास ने ऐलान किया कि वह गाजा पट्टी में इजराइल के खिलाफ लंबी लड़ने को पूरी तरह तैयार है। मीडिया रिपोर्ट में फिलिस्तीनी ग्रुप की मिलिट्री विंग अल-कस्साम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू उबैदा ने एक वीडियो जारी कर कहा कि हम इजराइल के खिलाफ एक लंबे और दर्दनाक युद्ध को जारी रखेंगे। उबैदा ने यह बात सोमवार को 7 अक्टूबर इजराइली हमले की वर्षगांठ के अवसर पर कही। बता दें पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर हमला किया था जिसमें करीब 1200 लोग मारे गए थे और 250 से ज्यादा को हमास ने बंधक बना लिया था। माना जा रहा है 100 से ज्यादा बंधक अभी भी हमास के कब्जे में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक उबैदा ने दावा किया कि इस लड़ाई में सभी मोर्चों पर और पूरे गाजा में हमने इजराइली के सैकड़ों सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया है, इजराइली वाहनों को नष्ट किया और अपनी रणनीति को परिष्कृत किया है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष आपराधिक दुश्मन यानी इजराइल के खिलाफ है। बंधकों के संबंध में उबैदा ने कहा कि पहले दिन से ही हमने अपने बंदियों की सुरक्षा तय कर रखी है, लेकिन नेतन्याहू की महत्वाकांक्षाओं ने उन्हें एक साल तक वापस लौटने से रोक रखा है। उबैदा ने चेतावनी दी कि बंधकों का भाग्य अब इजराइली सरकार के फैसलों पर निर्भर है। अगर इजराइली सेना आगे बढ़ती है तो उनकी स्थिति और खराब हो सकती है। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इजराइली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या 41,909 हो गई है। गाजा में इजराइल का मिलिट्री ऑपरेशन अब भी जारी है। इस बीच इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनकी सरकार काम को पूरा करेगी और गाजा से शेष बंधकों को मुक्त कराएगी। उन्होंने कहा कि हम युद्ध तब समाप्त करेंगे जब हम अपने सभी लक्ष्य पूरे कर लेंगे। इनमें हमास के दुष्ट शासन को उखाड़ फेंकना, सभी बंधकों की वापसी, गाजा से इजराइल के लिए किसी भी खतरे को नाकाम करना, दक्षिण और उत्तर में हमारे निवासियों को सुरक्षित रूप से उनके घरों में वापसी शामिल है। नेतन्याहू ने हमले की पहली बरसी पर शोक सभा में यह बात कही।

### हमास के हमले में गाजा में कई इजराइली सैनिकों की मौत!

हमास की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने उत्तरी गाजा में एक हमले में कई इजराइली सैनिकों को मारने और घायल करने का दवा किया है। मीडिया रिपोर्ट में अल-क़सम ब्रिगेड के एक प्रेस बयान में कहा कि उसके सदस्यों ने एंटी-कार्मिक बम के जरिए से 10 इजराइली सैनिकों के एक समूह को सफलतापूर्वक निशाना बनाया, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में काफी सैनिक हताहत हुए और कई घायल हुए हैं। बयान में यह भी कहा गया कि ब्रिगेड ने एक हेलीकॉप्टर को उतरते देखा, लेकिन घटना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।



दक्षिणी इजरायल में एक सुरक्षित ठिकाने में एक महिला अपने बच्चे के साथ मोमबत्तियां जलकर पिछले साल सात अक्टूबर को हुए हमास के हमलें में मारे गये लोगों को याद करती हुई।

# अब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को दी नसीहत कहा- हमें ज्ञान ना दे, अपने घर में झांकें

इस्लामाबाद(ईएमएस)। दुनिया में इस वक्त चौतरफा अशांति फैली हुई है। इसी बीच पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनातनी की खबरें भी डराने लगी हैं। पाकिस्तान और तालिबान के बीच काफी समय से तनातनी चल रही है। इसकी एक बड़ी वजह आतंकियों को पनाह देने का मुद्दा रहा है। पाकिस्तान की ओर से तालिबान पर आरोप लगाए जाते रहे हैं कि अफगानिस्तान की जमीन पर आतंकियों को शरण मिल रही है। वहीं तालिबान सरकार की ओर से पाक पर ही कई गंभीर आरोप लगाए जाते रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने तालिबान सरकार के इस्लामाबाद में तनावपूर्ण स्थिति पर आए बयान को खारिज करते हुए कहा कि अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार (एआईजी) हमें सीख देने के बजाय अपनी घरेलू समस्याओं को ठीक करने पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करे। रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थकों के इस्लामाबाद की ओर मार्च करने के बाद हुई अशांति पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि पाकिस्तान में सरकार और विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच तनाव पैदा हो रहा है, जिसका पूरे क्षेत्र पर नकारात्मक असर हो सकता है।

पाकिस्तान विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने सोमवार को अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की ओर से आए बयान को तुच्छ कहते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि तालिबान की ओर से पाकिस्तान के घरेलू मामलों में ये गैरजरूरी और निंदनीय हस्तक्षेप है। बलूच ने कहा, एक लोकतांत्रिक देश को व्याख्यान देने के बजाय एआईजी को अपनी घरेलू समस्याओं को ठीक करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वह समावेशिता को प्राथमिकता दें और अपने अधिकारों में कटौती करने के बजाय महिलाओं और लड़कियों के लिए शिक्षा के अधिकार सहित अपने स्वयं के लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं के प्रति उत्तरदायी रहें।

# इजरायल-हमास की जंग में पिस रहे फिलिस्तीनी

गाजा(ईएमएस)। इजरायल और हमास के अंतहीन नजर आने वाले इस युद्ध में सबसे ज्यादा नुकसान फिलिस्तीन की आम जनता का हो रहा है। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि हमास और इजरायल की जंग में उनका क्या कुसूर है? उन्हें किस बात की सजा दी जा रही है।जबलिया से जारी एक फुटेज में दिखाया गया कि लड़के साइकिल चला रहे थे और दुकानदार कम सामान वाले बाजार के स्टॉल संभाल रहे थे। क्षेत्र में छोटे बच्चों की आवाजें गूंज रही थीं, जबकि महिलाएं थकी हुईं धूल भरी पगडंडी पर चल रही थीं। इजरायली सेना ने लोगों को गाजा के उत्तर से खान यूनिस के अल-मवासी में इजरायल की तरफ से तय किए हिस्से में जाने के लिए कहा।लेकिन निवासियों का कहना है कि वे अन्य स्थानों पर शरण की तलाश में घिरे हुए इलाके से भागने की कोशिश करने से हिचकिचा रहे हैं क्योंकि इजरायली सेना की तरफ हमास के आतंकवादियों को निशाना बनाते हुए उन हिस्सों पर भी कई इजरायली हमले हुए हैं, जिसे उन्होंने 'सेफ जोन' घोषित कर रखा था। एक शख्स ने बताया, मुझे नहीं पता कि कहां जाना है, हमने क्या किया? हमारे पास बच्चे हैं, महिलाएं हैं, बुजुर्ग हैं। हम सब कहां जाएं? हमें क्या करना चाहिए? क्या हमें खुद को मार लेना चाहिए?उन्होंने कहा, मैं मर जाऊंगा लेकिन दक्षिण की तरफ नहीं जाऊंगा। इजरायल के बमबारी से 20 अन्य रिश्तेदारों की रक्षा करने की कोशिश कर रहे शख्स ने कहा, हम प्रतिरोध कर रहे हैं और उत्तर नहीं छोड़ेंगे, भले ही मैं यहां मर जाऊं। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, ताजा हमलों से गाजा में मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या अब 42,000 के करीब पहुंच गई है।

### बड़ा सवाल : ईरान में भूकंप था या परमाणु परीक्षण

तेहरान(ईएमएस)। ईरान एक ऐसा देश है जहां भूकंप आते रहते हैं, लेकिन 5 अक्टूबर को देश में आए भूकंप ने यह चर्चा शुरू कर दी है कि क्या ईरान ने परमाणु परीक्षण किया है? भूकंप के समय और स्थान ने लोगों को ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जोड़ने पर मजबूर कर दिया और यह सवाल उठाया कि क्या इस्लामी देश अपने परमाणु हथियार बनाने के करीब है। हालांकि, परमाणु क्षमताओं का परीक्षण करने का मतलब यह नहीं है कि कोई देश हफ्तों के भीतर एक एक्टिव परमाणु हथियार हासिल कर लेगा। तेहरान युनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ जियोफिजिक्स ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर 4.4 तीव्रता का भूकंप अरदान काउंटी, सेमनान प्रांत में सुबह 10:45 बजे दर्ज किया गया। यह भूकंप 12 किमी की गहराई पर आया।

# खुमैनी की राह पर चल रहे खामनेई, इजराइल के खिलाफ सबको कर रहे एकजुट

तेलअवीव,(ईएमएस)। क्या इज़राइल और ईरान के बीच युद्ध छिड़ने वाला है? इसको लेकर दोनों देश ही नहीं पूरी दुनिया चिंतित हैं। पिछले दो दशकों में इज़राइल और ईरान के बीच सियासी सरगर्मियां तेज और फिर ठंडी होती रही हैं लेकिन इस साल की शुरुआत तक ऐसा नहीं था। ईरान के सर्वोच्च नेताअयातुल्ला अली खामेनेई ने हाल ही देश के नाम पर अपने संबोधन की शुरुआत लोगों से एकजुट रहने की अपील के साथ की। उन्होंने कहा कि आप लोग अल्लाह के बताए रास्ते से नहीं हटे। मुसलमान एकजुट होकर रहना होगा। हमें प्यार मोहब्बत से रहना होगा। उनका उपदेश ईरानियों को उनके पूर्ववर्ती और इस्लामिक गणराज्य के संस्थापक, अयातुल्ला रूहुल्लाह मुसावी खुमैनी की याद दिला सकता है, जो हमेशा दुनिया के मुसलमानों से इज़राइल को खत्म करने के लिए एकजुट होने का आग्रह करते थे।

बता दें ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस के तहत सीरिया के दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजराइली हवाई हमले के कुछ महीने बाद ईरान ने 13-14 अप्रैल, 2024 की रात को इजराइली ठिकानों पर 300 बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और आत्मघाती ड्रोनों से हमला कर दिया था। हमले का उद्देश्य कम से कम नुकसान पहुंचाना था। तेहरान ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-2 के रूप में उन हमलों को दोहराने में कुछ हद तक कामयाब हो गई। ईरान में भी कई वरिष्ठ सरकारी पदों पर मोसाद के एजेंट होने की बात सामने आ रही है। इजराइली जासूसी प्रयासों को विफल करने के लिए प्रमुख ईरानी खुफिया इकाई का प्रमुख एक इजराइली एजेंट था। डिवीजन के 20 अन्य खुफिया संचालक इजराइली एजेंसी मोसाद के एजेंट पाए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मोसाद के एजेंट तेहरान के एक गोदाम में घुस गए और छह घंटे के ऑपरेशन में तिजोरियां तोड़कर 100,000 से ज्यादा वर्गीकृत कागजात ले गए। मोसाद की घुसपैठ ने न केवल ईरान की आंतरिक कमजोरियों को उजागर कर दिया है, बल्कि लेबनान में उसके प्रॉक्सी नेटवर्क की कमजोरियों को भी उजागर किया है। हिज्बुल्लाह एक शिया इस्लामी संगठन है, जिसे 1980 के दशक में लेबनान में शुरू किया गया था। यह संगठन मुख्य रूप से इस्राइल के खिलाफ संघर्ष के लिए बना था। धीरे-धीरे यह एक सशक्त राजनीतिक और सैन्य संगठन बन गया। इस संगठन को ईरान का समर्थन है। हालांकि इस्राइल समेत कई देश इसे एक आतंकी संगठन के तौर पर देखते हैं।

## संघर्ष के बीच भारत का फैसला, लेबनान को भेजेंगे मदद, अमेरिका-इजराइल हैरान

बेरुत,(ईएमएस)। भारत ने इजराइल और ईरान के बीच संतुलन बनाकर दुनिया में ये साबित कर दिया कि वह अपने सभी दोस्तों के साथ खड़ा है। इस बार भारत ने लेबनान को मेडिकल सहायता देने का फैसला किया है। ये कदम अपने आप में बड़ी कूटनीतिक है। मध्य पूर्व में टकराव इजराइल और उसके पड़ोसी देशों के बीच बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। इजराइल और लेबनान के हिजबुल्लाह के बीच के संघर्ष ने एक बड़ा रूप ले लिया है। इसके साथ इजराइल, ईरान के खिलाफ भी लंबे समय से लड़ाई जारी रखे हुए है। लेकिन इन सब के बीच भारत ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है। भारत ने न तो किसी पक्ष का समर्थन किया और न ही किसी से दुश्मनी मोल ली। हाल की घटनाओं के चलते कई पश्चिमी और यूरोपी देश इजराइल से दूरी बना रहे हैं। जी7 के सात देशों में केवल अमेरिका ही इजराइल का खुलकर समर्थन कर रहा और हथियार भी सप्लाई कर रहा है।

कई देशों ने इजराइल के खिलाफ सख्त रूख अपनाते हुए हथियारों की सप्लाई रोक दी है। अभी हाल ही में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इजराइल को हथियारों की सप्लाई रोकने की बात कह दी थी। अब भारत ने भी अपनी कूटनीति का परिचय देते हुए इजराइल और ईरान दोनों के साथ अपने संबंधों को बनाए रखा है। इजराइल के हमलो में लेबनान के कई आम नागरिक घायल हुए हैं। इस स्थिति को देखते हुए भारत ने लेबनान के लिए मेडिकल किट और अन्य उपकरण भेजना का फैसला लिया है। ये फैसला उसकी फ्रेंडशिप फर्स्ट नीति को दिखाता है जहां वह अपने दोस्त देशों की मदद करने से कभी पीछे नहीं हटता है। लेबनान में भारत के इस कदम की तारीफ की है। लेबनान के राजदूत ने भारत का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ये मदद न केवल एक मानवतावादी कदम है बल्कि ये भारत अपने दोस्तों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहता है। बता दें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनई ने कहा है कि भारत में मुसलमानो का उत्पीड़न हो रहा है।

# हमास लगातार ने देता रहा हमलों का जवाब पर, इजरायल के हमले से दुनिया हिल गई

गाजा(ईएमएस)। पिछले एक साल से इजरायली सेना एक साथ कई देशों से जंग लड़ रही है। बीते एक साल में इजरायल पर हुए हमलों के आंकड़ों पर नजर डालें तो गाजा से हमास ने 13200, लेबनान से हिजबुल्लाह ने 12400, ईरान से 400, यमन से हूती ने 180 और सीरिया से 60 लॉन्च दागे गए। इराक की तरफ से भी दर्जनों लॉन्च इजरायल पर दागे गए। इसमें बैलिस्टिक मिसाइल, सर्फेस टू सर्फेस मिसाइल, रॉकेट और यूएवी शामिल रहे।

इजरायल के इतिहास में एक साल पहले 7 अक्टूबर 2023 को उसके ऊपर सबसे बड़ा हमला हुआ। इसमें हजारों इजरायली नागरिकों की मौत हो गई। इस हमले में इजरायल के गुरूर को तोड़ दिया था। लेकिन उसके बाद इजरायल ने जिस तरह से जवाब दिया उससे पूरी दुनिया हिल गई। अब भी इजरायली सेना का अटैक लगातार जारी है।

आईडीएफ ने गाजा और दक्षिणी लेबनान में ग्राउंड ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। लेकिन हमास की तरफ से हुआ हमला इजरायल के लिए इतना बड़ा इंटेलिजेंस फेल्योर था कि उसने दुनिया में सबसे बेहतरीन खुफिया और सुरक्षा एजेंसी होने का तमगा भी छीन लिया। लेकिन, हिजबुल्लाह पर पेजर हमले ने वो तमगा वापस दिला दिया। गाजा में जमीनी हमले के साथ साथ आईडीएफ ने सबसे पहले हुए किबुत्ज बेरी हमले की जांच भी की और रिपोर्ट भी जारी की थी। आईडीएफ ने इस बात को भी माना कि उनसे गंभीर गलतियां हुईं और वे किबुत्ज बेरी के निवासियों की रक्षा करने में नाकाम रहे। इस घटना के बाद से ही आईडीएफ कई जांच शुरू की जिसमें से पश्चिमी नेगेव क्षेत्र सबसे बड़े किबुत्ज बेरी की जांच रिपोर्ट सबसे पहले जारी की थी। रिपोर्ट के मुताबिक 7 अक्टूबर की सुबह 6:30 हमास का हमला कुछ आतंकियों के जरिये शुरू हुआ और देखते देखते हमास के आतंकियों की तादाद 340 के करीब पहुंच गई। इस हमले में हमास ने 101 लोगों को मौत के घाट उतार दिया और 30 इजरायली नागरिकों को अगवा कर लिया। यही नहीं नोवा पार्टी में शामिल दो लोगों जो कि किबुत्ज बेरी में पनाह लेने के लिए पहुंचे थे उन्हें भी हमास के आतंकी अगवा कर गाजा ले गए थे।

तीन दिनों तक चली लड़ाई में सेना ने आतंकवादियों पर काबू तो पा लिया लेकिन सुरक्षा बलों के 31 सदस्य जिसमें क्विक रेस्पॉन्स टीम, आईडीएफ के सैनिकों और इजरायल पुलिस के अधिकारी और सैनिक मारे गए। जांच रिपोर्ट में इस बात को माना गया कि सेना की वीरता और बहादुरी के साथ-साथ, गंभीर गलतियां भी हुईं। आईडीएफ किबुत्ज बेरी के निवासियों की रक्षा करने के अपने मिशन में नाकाम रहा। रिपोर्ट का निष्कर्ष ये बताता है कि लड़ाई के पहले सात घंटों में किबुत्ज बेरी के निवासियों ने दुश्मन के खिलाफ लगभग अकेले ही लड़ाई लड़ी।

### इजराइल खामनेई के घर और रिव्ल्यूशनरी गार्ड मुख्यालय पर कर सकता है हमला

इजराइल और हमास के बीच की जंग ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामनेई के घर और ईरानी रिव्ल्यूशनरी गार्ड के मुख्यालय को अपने निशाने पर लिया है। ऐसे में माना जा रहा है कि क्या इजराइल की इन जगहों पर बम गिराने की योजना है और अगर ऐसा है तो इसका नतीजा क्या होगा? इजराइल और ईरान के बीच का तनाव अब और भी ज्यादा खतरनाक रूप ले रहा है। इजराइल और ईरान के बीच गुप्त हमले और साइबर युद्ध जैसी गतिविधियां नजर आ रही है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर इजराइल हमेशा से चिंतित रहा है। अब इजराइल ईरान के प्रमुख ठिकानों पर हमले की बात कर रहा है। ये संघर्ष एक बड़े युद्ध में तब्दील हो सकता है। ईरान के विदेश मंत्री ने दमिश्क में कहा कि हम गाजा और लेबनान में संघर्ष विराम करने का प्रयास कर रहे हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल को अपनी रक्षा करने और इन हमलों का जवाब देने का अधिकार है और वह ऐसा करेगा। लेबनान पर उन्होंने कहा कि अभी हमारा काम खत्म नहीं हुआ है।

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से सवाल किया कि क्या आप ईरान के न्यूक्लियर साइट पर हमले का समर्थन करेंगे। बाइडेन ने कहा नहीं। उन्होंने कहा कि हम इजराइल के साथ बात कर रहे हैं कि वे क्या करने वाले हैं लेकिन उनके अनुपात का ध्यान रखना चाहिए।

## एससीओ बैठक में आने वाले सभी सदस्यों का पाकिस्तान स्वागत करेगा: बलूच

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि वह इस महीने पाकिस्तान जाने वाले हैं और उनकी यह यात्रा एससीओ बैठक को लेकर हो रही है। जयशंकर ने साफ कहा कि वह बहुपक्षीय वार्ता में हिस्सा लेने जा रही ना कि भारत-पाकिस्तान संबंधों पर बात करने। वह एससीओ का एक जिम्मेदार सदस्य होने के नाते पाकिस्तान जा रह हैं। अब इसको लेकर पाकिस्तान ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा कि आधिकारिक तौर पर अधिसूचना मिल गई है और वह एससीओ बैठक में सभी भाग लेने वाले सदस्यों का स्वागत करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय बैठकों के बारे में आपके प्रश्न के संबंध में, मैं आपको 5 अक्टूबर को भारतीय विदेश मंत्री द्वारा की गई टिप्पणियों का संदर्भ देना चाहूंगी, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी यात्रा एक बहुपक्षीय कार्यक्रम के लिए है, न कि पाकिस्तान-भारत संबंधों पर चर्चा करने के लिए।

बता दें पुलवामा आतंकी हमले के जवाब के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में तनाव आ गया था। जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को वापस लेने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने की घोषणा के बाद संबंध और खराब हो गए। धारा 370 को निरस्त करने के बाद पाकिस्तान ने भारत के साथ राजनयिक संबंधों को कमतर कर दिया। भारत यह कहता रहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य संबंध चाहता है, लेकिन इस तरह के संबंधों के लिए आतंक और शत्रुता से मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी इस्लामाबाद की है।

## अर्जेंटीना में डेंगू के मामले 576,000 के पार

ब्यूनस आयर्स (ईएमएस)। अर्जेंटीना में अब तक डेंगू के मामले 576,000 के पार पहुंच गए है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में राष्ट्रीय महामारी विज्ञान बुलेटिन में अनुमान लगाया गया है कि 2024 के पहले 39 हफ्तों में देश भर में डेंगू के कुल 576,728 मामले सामने आए हैं। पिछले कुछ सप्ताहों में अर्जेंटीना ने गर्मी से पहले रोकथाम अभियान चलाया है, क्योंकि गर्म और बारिश के मौसम की स्थिति के कारण यह बीमारी तेजी से बढ़ती है। अभियान में 48 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में रहने वाले 15 से 39 वर्ष की आयु के लोगों को टीके लगाना शामिल है। यह टीका अभियान 19 सितंबर को शुरू हुआ।

वहीं अर्जेंटीना के उत्तरी भाग में स्थित दो प्रांत चाको और फॉर्मोसा में बीमारी के ज्यादा मरीज सामने आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 14वें एपिडेमियोलॉजिकल वीक के बाद से डेंगू के मामलों में निरंतर गिरावट आई है। लेकिन वहीं अर्जेंटीना के उत्तरी क्षेत्रों में अभी भी मामले सामने आ रहे हैं। इसी के चलते संघीय सरकार और प्रांतों ने डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण के लिए 2024-2025 के लिए रणनीतिक योजना शुरू की गई है। जो प्रत्येक जिले की जरूरतों के अनुकूल काम करेगी।

## जयशंकर एससीओ बैठक में लेंगे भाग, पाकिस्तान से संबंधों पर नहीं करेंगे बात

करांची,(ईएमएस)। भारत ने पाकिस्तान के निमंत्रण का सम्मान करते हुए कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर पाकिस्तान जाएंगे। एससीओ कॉन्फ्रेंस में भारत शिरकत करेगा। लेकिन पाक मीडिया को ये बात हजम ही नहीं हो रही है। पाकिस्तानी टीवी चैनल में बैठे एक्सपर्ट्स उन्हें समझा रहे हैं और दूसरी तरफ पाकिस्तानी आवाम शहबाज सरकार को कोस रही है। जयशंकर ने कहा कि मैं इस महीने पाकिस्तान जाने वाला हूं और ये मेरी यात्रा एससीओ मीटिंग के मद्देनजर होगी। एस जयशंकर ने साफ कर दिया कि मैं बहुपक्षीय वार्ता में हिस्सा लूंगा। भारत और पाकिस्तान के संबंधों पर बात करने नहीं जा रहा हूं। मैं एससीओ का एक जिम्मेदार सदस्य होने के नाते वहां जा रहा हूं। कुल मिलाकर कहें कि पाकिस्तान ने एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर की आगामी इस्लामाबाद यात्रा के दौरान द्विपक्षीय मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत से इनकार कर दिया।

भारत ने घोषणा की कि जयशंकर इस्लामाबाद में एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पाकिस्तान में एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। जयशंकर ने अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान द्विपक्षीय वार्ता की संभावनाओं से इनकार किया है। जयशंकर की यात्रा और भारत-पाकिस्तान संबंधों के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को इस यात्रा के संबंध में आधिकारिक सूचना मिल गई है और वह सभी सदस्यों का स्वागत करने के लिए तैयार है।

## कनाडाई महिला का आरोप......अप्रवासी भारतीयों को प्राथमिकता दे रही कंपनी

ओटावा (ईएमएस)। कनाडाई महिला, क्लॉस आर्मिनियस, ने लोकप्रिय कॉफीहाउस और रेस्तरां चेन टिम हॉर्टन्स इंक पर भेदभाव का आरोप लगा दिया है। उन्होंने पोस्ट में कहा कि कंपनी कनाडाई नागरिकों के बजाय भारतीयों को नौकरी देने को प्राथमिकता दे रही है। उनके आरोप के बाद कनाडाई लोगों के बीच मुद्दे पर बहस छिड़ गई है, जिसमें कुछ ने उनके आरोप को सही, जबकि कुछ ने गैरजरुरी बताया है।

आर्मिनियस ने बताया कि टिम ने पहले कनाडाई कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया और जब उन्होंने इसकी शिकायत की, तब उन्हें नौकरी से निकाल दिया। उन्होंने कहा, कंपनी भारतीयों का पक्ष लेती है, जो देश की विविधता और समावेशी चरित्र के खिलाफ है। उनके पोस्ट को 45 लाख लोग देख चुके हैं। पोस्ट में कहा, इंडियन मैनेजर ने विशेष रूप से भारतीय अप्रवासियों को काम दिया। एक तरह के लोगों को भर्ती करने से काम करने का वातावरण प्रभावित हुआ। जब मैंने अपनी चिंताओं को कंपनी के मैनेजमेंट के सामने रखा, तब उन्हें खारिज कर दिया गया। इसकारण मुझे अपनी चार साल पुरानी नौकरी खोनी पड़ी।

## पाकिस्तान एयर लाइन ने लगेज के पैसे मांगे तो भड़का जाकिर नाइक, हिंदुओं की करने लगा तारीफ

कराची(ईएमएस)। भारत के खिलाफ आग उगलने वाला इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक से पाकिस्तान एयर लाइंस(पीएआई) ने अतिरिक्त लगेज के पैसे मांगे तो भड़क गया। उसके पास करीब 1000 किलोग्राम सामान था। जिसे मुफ्त में ले जाना चाहता था। इसी बात पर बहस हुई तो भारत का उदाहरण देते हुए उसने कई तर्क दिए हिंदुओं की तारीफ की। बता दें कि 2016 में ढाका में हुए आतंकी हमलों के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा मामला दर्ज किए जाने के बाद इस्लामिक उपदेशक भारत से भाग गया। इसके बाद से वह मलेशिया में रह रहा है। भारत ने उसके प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है, लेकिन मलेशिया ने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है। केंद्र ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया है। उसके इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन पर प्रतिबंध लगा दिया है और उसका पासपोर्ट रद्द कर दिया है।

नाइक 1 अक्टूबर को पाकिस्तान पहुंचा और 28 अक्टूबर तक वहां रहने वाला है। उसने कराची में समर्थकों को संबोधित करते हुए ये बातें कही हैं। उसने कहा, जब मैं पाकिस्तान आ रहा था, तो हमारे सामान का वजन करीब 1000 किलोग्राम था। मैंने पीआईए के सीईओ से बात की। स्टेशन मैनेजर ने मुझे आश्वासन दिया कि वह मेरे लिए कुछ भी करने को तैयार है। जब मैंने उन्हें बताया कि मेरे पास 500 से 600 किलोग्राम अतिरिक्त सामान है और मेरे साथ छह लोग यात्रा कर रहे हैं तो उन्होंने मुझे 50 प्रतिशत छूट की पेशकश की। मैंने उनसे कहा कि या तो सामान मुफ्त में दे दें या छोड़ दें। मैंने छूट लेने से मना कर दिया। जाकिर नाइक ने दावा किया कि जब कोई गैर-मुस्लिम उसे भारत में देखता है तो वे उसे मुफ्त में जाने देता है। उसने पूछा, यह भारत है जहां लोग डॉ. जाकिर नाइक को देखते हैं और 1,000 से 2,000 किलोग्राम अतिरिक्त सामान माफ कर देते हैं। लेकिन पाकिस्तान में मैं सरकार का मेहमान हूं और मेरे वीजा पर राज्य अतिथि लिखा हुआ है। इसके बावजूद पीआईए सीईओ मुझे 50 प्रतिशत छूट दे रहे हैं?जाकिर नाइक ने शिकायत की कि एयरलाइंस ने उनसे हर 1 किलो अतिरिक्त सामान के लिए 101 मलेशियाई रिंगिट (लगभग 2,137 रुपये) का शुल्क लिया। उसने दुख जताते हुए कहा, मुझे बहुत दुख हुआ कि पीआईए मुझे राजकीय अतिथि के तौर पर 300 किलो अतिरिक्त सामान ले जाने की अनुमति भी नहीं दे सका।उसने कहा, मुझे आपकी छूट नहीं चाहिए। मुझे सच बोलने में दुख हो रहा है, लेकिन पाकिस्तान में यही स्थिति है। भारत में जब कोई हिंदू मुझे देखता है तो वह कहता है डॉ नाइक हमेशा सच बोलेंगे। आज की तारीख में भारत गलत नहीं है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गलत हैं। भारत में मुझे जो सम्मान मिलता है। पाकिस्तान में भी लोग मुझे पसंद करते हैं।

# घर पर इस तरह बनाएं टोनर, चेहरे का करें मसाज, खिल उठेंगी आप



**मौसम चाहे जो भी हो, हर स्त्री की तमन्ना होती है कि उसकी स्किन खासतौर से फेस एकदम साफ-सुथरा और सुंदर हो। लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्किन का डल होना, एक्ने और स्किन इचिंग जैसी समस्याएं आम हैं। ऐसे में आपकी क्लीन एंड क्लियर फेस पाने की चाहत कैसे पूरी हो। अब आपको पार्लर जाकर महंगे-महंगे ट्रीटमेंट करवाने की आवश्यकता नहीं है। बस कुछ रूल्स फालो कीजिए और पाइए एक दमकती स्किन। तो आईए जानते हैं कुछ ऐसे ही रूल्स के बारे में-**

## सफाई का रखें खास ध्यान

सबसे पहला और महत्वपूर्ण नियम है सफाई। चेहरे की नियमित सफाई के बिना एक क्लीयर फेस पाना नामुमकिन है। इसलिए दिन में कम से कम दो बार अपना चेहरा अवश्य धोएं। यदि आपकी स्किन ड्राई है तो चेहरे पर साबुन की बजाय कोई माइल्ड फेस वॉश ही इस्तेमाल करें। इसके अतिरिक्त क्लिजिंग का भी सही प्रकार से प्रयोग करना बेहद आवश्यक है। कभी क्लिजिंग के लिए कोई लोशन या क्रीम इस्तेमाल करते समय उसे हमेशा चेहरे पर नीचे से ऊपर की ओर सर्कुलर मोशन में ही एप्लाई करें। इससे क्लिंजर स्किन की तह तक जाकर अधिक से अधिक गंदगी को निकाल बाहर करेगा और आपको मिलेगी एक क्लीयर स्किन। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि आप दिन में दो बार से ज्यादा अपना फेस वॉश न करें। इससे आपके चेहरे का नेचुरल ऑयल खो जाता है और त्वचा एकदम रूखी व बेजान हो जाती है। इतना ही नहीं, जब भी आप ऑफिस से शाम को घर आएं तो अपना चेहरा फेसवॉश से जरूर धोएं। बाद में स्किन को मॉइश्चराइज करने के लिए फेस मॉइश्चराइजर या टोनर का इस्तेमाल भी अवश्य करें। इससे आपकी स्किन के ओपन पोर्स भी बंद हो जाते हैं और गंदगी आपके चेहरे की भीतरी तह तक नहीं जा पाती।



## घर पर बनाएं टोनर

वैसे तो मार्केट में ढेरों टोनर्स अवेलेबल हैं लेकिन अगर आप चाहें तो घर पर भी टोनर बनाकर उसे स्टोर कर सकती हैं। इनमें आप खीरे का रस निकालकर स्टोर कर लें या फिर इसे कद्दूकस करके इससे आईसक्यूब जमा लें। बाद में आप इससे अपने चेहरे पर मसाज भी कर सकती हैं। यह एक बेहतरीन टोनर है। इसके अतिरिक्त रोज वॉटर भी एक नेचुरल टोनर है। फेसवॉश करने के बाद इसे आसानी से अप्लाई किया जा सकता है। चेहरे को क्लीन एंड क्लीयर बनाने के लिए आप 20-25 नीम के पत्ते को पानी तब तक उबालें, जब तक वह पानी हरे रंग का न दिखाई देने लगे। आप इसे किसी बोतल में भरकर स्टोर कर लें तथा हर रोज शाम को इस पानी को कॉटन पर लेकर चेहरे पर अप्लाई करें। यह एक नेचुरल स्किन टोनर की तरह काम करता है। इस पानी से चेहरे का एक्सट्रा ऑयल भी कंट्रोल होता है।

## जब करें मेकअप

आजकल महिलाएं सिर्फ पार्टियों में ही नहीं, बल्कि डे-टू-डे की लाइफ में भी मेकअप का इस्तेमाल करने लगी हैं। ऐसे में मेकअप से स्किन को होने वाली हानियों से बचाना भी बेहद जरूरी है। इसलिए जब भी आप मेकअप करें तो उसे हमेशा डाउनवर्ड मोशन में ही अप्लाई करें। अर्थात् मेकअप हमेशा उपर से नीचे की ओर लगाना चाहिए। इससे आपकी स्किन तो निखरेगी ही, साथ ही मेकअप भी स्किन के ऊपर ही रहेगा और तह तक न जाने से त्वचा को किसी प्रकार का नुकसान भी नहीं होगा। इसके अतिरिक्त रात को सोने से पहले कभी भी मेकअप रिमूव करना न भूलें।

## ब्रेक भी है जरूरी









यदि आप डेली रूटीन में मेकअप का प्रयोग करती हैं तो यह बेहद आवश्यक है कि आप अपनी स्किन को भी ब्रेक दें। जिस दिन आपको घर से बाहर न जाना हो या फिर ऑफिस की छुट्टी हो तो स्किन को भी ब्रेक दें। इससे आपकी स्किन को एक दिन के लिए हर प्रकार की एलर्जी व केमिकल्स के छुटकारा मिल जाएगा और आपको एक्ने व अन्य स्किन संबंधी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## एक्स्फोलिएशन को दें अहमियत

स्किन चाहे जैसी भी हो, उसे भीतरी तौर पर साफ करने के लिए एक्स्फोलिएशन की अदद दरकार होती है। एक्स्फोलिएशन के जरिए त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाकर स्किन को फ्रेश व रेडिएंट बनाया जा सकता है। एक्स्फोलिएशन करते समय इस बात का ध्यान रखें कि आप सिर्फ अपने चेहरे को ही तवज्जो न दें बल्कि अपनी पूरी बॉडी व सेंसेटिव होंठों को भी अवश्य एक्सफोलिएट करें।

# ये आदतें नहीं छोड़ीं तो हड्डियां हो जाएंगी खराब



अगर आप चाहते हैं कि आपका शरीर हेल्थी रहे तो इसके लिए हड्डियों का मजबूत होना भी बेहद जरूरी है। बढ़ती उम्र में हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए सही डायट के साथ-साथ लाइफस्टाइल भी हेल्थी होनी चाहिए। लेकिन जाने-अनजाने में हमारी कुछ गलत आदतों की वजह से हमारी हड्डियों को नुकसान पहुंचता है। आगे की स्लाइड्स में पढ़ें कि हमारी कौन सी आदते हैं जिनसे हड्डियों को होता है नुकसान...

## सॉल्टी फूड

चिप्स, दालमोठ, नमकीन जैसे स्नैक्स में सोडियम की मात्रा काफी ज्यादा होती है। इन्हें ज्यादा खाने से शरीर का कैल्शियम यूरिन के साथ बाहर निकल जाता है। इससे हड्डियां कमजोर होने लगती हैं।

## ज्यादा मीठा

ऐसे फूड या ड्रिंक्स जिसमें शुगर की मात्रा ज्यादा होती है उनमें फॉस्फोरिक ऐसिड जैसे केमिकल्स की भी काफी मात्रा होती है। इन्हें रोज खाने या पीने से हड्डियां कमजोर हो सकती हैं।

## ज्यादा कॉफी पीना

कॉफी में मौजूद कैफीन बोन मास डेंसिटी को कम करता है। इसकी ज्यादा मात्रा लेने से हड्डियां कमजोर होती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस की आशंका बढ़ जाती है।

## ज्यादा शराब पीना

शराब पीने से शरीर में कैल्शियम और विटमिन डी की कमी हो जाती है। इससे हड्डियां कमजोर हो जाती हैं।

## ज्यादा चॉकलेट खाना

चॉकलेट ज्यादा खाने से शरीर में शुगर और ऑक्सेलेट का लेवल बढ़ जाता है। इससे कैल्शियम सही तरह से अब्जॉर्ब नहीं होता और हड्डियां कमजोर होने लगती हैं।

## ज्यादा सप्लिमेंट का सेवन

अगर भोज्य पदार्थ के तौर पर सप्लिमेंट्स का सेवन किया जाए तो यह शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता लेकिन अगर इसका सप्लिमेंट ज्यादा मात्रा में लिया जाए तो यह हड्डियों को कमजोर बना देता है।

## जंक फूड खाना

जंक फूड जैसे बर्गर, पिज्जा और पास्ता में सोडियम की काफी मात्रा होती है। यह शरीर में कैल्शियम की मात्रा को कम करते हैं, जिससे हड्डियां कमजोर होती हैं।

# नियमित व्यायाम और योग से हर प्रोफेशन के लोगों को फिट रहने में मदद मिलेगी

**हर प्रोफेशन में फिटनेस की जरूरत है। आज बैंकिंग सेक्टर के लोग, नर्सें, आई और माइक्रो सर्जन कई तरह के दर्द से परेशान रहते हैं। नियमित व्यायाम और योग से हर प्रोफेशन के लोगों को फिट रहने में मदद मिलेगी। इससे वे बेहतर रिजल्ट भी दे पाने में सक्षम होंगे।**



प्लेयर्स के अलावा अन्य प्रोफेशनल्स फिटनेस का ख्याल नहीं रखते हैं। इसी वजह से उन्हें इंजरी होने की संभावना ज्यादा रहती है। रिसर्च और मेडिकल स्टडीज के मुताबिक, 90 परसेंट इंजीनियर्स में गर्दन व कमर की तकलीफें होती हैं। ये और बैंकर आठ से दस घंटे कंप्यूटर स्क्रीन पर काम करते हैं। इस दौरान हाथों और स्क्रीन पर पूरा ध्यान होने के कारण लगातार गर्दन, हाथ व कमर की मसल्स पर दबाव पड़ता है। यही दबाव उनमें दर्द की वजह बनता है। ये प्रोफेशनल्स अपनी कमर की मसल्स मजबूत बना लेंगे तो इन्हें किसी तरह की इंजरी नहीं हो पाएगी। वहीं, लंबे समय तक खड़े रहने के कारण टीचिंग और ट्रेफिक पुलिस से जुड़े लोगों में वैरिकोज वेन्स की प्रॉब्लम होना सामान्य है। पैरों पर दबाव पड़ने से नसों में खिंचाव आता है। इससे वेरिकोज वेन्स व कमर दर्द रहता है। इसलिए इन लोगों को पैरों की एक्सरसाइज करनी चाहिए। ताकि मसल्स मजबूत बनने से नसों में खिंचाव नहीं आ पाएं।


प्रोफेशनल और सामान्य व्यक्ति को फिटनेस के लिए चार से पांच तरह की एक्सरसाइज करनी चाहिए। योगा को ध्यान रखते हुए की जाने वाली ये प्रोन लाइन एक्सटेंशन एक्सरसाइज कहलाती है। इनमें अर्द्वभुजंग और पूर्ण भुजंग,शलभआसन शामिल हैं। इनमें एब्डोमिनल क्रंचेज और मैकंजी एक्सरसाइज भी शामिल हैं। इन्हें नियमित करने से कमर व पेट की मसल्स मजबूत बनेगी। कमर के साथ-साथ पेट की मसल्स मजबूत बनाना भी जरूरी है।

जिन प्रोफेशन में लंबे समय तक कंप्यूटर के सामने बैठना पड़ता है। उन्हें बैठने का तरीका बदलना चाहिए। लगातार कंप्यूटर स्क्रीन पर देखने से गर्दन पर दबाव पड़ता है। इससे मांसपेशियां और डिस्क कमजोर पड़ती है। हाथ-पैरों में जलन, दर्द व कमजोरी आना शुरू हो जाती है। इन पेशेंट्स को एर्गोनॉमिक सलाह दी जाती हैं। इसमें स्क्रीन का एंगल क्या होना चाहिए,स्क्रीन से कितनी दूरी बनाएं रखें, कॉपी-पैन कहां रखना चाहिए, आधे घंटे बैठने के बाद हाथों और गर्दन की फ्री एक्सरसाइज करें। इससे गर्दन पर बनने वाला प्रेशर कम होगा। मांसपेशियां मजबूत रहने से दबाव नहीं पड़ेगा।

ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी के दौरान मरीज को बेहोश करने की जरूरत नहीं है। अवैक ब्रेन सर्जरी टेक्निक में पेशेंट के वो एरिया डैमेज नहीं हो पाते हैं। जिनसे व्यक्ति बोलता है। यूरीन पास करता है और हाथ-पैर पर कंट्रोल रहता है। अन्यथा बेहोशी में होने वाली इस सर्जरी के वक्त पेशेंट के इन जरुरी एरियाज में डैमेज होने से बोलने, देखने, यूरीन पास करने की शक्ति खत्म हो सकती है। इस टेक्निक से सर्जरी करते वक्त वह बोलता रहता है।

# पौष्टिक आहार से बढ़ती है बच्चों की लंबाई

***सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से सभी वर्ग के परिवारों के बच्चों की लम्बाई पिछले कुछ दशकों में बढ़ी है। अब हर वर्ग के लोग अपने बच्चों को ज्यादा बेहतर और पौष्टिक आहार दे पा रहे हैं। पौष्टिक आहार का महत्व इतना है की इससे बच्चो की लम्बाई में करीब 4.5cm की बढ़त पिछले कुछ दशकों में हुई है।***



आज के दौर में प्रत्येक व्यक्ति को आकर्षक दिखने की चाह होती है । एक आकर्षक व्यक्तित्व का स्वामी वही होता है, जिसकी लम्बाई - चौड़ाई एक सही अनुपात में होती है। जिस व्यक्ति का कद लम्बा होता है , वह लोगों में अपनी एक अलग पहचान बना लेता है। आप को भी यह चाहत होती है की आप का बच्चा भी बड़ा होकर एक आकर्षक व्यक्तित्व का स्वामी बने। इसके लिए आपको अपने बच्चे के खान - पान और रहन - सहन का ध्यान रखना होगा।

सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से सभी वर्ग के परिवारों के बच्चों की लम्बाई पिछले कुछ दशकों में बढ़ी है। अब हर वर्ग के लोग अपने बच्चों को ज्यादा बेहतर और पौष्टिक आहार दे पा रहे हैं। पौष्टिक आहार का महत्व इतना है की इससे बच्चो की लम्बाई में करीब ४.५cm की बढ़त पिछले कुछ दशकों में हुई है।

अपने बच्चे की लम्बाई बढ़ाने के लिए उसके भोजन और व्यायाम दोनों पर ध्यान देना आवश्यक है , क्योंकि हार्मोनल असंतुलन और पौष्टिक भोजन के अभाव की वजह से भी बच्चे की लम्बाई नहीं बढ़ पाती है। कभी - कभी इसके लिए वंशानुगत कारण भी जिम्मेदार होते हैं।

कैल्शियम , आयरन मिनरल , विटामिन प्रोटीन से बनी चीज़े अपने बच्चे को नियमित रूप से खिलानी चाहिए। जिससे सही ढंग से बच्चे का विकास हो सके।

अपने बच्चे को रोज सुबह , शाम एक गिलास दूध में आधा चम्मच हल्दी और चार बूद शिलाजीत डालकर पिलाये।

दो चम्मच अश्वगंधा दूध के साथ पिलाये। प्याज़ और गुड़ एक साथ मिलाकर खिलाने से भी लम्बाई बढ़ती है।

दो काली मिर्च के साथ 20 ग्राम मक्खन के साथ खिलायें। अपने बच्चे को मशरुम , पनीर तथा दूध से बने सभी खाद्य - पदार्थ को किसी भी रूप में खिलाएं। इसके अतिरिक्त बादाम , दाल तथा टोफू में भी विटामिन डी पाया जाता है।

सूर्य की किरणे विटामिन डी का सबसे अच्छा श्रोत है , अतः बच्चे की लम्बाई बढ़ाने में यह चीज़े ज्यादा कारगर है।


चूना , पानी , दूध या दही में मिलाकर सेवन करने से बच्चे की लम्बाई 18 साल के बाद भी बढ़ सकती है।

बच्चों को कम से कम 8 घंटे की नींद ज़रूरी है।

बढ़ते हुए बच्चे को रोज व्यायाम तथा योगा भी करना चाहिये। प्रति दिन साइकिलिंग, रस्सी कूदना , बास्केट बॉल , बैडमिंटन , तैराकी भी करना चाहिये , जिससे हड्डियां तथा मांसपेशियां मज़बूत होती हैं , जो बच्चे की लम्बाई बढ़ाने में सहायक होती हैं।

हरी पत्ते दार सब्ज़ियां अपने बच्चे को खिलायें।

# मेथी, सौंठ और पीपली के लड्डू खाने से कोलेस्ट्रॉल नहीं बढ़ेगा



सर्दी लंबी चलने की वजह से व्यक्ति की बॉयोलॉजिकल क्लॉक बदल जाती है। इससे अवसाद,हाइपरटेंशन,दर्द, रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। वहीं, वायु से संबंधित बीमारियां बढ़ती हैं। इस बदलते हुए मौसम में ऐसी चीजें खाएं। जिनसे इंफेक्शन नहीं हो पाएं। पाचन शक्ति नहीं बिगड़े। खाने के बाद गर्म पानी में अजवाइन उबालकर पिएं। इसमें सेंधा नमक भी मिलाएं। शरीर में गर्माहट बनी रहें। मेथी, सौंठ, पीपली के लड्डू खाएं। इससे इंफेक्शन और प्रदूषण दोनों से बचाव होगा। रिसर्च में यह साबित हो चुका है कि घी खाने से कोलेस्ट्रॉल नहीं बढ़ता है। ये चीजें कोलेस्ट्रॉल भी घटाएगी। दो चम्मच अगस्त हरित रसायन का सेवन करें। द काली व सफेद मूसली, अश्वगंधा, काली मिर्च, तुलसी का सेवन बढा दें। तुलसी व कालीमिर्च को शहद के साथ लें। पानी में पांच तुलसी पत्ते और काली मिर्च लें। नाक में दो बूंद देसी घी डालने से ब्लड प्रेशर मेंटेन रहेगा।

## सीनियर सिटिजन की त्वचा में नमी की कमी से चेहरे पर आती हैं झुर्रियां

सीनियर सिटिजन के चेहरे पर झुर्रियां आने की संभावना बढ़ जाती है। इसकी वजह है कि डायबिटीज या किडनी की बीमारी के कारण बुजुर्ग कम पानी पीते हैं। इससे त्वचा में नमी की कमी हो जाती है। नमी बनाए रखने के लिए सरसों का तेल उपयोग में ला सकते हैं। दही की छाली भी उपयोगी है। सरसों का तेल एंटी फंगल का भी काम करता है। त्वचा में नमी कम होने से प्रोटेक्टिव लेयर खत्म हो जाती है। बुजुर्गों में 55-60 साल की उम्र के बाद अक्सर यह प्रॉब्लम होती है। क्योंकि वे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज कोलेस्ट्रॉल की दवाइयां लेते हैं। इससे एंटी कोलिजन एक्शन होने से उन्हें धूप व ऊनी कपड़ों से एलर्जी होती है। खुजलाहट करने से फोड़े-फुंसी हो जाते हैं। कोरोना सहित अन्य वायरस इंफेक्शन से बचाव के लिए जड़ी-बूटियों का काढ़ा पिएं। काढ़े के लिए भूम्यामलकी, वासा, कालमेघ, गुडुची, तुलसी, चिरायता, लौंग जैसी जड़ी बूटियां एक समान मात्रा में लीजिए। इसे दो गिलास पानी में जब तक उबालें तब तक यह एक चौथाई पानी नहीं रह जाए। सुबह-शाम इस गुनगुने पानी को पिएं। वायरस से प्रभावित लोग इसे दिन में तीन से चार बार पिएं। पांच लोंग, पांच तुलसी पत्ते, दस मुनक्का और गिलोय को दो लीटर पानी में उबालें। दिनभर यह गुनगुना पानी पिएं।

# बच्चे को शिक्षक ही सिखाता है उसके जीवन की सही राह

आप अपने बच्चे को शिक्षित करने के साथ ही साथ उसे गुरु का आदर करना भी सिखाएं, क्योंकि गुरु ही बच्चे की दिशा निश्चित करते हैं। उसे सही गलत का फर्क करना सिखाते हैं। जहाँ पर बच्चा गलत रास्ते पर जाता है। शिक्षक ही उसे सही राह दिखता है।

शिक्षक वर्तमान शिक्षा प्रणाली का आधार स्तम्भ माना जाता है। शिक्षक ही एक अबोध तथा बाल - सुलभ मन मस्तिष्क को उच्च शिक्षा व आचरण द्वारा श्रेष्ठ, प्रबुद्ध व आदर्श व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। प्राचीन काल में शिक्षा के माध्यम आश्रम व गुरुकुल हुआ करते थे। वहां गुरु जन बच्चों के आदर्श चरित के निर्माण में सहायता करते थे।



- शिक्षक का बच्चे के जीवन में अपार महत्त्व होता है। जो उसे सकारात्मक दिशा की ओर ले जाता है।
- भारतीय शिक्षा का एक मात्र उदेश्य मनुष्य को पूर्ण ज्ञान प्राप्त कराना था जिससे वह अंधकार से निकल कर ज्ञान के प्रकाश में विचरण करता था।
- अध्यापक वही महत्वपूर्ण होता है जो गरिमापूर्ण तरीके से विद्यार्थी वर्ग को अनुकूल तथा सकारात्मक दिशा में प्रभावित करने में सफल हो सके।
- वहीं शिक्षक उस गुलाब की तरह हैं, जो सदैव काँटों में रह कर सुगंध बाटँता हैं। देश को सक्षम बनाने में माता - पिता और शिक्षक की भूमिका अग्रणी होती है।
- प्रत्येक बच्चे को अपने गुरु की इज़्ज़त करनी चाहिए। माता भी अपने बच्चे की प्रथम शिक्षिका होती हैं, अतः इन सभी का आदर करना हर बच्चे का कर्तव्य है।

बच्चा भी अपने टीचर की हर बात मानता है, इसलिए यदि आपका बच्चा किसी बात को मानने में आना - कानी करता है तो उस बात को समझाने की ज़िम्मे दारी उसके शिक्षक को दे दें। वे आसानी से आपके बच्चे को समझा देंगे। खास कर छोटे बच्चे अपने टीचर के अंधभकक़्त होते हैं, वे उनकी हर बात का अनुकरण करते हैं।

आज की पिज़्ज़ा और मैग्गी संस्कृति से बाहर निकल कर हमारे बच्चों की सोच हमें अच्छी बनानी है। वह वैचारिक स्तर पर परिपक्व हो। आपके बच्चे का हर कदम एक ऐसा कदम हो जो, उसे एक अच्छे पथ पर ले चले। हमे अपने बच्चे को एक सैनिक की तरह बनाना है, जो की हर परिस्थितयो का सामना कर सके और यह एक शिक्षक के माध्यम से ही संभव है।

# रोहित शर्मा एनबीए मुकाबलों में नजर आये




आबूधाबी (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा आजकल अपने परिवार के साथ छुट्टियां मना रहे हैं। रोहित को इस दौरान बास्केटबॉल लीग एनबीए मुकाबलों में भी देखा गया। सोशल मीडिया पर रोहित के एनबीए मैच देखने की तस्वीरें भी आई हैं। तस्वीरों में रोहित अपनी पत्नी रितिका के साथ है। इसके अलावा उनकी एक तस्वीर महान फुटबॉलर इकर कैसिलास के साथ भी नजर आ रही है। रोहित शर्मा ने टी20 विश्वकप के बाद से ही इस प्रारुप से संन्यास ले लिया था। इसलिए आजकल उन्हें ब्रेक मिला है क्योंकि भारतीय टीम अभी टी20 सीरीज खेल रही है। अबू धाबी के एतिहाद एरिना में हो रहे एनबीए गेम में डेनवर नगेट्स और बोस्टन सेल्टिक्स के बीच मुकाबले में भी रोहित अपनी पत्नी रितिका के साथ वहां मौजूद थे। एनबीए ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रोहित की साझा करते हुए लिखा भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित ने टी20 विश्व कप 2024 से पहले न्यूयॉर्क में एक खास अवसर पर लैरी ओ ब्रायन ट्रॉफी भी देखी।

### रोहित 2027 एकदिवसीय विश्वकप जरूर खेलेंगे : कोच दिनेश लाड

रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड ने कहा है कि रोहित भले ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लें पर वह 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में जरूर खेलेंगे। रोहित ने जिस प्रकार टी20 विश्वकप जीतने के बाद इस प्रारुप से संन्यास लिया था। उसको देखते हुए लोगों का मानना था कि वह आने वाले समय में एकदिवसीय से भी संन्यास ले सकते हैं। इसका कारण उनका उनकी बढ़ती उम्र को बताया जा रहा है। कोच का कहना है कि रोहित भले ही टेस्ट क्रिकेट से जल्दी संन्यास ले लें पर वह 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में जरूर खेलेंगे। दिनेश लाड अभी मुंबई अंडर-19 टीम के कोच हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या रोहित शर्मा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के बाद एकदिवसीय और टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास ले लेंगे तो उन्होंने कहा कि ये बताना कठिन है। जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ रही है, उसे देखते हुए वह टेस्ट से संन्यास ले भी सकते हैं पर मैं यह दावे से कह सकता हूं कि वह 2027 का एकदिवसीय विश्व कप जरुर खेलेंगे।'

## सिंधु , लक्ष्य आर्कटिक ओपन में जीत से शुरुआत करना चाहेंगे





वंता (ईएमएस)। भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन अब आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत से वापसी करना चाहेंगे। सिंधू और सेन पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में असफल रहे थे। अब इन दोनो का ही लक्ष्य अपनी गलतियों से सबक लेते हुए अपने खेल कौशल को और निखारना रहेगा। सिंधु इस टूर्नामेंट में अनूप श्रीधर और कोरियाई कोच ली स्यून इल के मार्गदर्शन में उतरेगी। हाल ही में सिंधु ने इन दोनो को अपने कोचिंग दल में जोड़ा है।

वहीं लक्ष्य का ध्यान पिछले कुछ समय से अपनी फिटनेस को बेहतर बनाने पर रहा है। उन्होंने इस दौरान अपना अधिकतर समय ऑस्ट्रिया के रेड बुल एरेना में बिताया। आर्कटिक ओपन में सिंधु का पहला मुकाबला कनाडा की मिशेल ली से जबकि लक्ष्य का सामना डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा। सिंधु को दूसरे दौर में जापानी खिलाड़ी टोमाको मियाज़ाकी से खेलना होगा। लक्ष्य इससे पहले साल 2023 में इंडिया ओपन में रासमस से हार गये थे। अब वह किसी प्रकार ये मैच जीतकर हिसाब बराबर करना चाहेंगे। अगर वह इस मैच को जीते तो उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के सातवीं वरीयता प्राप्त टीएन चेन से हो सकता है। वहीं चोट के कारण चार महीने तक बाहर रहने वाले के श्रीकांत भी आर्कटिक ओपन में उतरेंगे। वहीं क्वालीफायर में भारत के श्रीकांत का मुकाबला जॉर्ज से होगा, जबकि सतीश फ्रांस के अरनॉड मर्कले से खेलेंगे। वहीं महिला एकल में सिंधू के अलावा फॉर्म में चल रही मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप भी उतरेंगी।

### आईसीसी ने आचारसंहिता उल्लंघन के लिए अरुंधति को फटकार लगायी

दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को कड़ी फटकार लगायी है। अरुंधति पर पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी20 विश्वकप में आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगा था। तेज गेंदबाज अरुंधति ने पाकिस्तान की निदा डार को आउट करने के बाद आक्रामकता दिखाने पर हुए निदा को पेवेलियन जाने का इशारा किया था। आईसीसी ने इससे आचार संहिता के खिलाफ बताया। अरुंधति ने पाक के खिलाफ मुकाबले में तीन विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आईसीसी के एक बयान के मुताबिक, '' अरुंधति को खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यों के लिए आईसीसी आचार संहिता तोड़ने का दोषी पाया गया है। यह किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान 'ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों' का उपयोग करने को लेकर है जिस अपमानजनक मानकर अउट होने वाला बल्लेबाज भड़क सकता है। '' अरुंधति को एक नकारात्मक अंक भी मिला है। यह 24 महीने के दौर में उनका पहला अपराध है।'' अरुंधति पर आरोप मैदानी अंपायर एलोइस शेरिडन और लॉरेन एजेनबैग के साथ तीसरे अंपायर जैकलीन विलियम्स और चौथे अंपायर क्लेयर पोलोसाक ने लगाया थे। लेवल एक के उल्लंघनों में न्यूनतम जुर्माना आधिकारिक फटकार के अलावा मैच फीस की 50 फीसदी रकम और एक या दो नकारात्मक अंक शामिल हैं।

## किस्मत से क्रिकेटर बन गये जुनैद



नई दिल्ली (ईएमएस)। ईरानी कप में मुम्बई की ओर से खेले जुनैद खान क्रिकेटर नहीं बनना चाहते थे किस्मत से उन्हें फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी जगह मिल गयी। जुनैद कन्नौज के रहने वाले हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार जुनैद काम की तलाश में मुम्बई आये थे। जुनैद ने कहा कि घर में पैसे की तंगी थी। इसलिए मैंने काम करना शुरु कर दिया। परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए मैं कन्नौज से मुम्बई पहुंचा था। मुंबई पहुंचने के बाद जुनैद ने एक कपड़े की फैक्ट्री में काम मिला। फिर वह ऑटोरिक्शा चलाने लगे। इस बीच वह एक बार अपने घर के करीब मुंबई के पूर्व विकेटकीपर मनीष बंगेरा की संजीवनी क्रिकेट अकादमी में पहुंचे। जुनैद हर बच्चे की तरह टेनिस-बॉल क्रिकेट खेलते थे लेकिन वहां पहली बार लेदर ऑल से उन्हें गेंदबाजी करने का मौका मिला। मनीष बंगेरा उनकी गेंदबाजी से प्रभावित हुए और लगातार गेंदबाजी करने को कहा गया। इसी के बाद वह भारतीय टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर की नजरों में आये। जुनैद ने कहा कि मनीष बंगेरा ने हर संभव तरीके से मेरी मदद की है। अगर वह नहीं होते तो मैं आज जहां हूं वहां कहीं भी नहीं होता। उन्होंने ही मुझसे कहा था कि ऑटोरिक्शा चलाना बंद करो और अपना सारा समय क्रिकेट को दो। फिर मैंने उनकी एकेडमी में ट्रेनिंग शुरू कर दी। जब उन्होंने मुझसे पिछले आईपीएल सीजन के लिए केकेआर में नेट गेंदबाज के रूप में शामिल होने के लिए कहा तो यह मेरे लिए सबसे अच्छा मौका था। मोहम्मद शमी को आदर्श मानने वाले जुनैद लोकल टूर्नामेंट में कमाल का प्रदर्शन किया। इसके बाद मुंबई के चयनकर्ताओं ने उन्हें बुची बाबू और केएससीए टूर्नामेंट में अवसर दिया। अब जुनैद का फर्स्ट क्लास डेब्यू उनके घरेलू राज्य के मैदान पर ही हुआ।

## मिस्ट्री स्पिनर के तौर पर जाने जाते हैं वरुण



नई दिल्ली (ईएमएस)। मिस्ट्री स्पिनर के नाम से लोकप्रिय वरुण चक्रवर्ती ने भारतीय टीम में शानदार वापसी की है। वरुण ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मैच में 31 रन देकर 3 विकेट लिए और बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। वरुण की लेग स्पिन गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश के बल्लेबाज बेबस नजर आये। वरुण ने पहले साल 2021 में स्कॉटलैंड के खिलाफ एक मैच विश्वकप में खेला था। वरुण खेल के साथ ही पढ़ाई में भी आगे रहे। वह आर्किटेक्ट हैं पर क्रिकेट के जुनून के कारण उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी। उन्होंने चेन्नई के एक कॉलेज से आर्किटेक्चर में डिग्री हासिल की और बतौर फ्रीलांस आर्किटेक्ट नौकरी करने लगे थे पर उनका मन क्रिकेट से दूर नहीं रह पाया और सब कुछ छोड़कर वह खेल में उतर गये।

वरुण ने तीन तक टीम में वापसी के लिए खास संघर्ष किया। उन्होंने घरेलू क्रिकेट के साथ ही आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर अपनी दावेदारी पेश की। वरुण ने 13 साल की उम्र में क्रिकेट में खेलना शुरू किया था। 17 साल की उम्र तक वरुण विकेटकीपर के तौर पर खेलते रहे।

शुरुआत में वह टेनिस गेंद से क्रिकेट खेलते थे। उसके बाद उन्होंने तेज गेंदबाजी शुरु की पर चोटिल होने के कारण वह फिर वह स्पिन गेंदबाजी करने लगे। वरुण को रहस्यमयी स्पिनर इसलिए कहा जाता है क्योंकि उनकी सभी छह गेंदें अलग अलग तरह की होती हैं। वह लेग ब्रेक, ऑफ ब्रेक, गूगली, कैरम बॉल, फ्लिपर, यॉर्कर और स्पिन भी करते हैं। वरुण ने अब तक 7 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 5 विकेट लिए हैं। वह घरेलू क्रिकेट में तमिलनाडु की ओर से खेलते हैं। इस स्पिनर ने साल 2018 में तमिलनाडु की ओर से रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया था। इसके बाद वह आईपीएल में उन्होंने किंग्स इलेवन और कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेला था।

## विराट, धवन सहित ये क्रिकेटर हैं शाकाहारी



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट के कई स्टार क्रिकेटर शाकाहारी हैं। इनमें विराट कोहली से लेकर शिखर धवन , युजवेंद्र चहल और हार्दिक पंड्या व आर अश्विन के नाम हैं। ये क्रिकेटर एक समय मांसाहारी थी पर अपनी फिटनेस को बेहतर करने इन्होंने शाकाहार अपना लिया। पहले बात करें टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली की। विराट विश्व क्रिकेट में सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक हैं। विराट की फिटनेस का राज उनका शाकाहारी होना है। विराट बादाम का दूध पीते हैं इसके अलावा दाल, पालक, किनोवा, हरी सब्जियां और डोसा खाते हैं। विराट कोहली फिटनेस के प्रति काफी जूनुनी हैं। इसके अलावा वह जिम में भी जमकर अभ्यास करते हैं। वह कभी भी शुगर और ग्लूटेन फूड्स को डाइट में शामिल नहीं करते हैं।

वहीं हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले धवन भी शाकाहारी हैं। इसके अलावा टीम के अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने भी शाकाहार अपनाया हुआ है। चहल ने भी फिटनेस के लिए शाकाहार अपनाया है। चहल अभी भारतीय टीम से बाहर होने के कारण इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। वहीं टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी शाकाहारी। पंड्या ने भी अपनी फिटनेस बनाये रखने के लिए ही शाकाहार अपनाया है। पंड्या अभी बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज खेल रहे हैं। पहले टी20 में उन्होंने भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में शतक लगाने वाले आर अश्विन भी शाकाहारी हैं। अश्विन के अलावा अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा भी शाकाहारी हैं।


### भारतीय टीम से सीखें पाक क्रिकेटर : बासित





लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी बासित अली ने भारतीय टीम की सराहना करते हुए कहा है कि उसने जिस प्रकार से बांग्लादेश को हराया। उससे उसके खेल के स्तर का अंदाजा होता है। भारतीय टीम ने वर्षा प्रभावित इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर जीत दर्ज की। बासित ने पाक खिलाड़ी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें भारतीय खिलाड़ियों से सीखना चाहिये।

बांग्लादेश ने भारत दौरे से पाकिस्तान को उसी के घर में टेस्ट सीरीज में 2-0 से मात दी थी। वहीं भारत में उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा टी20 सीरीज में भी भारतीय टीम ने जीत से शुरुआत की है। बासित अली ने कहा है कि, उन्हें नहीं लग रहा है कि ये वही बांग्लादेश टीम है जो पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक खेल रही थी। भारत जाते ही ये टीम सभी कुछ भूल गयी। बासित ने कहा कि, क्या ये वही बांग्लादेशी टी है जिसने पाकिस्तान को 2-0 से हराया था। आप भारत के खिलाफ टेस्ट में उन्हें देखिए। वह पहला टेस्ट मैच 280 रनों से हारे और दूसरा मैच भी दो दिन के खेल में सात विकेट से हार गये बारिश भी उन्हें हार से नहीं बचा पायी। बासित ने आगे कहा कि, भारतीय टीम अपने कौशल के कारण अन्य टीमों पर भारी पड़ती है। खास बात ये है कि वह बड़े खिलाड़ियों के नहीं होने पर भी आसानी से जीत दर्ज करती है।

## भड़कीले अंदाज के लिए जानी जाती है डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार चेल्सी







फ्लोरिडा (ईएमएस)। कनाडा मूल की अमेरिकी डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार चेल्सी ग्रीन अपने भड़कीले अंदाज के लिए जानी जाती है। अब चेल्सी ने एक बार फिर अपने हॉट फोटोशूट से सभी का ध्यान खींचा है। 31 वर्षीय चेल्सी के प्रशंसकों की भी अच्छी खासी तादाद है। उसके इंस्टाग्राम पर 780,000 फॉलोअर्स हैं। वह अपनी खूबसूरती का प्रदर्शन करने में काफी पीछे नहीं रही हैं। चेलिसा अपनी फिटनेस को लेकर भी सतर्क रहती हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूई के साथ ही चेल्सी विज्ञापन जगत से भी जुड़ी हैं। वह मॉडलिंग में हर ब्रांड की पसंदीदा रही हैं। फिर चाहे वह लिंगरी उत्पाद हों या प्लेब्वॉय मैग्जीन के लिए हॉट अंदाज अपनाना।

इस बार चेल्सी की ताजा तस्वीरें देखकर प्रशंसक कमेंट करने में पीछे नहीं रहे। एक ने लिखा, आप यहां आग लगाने ही आती हैं तो दूसरे ने लिखा, आप बेहद खूबसूरत हैं। जल्दी डब्ल्यूडब्ल्यूई रिंग में वापसी करो। वहीं एक लिखा कि आपकी हैट कहां हैं। आप जब भी रिंग में आती हैं इसके साथ आती हैं। वहीं एक अन्य ने लिखा, यह रंग आपके ऊपर बहुत अच्छा लगता है। गत दिनों ये मॉडल बिकनी पहने समुद्र तट पर अपनी अदाएं बिखेरती दिखी थीं। चेल्सी ने विंटर इन फ्लोरिडा शीर्षक से यह फोटो साझा की थी जिसे उसके प्रशंसकों ने काफी पसंद किया था। चेल्सी की शादी 2021 में साथी पहलवान मैट कार्डोना से हुई थी। मैट भी डब्ल्यूडब्ल्यूई में जैक राइडर के नाम से सक्रिय हैं। चेल्सी ने 2023 विमेंस रॉयल रंबल में भाग लिया था पर इसमें वह विफल रहीं थीं और पांच सेकेंड में ही हार गयीं थीं। वहीं साल 2020 संस्करण में वह 12 सैकेंड तक ही रिंग में टिक पाई थीं।

### फीफा ने इटली के डिफेंडर मार्को कर्टो पर दस मैचों के लिए प्रतिबंध लगाया

मार्बेला (ईएमएस)। विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) ने नस्लीय दुर्व्यवहार के लिए के लिए इटली के डिफेंडर मार्को कर्टो पर जुर्माना लगाया है। मार्को को वॉल्व्स के फॉरवर्ड ह्वांग ही-चान के साथ नस्लीय दुर्व्यवहार के लिए 10 मैचों के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। कर्टो अभी कोमो से सीरी बी क्लब सेसेना की ओर से खेल रहे हैं। उनपर जुलाई में मार्बेला में एक मैत्री मैच के दौरान ह्वांग के साथ बदसलूकी का दोषी पाया गया था। ह्वांग ने मैच के दूसरे हाफ के दौरान कहा कि उनके साथ बदसलूकी हुई है। फीफा ने अपने एक बयान में कहा, खिलाड़ी मार्को कर्टो को भेदभावपूर्ण व्यवहार के लिए दोषी पाये जाने के बाद 10 मैचों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इनमें से आधे मैचों में खेलने पर दो साल के लिए वह निलंबित रहेंगे। इसा दौरान इस खिलाड़ी को सामुदायिक सेवाएं प्रदान करने और फीफा द्वारा अनुमोदित संगठन के साथ प्रशिक्षण और शिक्षा प्राप्त करने को कहा गया है। 25 वर्षीय कर्टो वॉल्व्स के खिलाफ दोस्ताना मैच के एक सप्ताह बाद एक सीजन के लिए लोन पर सीरी बी की टीम सेसेना में शामिल हुए थे। फीफा के फैसले पर वॉल्व्स के फुटबॉल संचालन और प्रशासन के निदेशक मैट वाइल्ड ने खुशी जतायी है। साथ ही कहा कि निलंबन स्पष्ट संदेश देता है कि फुटबॉल या समाज में नस्लवाद और भेदभावपूर्ण व्यवहार की कोई जगह नहीं है।

### हारिस करेंगे एसीसी इमर्जिंग टी20 विश्वकप क्रिकेट में पाक टीम की कप्तानी

कराची (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद हारिस को इसी माह होने वाले एसीसी इमर्जिंग टी20 कप क्रिकेट के लिए कप्तान बनाया है। पीसीबी ने अपनी टीम में चैंपियंस कप और घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शामिल किया है। पाक टीम 16 अक्टूबर को ओमान रवाना होगी। इससे पहले वह 11 से 15 अक्टूबर तक कराची के हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में अभ्यास करेगी। इस टीम में आक्रामक बल्लेबाज अब्दुल समद को भी पहली बार जगह मिली है। इस टीम में हैदर अली के साथ चार ऐसे खिलाड़ी भी हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अच्छा अनुभव है। इमर्जिंग विश्वकप में आठ टीमें भाग लेंगी। इसमें चार-चार टीमों को दो समूहों में बांटा गया है। गत चैंपियन पाकिस्तान ए टीम ग्रुप बी में भारत ए, ओमान और यूएई के साथ हैं जबकि ग्रुप ए में अफगानिस्तान ए, बांग्लादेश ए, हांगकांग और श्रीलंका ए की टीमें शामिल हैं। इस टूर्नामेंट के सभी मैच मस्कट में खेले जाएंगे। पाक ए टीम का भारत के खिलाफ पहला मुकाबला 19 अक्टूबर को शुरु होगा। इसमें हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें 25 अक्टूबर को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। इस टूर्नामेंट का फाइनल 27 अक्टूबर को खेला जायेगा। पाकिस्तान ए टीम : मोहम्मद हारिस (कप्तान), अब्दुल समद, अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास, हैदर अली, हसीबुल्लाह, मेहरान मुमताज, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद इमरान जूनियर, ओमर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, शाहनवाज दहानी, सुफियान मोकिम, यासिर खान और जमान खान।

### कांस्य विजेता निशाने स्वप्निल को कम इनामी राशि मिलने से पिता निराश, 5 करोड़ और फ्लैट दिया जाना चाहिये

मुंबई (ईएमएस)। पेरिस ओलंपिक निशानेबाजी में कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले के पिता ने कहा है कि उनके बेटे को इनाम में 5 करोड़ रुपये के साथ ही एक घर भी मिलना चाहिये। कोल्हापुर के स्वप्निल कुसाले ने पेरिस ओलंपिक में 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन शूटिंग में तीसरा स्थान हासिल किया था

स्वप्निल के पिता ने कहा कि उनके बेटे को 5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि और पुणे के बालेवाड़ी में छत्रपति शिवाजी महाराज खेल परिसर के पास एक फ्लैट दिया जाना चाहिये। उन्होंने कहा, 'हरियाणा सरकार अपने हर ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी को 5 करोड़ रुपए का इनाम देती है। यही कदम महाराष्ट्र सरकार को भी उठाना चाहिये। उन्होंने कहा कि स्वप्निल राज्य के दूसरें ओलंपिक पदक विजेता है। इससे पहले 1952 में पहलवान केडी जाधव ने ओलंपिक पदक जीता था।

हरियाणा सरकार ने ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले हर खिलाड़ी को 6 करोड़ रुपए दिये हैं। इसी तरह रजत विजेता को 4 करोड़ और कांस्य पदक विजेता को 2.5 करोड़ रुपए दिये हैं। वहीं महाराष्ट्र सरकार स्वर्ण पर पांच करोड़, रजत पर तीन करोड़ और कांस्य पर दो करोड रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान करती है। निशानेबाज के पिता ने कहा कि कि उनके बेटे को पुरस्कार में बालेवाड़ी खेल परिसर के पास एक फ्लैट मिलना चाहिए जिससे वह आसानी से अभ्यास के लिए पहुंच सके।'

### भारत-पाकिस्तान अब हॉन्गकॉन्ग सिक्स-ए साइड क्रिकेट टूर्नामेंट में आमने-सामने होंगी

मुम्बई (ईएमएस)। भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें अगले माह होने वाले हॉन्गकॉन्ग सिक्स-ए-साइड टूर्नामेंट में एक बार फिर आमने-सामने होंगी। इसी को लेकर प्रशंसकों में उत्साह है। इसका कारण ये है कि भारत और पाकिस्तान की टीम केवल आईसीसी टूर्नामेंटों में ही टकराती हैं क्योंकि इनके बीच द्विपक्षीय मुकाबले नहीं होते हैं। इस सिक्स-ए-साइड टूर्नामेंट टूर्नामेंट में भारतीय टीम 2012 के बाद पहली बार उतरेगी।

यह टूर्नामेंट पहली बार 1992 में आयोजित किया गया था इसके बाद ये बंद हो गया। साल 2017 के बाद इसकी वापसी हुई है। इस बार यह टूर्नामेंट एक से तीन नवंबर के बीच खेला जाएगा, जिसमें भारत की टीमें भी भाग लेंगी। हॉन्गकॉन्ग सिक्स-ए-साइड टूर्नामेंट में एक टीम में 6 खिलाड़ी ही होते हैं। इनमें एक विकेटकीपर होता है। ये मैच 5-5 ओवर के रहते हैं। विकेटकीपर के अलावा हर खिलाड़ी एक-एक ओवर गेंदबाजी करता है। भारतीय टीम ने ये टूर्नामेंट साल 2005 में जीता था। वहीं साल 1996 में भारतीय टीम उपविजेता रही थी। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका ने ये टूर्नामेंट 5-5 बार और पाकिस्तान ने 4 बार जीत है। भारतीय टीम के कई अनुभवी खिलाड़ी इस टूर्नामेंट से बाहर रहेंगे क्यों इस दौरान वे न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल रहे होंगे। ऐसे में इसमें युवा खिलाड़ियों का खेलने का अवसर मिलेगा।

### मुम्बई के 15 वीं बार ईरानी कप जीतने पर एमसीए ने दिया एक करोड़ रुपये का इनाम

मुम्बई (ईएमएस)। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में मुम्बई ने शेष भारत को हराकर 15 वीं बार ईरानी कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीता है। मुंबई के लिए ये जीत इसलिए भी अहम है क्योंकि ये उसे 27 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली है। इसी खुशी में मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने उसे एक करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया है। रहाणे ने अपनी टीम की जीत का श्रेय टीम के मिलजुलकर किये प्रयासों को दिया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपने अनुसार खेलने को कहा गया था जिससे वह आत्मविश्वास' से भरे हुए थे। मुंबई ने पिछले हफ्ते लखनऊ में पहली पारी की बढ़त के आधार पर शेष भारत को पीछे कर 27 साल के बाद ये टूर्नामेंट जीता है। एमसीए ने बीसीसीआई के 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के अलावा, एक सम्मान समारोह के दौरान अतिरिक्त एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की। वहीं इस समारोह में रहाणे ने कहा, 'सफलता का कोई रहस्य नहीं है। यह खेल किसी एक खिलाड़ी का नहीं है, इसमें 11 खिलाड़ी खेल रहे हैं और चार-पांच बाहर बैठे हैं। सभी खिलाड़ी समान रूप से अहम हैं। 'एक कप्तान के रूप में खिलाड़ियों को अजादी देना जरुरी है क्योंकि प्रत्येक खिलाड़ी अपनी क्षमता में मैच विजेता है। हर खिलाड़ी की एक जिम्मेदारी होती है।'

### दक्षिण अफ्रीका की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमें हारी

दुबई (ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीका की पुरुष और महिला टीमों को एक बार फिर हार का सामना करना पड़ा है। पुरुष टीम को जहां दुबई में हुए एकदिवसीय मुकाबले में नई टीम आयरलैंड ने 69 रनों से हरा दिया। वहीं महिला टीम को शारजाह में हुए टी20 विश्वकप में इंग्लैंड ने हरा दिया। पुरुष टीम की बात करें तो जेसन स्मिथ ने 93 गेंद पर 91 रन की पारी खेली पर वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये। वहीं महिला टीम को टी20 विश्वकप में इंग्लैंड ने सात विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम से मिले लक्ष्य को इंग्लैंड ने 19.2 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर ही 125 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस प्रकार महिला टी20 विश्वकप में इंग्लैंड ने ग्रुप बी में दूसरी जीत दर्ज करते हुए 4 अंक हासिल किये। आयरलैंड की पुरुष टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 284 रन बनाए। वहीं इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 46.1 ओवर में 215 रन ही बना पायी।

# सेंसेक्स 584 अंक की तेजी के साथ 81,634 पर बंदः निफ्टी भी 217 अंक चढ़ा, बीएसई स्मॉल कैप में 1,322 अंक की बढ़त रही

**मुंबईः** सेंसेक्स 8 अक्टूबर को 584 अंक की तेजी के साथ 81,634 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 217 अंक की तेजी रही, ये 25,013 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, BSE स्मॉल कैप 1,322 अंक चढ़कर 55,439 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 36 में तेजी और 14 में गिरावट रही। मीडिया सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.11% की तेजी रही।



## एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार रहा

- एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.00% की गिरावट रही। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 9.41% की गिरावट और चीन का शंघाई कम्पोजिट 4.59% की बढ़त के साथ कारोबार बंद हुआ।
- 7 अक्टूबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.94% गिरकर 41,954 पर और नैस्डैक 1.18% गिरकर 17,923 पर बंद हुआ। एसएंडीपी 500 भी 0.96% गिरकर 5,695 पर बंद हुआ।
- एनएसई के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 7 अक्टूबर को 8,293.41 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 13,245.12 करोड़ के शेयर खरीदे।

## गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग का आईपीओ ओपन हुआ

गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड का इनीशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ ओपन हो गया है। निवेशक इस इश्यू के लिए 10 अक्टूबर तक बिडिंग कर सकते हैं। 15 अक्टूबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे।

## अदाणी ग्रुप के शेयरों में तेजी! अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस और एईएल के स्टॉक 6% तक चढ़े

दाणी समूह की कंपनियों के शेयर मंगलवार को फोकस में रहे। भारी मात्रा में कारोबार के बीच आज के इंट्राडे कारोबार में समूह के शेयर बीएसई पर 6 प्रतिशत तक चढ़ गए। अदाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में 2 से 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। कारोबार के दौरान अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस (985 रुपये पर 6 प्रतिशत ऊपर), अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन (4 प्रतिशत ऊपर 1,402.60 रुपये), अदाणी एंटरप्राइजेज ( 3 प्रतिशत ऊपर 3,115 रुपये पर), अदाणी पावर (2 प्रतिशत ऊपर 637.95 रुपये पर), अदाणी ग्रीन एनर्जी (2 प्रतिशत ऊपर 1,791.70 रुपये पर), अदाणी टोटल गैस (2 प्रतिशत ऊपर 756.80 रुपये पर), अदाणी विल्मर ( 2 फीसदी ऊपर 338.60 रुपये पर) और अंबुजा सीमेंट्स (2 फीसदी ऊपर 602.75 रुपये पर) में तेजी देखने को मिली। इसकी तुलना में तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स दोपहर 1:50 बजे 654.33 अंक या 0.81 प्रतिशत बढ़कर 81,704.33 अंक पर कारोबार कर रहा था।

## 2024 में अदाणी ग्रुप के कुछ शेयरों का कमजोर प्रदर्शन

अब तक कैलेंडर वर्ष 2024 में अदाणी ग्रुप के कुछ शेयरों ने बाजार से कमजोर प्रदर्शन किया है। इस साल अदाणी टोटल गैस में 25 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 6 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। वहीं, साल 2024 में अब तक अदाणी एंटरप्राइजेज 7 प्रतिशत और एसीसी 5 प्रतिशत चढ़ा है ,जबकि इसकी तुलना में इस अवधि के दौरान बेंचमार्क इंडेक्स 13 फीसदी चढ़ा है। अमेरिका स्थित हिंडनबर्ग रिसर्च ने अपनी एक रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के पास अदाणी समूह की कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी ऑफशोर कंपनियों में हिस्सेदारी है। शॉर्ट सेलर ने यह भी आरोप लगाया था कि अदाणी के खिलाफ अपनी रिपोर्ट के 18 महीने बाद भी सेबी ने अदाणी के खिलाफ कार्रवाई करने में रुचि की कमी दिखाई है।

# इंडोस्पेस की तमिलनाडु में 4,500 करोड़ तक का निवेश बढ़ाने की योजना

**मुंबई (ईएमएस)।** लॉजिस्टिक्स पार्क परिचालक इंडोस्पेस की योजना तमिलनाडु में नए लॉजिस्टिक्स तथा वेयरहाउस पार्कों में 4,500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ विनिर्माण क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करना है। कंपनी के अनुसार इंडोस्पेस ने तमिलनाडु में नए लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउस पार्कों में अपने निवेश को 4,500 करोड़ रुपये तक बढ़ाने की योजना की घोषणा की है। ये पार्क राज्य में मोटर वाहन और इलेक्ट्रॉनिक जैसे बढ़ते विनिर्माण क्षेत्रों का समर्थन करेंगे। इंडोस्पेस ने कहा कि इस निवेश से 8,000 से अधिक नए रोजगार सृजित होने के अलावा आर्थिक वृद्धि में तेजी आने तथा राज्य के पहले से ही विश्वसनीय औद्योगिक बुनियादी ढांचे के और मजबूत होने की उम्मीद है। इंडोस्पेस ने पिछले साल तमिलनाडु सरकार के साथ राज्य के लॉजिस्टिक्स उद्योग में 2,000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## सरकार दुबई में खोलेगी इन्वेस्ट इंडिया कार्यालय

मुंबई (ईएमएस)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार ने भारत में निवेश करने के इच्छुक संयुक्त अरब अमीरात के निवेशकों की सुविधा के लिए दुबई में इन्वेस्ट इंडिया का कार्यालय खोलने का फैसला किया है। गोयल ने निवेश पर भारत-यूएई उच्चस्तरीय कार्यबल की 12वीं बैठक के बाद मीडिया से यह भी कहा कि भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) का पहला विदेशी परिसर दुबई में स्थापित किया जाएगा। यह संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले 35 लाख भारतीय समुदाय के लिए एक वरदान होगा। बैठक के दौरान गोयल और अबू धाबी निवेश प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक शेख हमीद बिन जायद अल नाहयान की सह-अध्यक्षता में दोनों पक्षों ने कई प्रमुख फैसलों पर प्रगति की समीक्षा की और विभिन्न निर्णयों को तेजी से लागू किये जाने पर संतोष व्यक्त किया। इन उपायों में स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय व्यापार, भारत और संयुक्त अरब अमीरात की भुगतान प्रणालियों का एकीकरण, सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्राओं पर सहयोग और अहमदाबाद में एक 'फूड पार्क' का विकास शामिल हैं। गोयल ने कहा कि भारत-यूएई साझेदारी नवोन्मेष, निवेश और सतत विकास पर आधारित है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 2013 में कार्यबल की स्थापना की गई थी। संयुक्त कार्यबल ने भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता के कामकाज की समीक्षा की।गोयल ने कहा कि इस समझौते के परिणामस्वरूप द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ा है। 2024 की पहली छमाही में तेल के अलावा अन्य क्षेत्रों में व्यापार बढ़कर 28.2 अरब डॉलर हो गया। यह सालाना आधार पर 9.8 प्रतिशत अधिक है।

# भारत-यूएई निवेश समझौते में बड़ा बदलाव, विवाद निपटान की शर्त में मिलेगी ढीलः पीयूष गोयल




**भारत** ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ हाल में हुए एक समझौते में अहम बदलाव किया है। इसके तहत विवाद निपटान की समयसीमा 5 वर्षों से घटाकर 3 वर्ष कर दी गई है, जो आदर्श द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) की शर्तों के अनुरूप नहीं है। अगर इस अवधि के दौरान भारत का न्याय तंत्र दो देशों के बीच निवेश समझौते पर विवाद नहीं सुलझा पाया तो विदेशी निवेशक अंतरराष्ट्रीय पंचाट में अपील कर सकते हैं। भारत ने यूएई के साथ 13 फरवरी को अबू धाबी में एक निवेश समझौता किया था मगर यह 31 अगस्त से प्रभावी हो पाया। दोनों देशों के बीच पहले से मौजूद निवेश समझौता पिछले महीने खत्म हो गया था।

भारत ने यूएई के साथ समझौते में शेयर एवं बॉन्ड को सुरक्षित निवेश के तौर पर रखा है। आदर्श द्विपक्षीय निवेश संधि में केवल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को ही सुरक्षा मिली है और शेयर एवं बॉन्ड जैसे पोर्टफोलियो निवेश शामिल नहीं किए गए हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज कहा कि भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि से निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा और स्पष्ट एवं स्थिर कर प्रणाली शुरू हो पाएगी। उन्होंने कहा कि अगर निवेशकों को लगेगा कि उन्हें न्याय नहीं मिला है तो इस समझौते के तहत वे अंतरराष्ट्रीय पंचाट में भी अपील कर सकते हैं।

गोयल ने निवेश पर भारत-यूएई उच्च-स्तरीय संयुक्त कार्य बल की 12वीं बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, 'आज विभिन्न मसलों पर चर्चा हुई। कुछ भारतीय कंपनियों को लगता है कि यूएई के साथ कुछ समस्या हैं और यूएई की कंपनियों को भी कभी-कभी ऐसा लगता है। बीआईटी के जरिये दोनों पक्ष इन समस्याओं का समाधान निकाल सकते हैं।' गोयल के साथ यूएई के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने भी बैठक की अध्यक्षता की थी। किंतु विशेषज्ञों को लगता है कि समयसीमा पांच वर्ष से घटाकर तीन वर्ष करने से देश के भीतर ही विवाद निपटाने की भारत की क्षमता कमजोर हो सकती है और बार-बार अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की जरूरत पड़ेगी। दिल्ली की संस्था जीटीआरआई के अनुसार बीआईटी के जरिये यूएई से निवेश तो आएगा मगर इससे भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता बढ़ने यानी मामला विदेशी अदालतों में जाने का जोखिम भी बढ़ जाएगा। उसने कहा कि अब दूसरे देश भी इसी शर्त पर भारत के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौते करना चाहेंगे। भारत इस समय ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौते पर बातचीत कर रहा है।

## दैनिक पंचांग

**9 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.33 बजे से |
| चंद्र | धनु में | वृश्चिक | 08.48 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 11.04 बजे से |
| बुध | कन्य में | मकर | 13.09 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 14.56 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मीन | 16.28 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 17.59 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 19.39 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 21.37 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | कर्क | 23.51 बजे से |
| | | सिंह | 02.07 बजे से |
| | | कन्या | 04.19 बजे से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 283 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** षष्ठी 12.15 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मूल 05.15 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** सौभाग्य 06.37 बजे तदनन्तर शोभन 05.53 बजे प्रातः को समाप्त। **करण** तैतिल 12.15 बजे तदनन्तर गर 00.29 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 06.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 06° 22' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872127 **जूलियन दिन** 2460592.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 05 **विशेष** सरस्वती आवाहन, कल्पारंभ, विश्व डाक दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8153

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | ■ | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | ■ | |
| 24 | | | | ■ | 25 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. अभिप्राय, अभिव्यक्ति-3
3. सादापन, भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार, उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक, रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढ़ंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न, निकृष्ट-4
25. कथा, गाथा-3

**ऊपर से नीचे**

2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान, नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दीदार-3
7. आशिक, यार-2
9. एक विदेशी मदिरा-2
11. लीन, व्यस्त, मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला, उन्मादी-4
16. चाचा, अंकल-2
18. पैंतरा, वेग-2
19. काफी, कोको -3
21. गिरवी वस्तु-3

**शब्द पहेली -8152 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ज | ग | ■ | ह | सी | न | ■ |
| वा | दा | ■ | र | ■ | म | ■ | व | ध |
| प | ■ | फि | ल | हा | ल | ■ | ■ | मा |
| सी | र | त | ■ | नि | ■ | रु | ब | ल |
| ■ | ■ | र | ज | ■ | न | ख | ■ | ■ |
| नी | जा | त | ■ | जो | ■ | सा | हि | ल |
| र | ■ | ■ | क | र | ता | र | ■ | ह |
| व | श | ■ | स | ■ | मी | ■ | ता | जा |
| ■ | क | ल | म | ■ | ल | की | र | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 7694

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 12 | 23 | 22 | 28 | ■ | 10 | 18 | 25 | ■ |
| 22 | 8 | | 2 | | ■ | | 4 | | 18 |
| 22 | | 7 | | 8 | ■ | 5 | | 8 | 16 |
| 22 | 2 | | 3 | | 6 | ■ | 9 | | 12 |
| ■ | ■ | ■ | | 2 | | 7 | | 5 | 28 |
| 36 | 7 | | 5 | | 7 | | ■ | ■ | ■ |
| 10 | | 4 | ■ | 5 | | 5 | | 3 | 21 |
| 19 | 4 | | 8 | ■ | 8 | | 8 | | 27 |
| 18 | | 6 | | ■ | | 5 | | 7 | 25 |
| ■ | 21 | 25 | 16 | ■ | 35 | 25 | 20 | 16 | ■ |

**अंकजाल 7693 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 9 | 14 | 20 | 22 | 19 | ■ | 26 | 30 | ■ |
| 28 | 7 | 9 | 3 | 7 | 2 | ■ | 5 | 7 | 12 |
| 27 | 2 | 5 | 7 | 8 | 5 | ■ | 4 | 9 | 13 |
| ■ | ■ | ■ | 2 | 7 | 5 | 8 | 7 | 5 | 34 |
| 13 | 3 | 8 | 2 | ■ | 7 | 3 | 4 | 2 | 16 |
| 20 | 6 | 9 | 2 | 3 | ■ | 5 | 6 | 7 | 18 |
| 25 | 3 | 6 | 4 | 5 | 2 | 5 | ■ | ■ | ■ |
| 9 | 6 | 3 | ■ | 4 | 7 | 8 | 8 | 5 | 32 |
| 14 | 8 | 6 | ■ | 4 | 6 | 8 | 7 | 3 | 28 |
| ■ | 26 | 32 | ■ | 16 | 15 | 37 | 15 | 8 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6638

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 1 | | 6 | 7 | |
| 4 | 28 | | 25 | | 36 | |
| 2 | 5 | | 3 | | 7 | 4 |
| | 34 | | 35 | 5 | 33 | |
| 3 | | 7 | 6 | | | 1 |
| 7 | 34 | 5 | 42 | 3 | 30 | |
| 1 | | | | 7 | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6637 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 4 | 28 | 2 | 25 | 2 | 36 | 7 |
| 2 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 4 |
| 6 | 28 | 5 | 35 | 3 | 39 | 6 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 32 | 3 | 42 | 5 | 32 | 5 |
| 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 3 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 5998

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 40 | | 58 | | 25 | = | 27 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 5 | | 6 | | 72 | = | 59 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 33 | | 3 | | 5 | | 10 | = | 60 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 61 | | 30 | | 24 | | 73 | = | 16 / 80 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 5997**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | ÷ | 4 | x | 2 | - | 30 | = | 20 |
| - | ■ | + | ■ | - | ■ | - | ■ | + |
| 30 | x | 2 | ÷ | 2 | + | 20 | = | 50 |
| - | ■ | + | ■ | + | ■ | x | ■ | - |
| 50 | - | 25 | + | 5 | x | 2 | = | 60 |
| ÷ | ■ | - | ■ | x | ■ | - | ■ | + |
| 2 | + | 20 | - | 3 | + | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | + | 11 | - | 15 | + | 16 | = | 33 / 22 |

## शब्दजाल- 7685

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुं | क | ल | व | ग | ब | ना | क | बें | ग | क |
| ब | वि | ल | मुं | चे | जी | ग | द | ह | ला | ड़ |
| ई | स | ल | ल | र्म | छ | पु | आ | दि | ख | क |
| क | स | ज | य | पु | र | र | प | ल | ल्ली | क |
| क | क | दो | ग | ला | द | र | तू | ग | झ | क |
| दि | क | ल | प | बा | झ | पू | ना | ण | घ | को |
| ती | इ | ल | दा | सं | प | ल | श | बें | ला | ल |
| क | ता | म | ई | धा | ब | क | फ | ग | श | का |
| क | ह | चे | न्न | ई | क | स | री | लो | प | ता |
| अ | र | ल | प | व | जी | र्त | ऐ | र | प | रु |
| क | चे | ल | प | है | द | रा | बा | द | प | क |

शब्द जाल में 10 बड़े शहरों के नाम ढूंढिए. शहरों के नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

दिल्ली, मुंबई, जयपुर, बेंगलोर, चेन्नई, कोलकाता, अहमदाबाद, नागपुर, पूना, हैदराबाद.

**शब्दजाल - 7684 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| या | द | गा | र | ग | ब | ज | क | प | ल | क |
| दें | वि | ल | क | या | दों | का | मौ | स | म | ड़ |
| क | स | या | ल | र्म | छ | स | या | दी | ख | क |
| क | या | ल | र | क | वी | स | र | ल | श | क |
| क | री | दो | ग | क | ज | र | ग | ग | झ | क |
| जी | जिं | ल | प | नु | स | उ | द्दा | ण | घ | या |
| ती | दा | ल | श | सं | प | म | र | कौ | ला | दों |
| क | बा | या | र | मे | रा | क | फ | ना | श | की |
| क | द | ल | प | न | क | स | रा | औ | प | क |
| क | र | ल | प | व | जी | या | ऐ | ओ | प | स |
| क | क | ल | प | या | द | स | व्य | ब | प | म |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## लॉफिंग ज़ोन

एक महिला, 'हाय हाय, इस गली में गंदे-गंदे बच्चे कीचड़ में खेलते हैं।'

दूसरी महिला, 'कल चार बच्चों का मुहं धोया तब जाकर मैं अपना बच्चा पहचान पाई।'

□ □ □

रीता, (नीता से) 'नजर इंसान की तेज होती है या जानवर की।'

नीता, 'जानवर की।'

रीता, 'तुम कैसे कह सकते हो।'

नीता, 'जानवर कभी ऐनक नही लगाते।'

□ □ □

तीन मूर्ख शहर से बाहर जाते हैं। जाते ही एक सुंदर इमारत देखकर खुश होते हैं, और इमारत को घसीट कर गांव ले जाने का प्रोग्राम बनाते हैं। तीनों इमारत को धक्का लगाना शुरू करते हैं। काफी थक जाने के बाद पसीना आ जाता हैं, तो कपड़े उतार कर रख देते हैं, ओर फिर धक्का लगाना शुरू कर देते हैं। पीछे से चोर कपड़े उठा कर भाग जाता हैं। थोड़ी देर बाद तीनों मूर्ख कपड़े न देखकर खुश होकर उछलते हैं, देखो हम तीनों इमारत को कितने आगे ले आए। कपड़े हमारे पीछे रह गए। 'हा-हा-हा'

□ □ □

अध्यापक, 'दीपक कोई ऐसा उपाय बताओ कि आदमी के बाल सफेद न हो।'

दीपक, 'उस आदमी को गंजा कर दो।'

## आज का इतिहास

1595 कैम्ब्राओं फ्रांस पर स्पेन ने कब्जा किया था।

1761 रूस ने बर्लिन पर अपना अधिकार कर लिया।

1877 उड़ीसा के प्रसिद्ध क्रांतिकारी नेता गोप बंधु दास का जन्म।

1931 भारतीय वायुसेना अस्तित्व में आई।

1934 यूगोस्लाविया नरेश अलेक्जेंडर की हत्या मार्सेलेस फ्रांस में हुई।

1941 प्रादेशिक सेना का गठन हुआ।

1971 भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (मुंबई) में यूरेनियम का उत्पादन शुरू हुआ।

1972 अमरीकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सलाहकार और वियतनामी प्रतिनिधि के बीच पेरिस में गुप्त शांतिवार्ता शुरू हुई।

1987 काबुल में एक मस्जिद के पास कार बम विस्फोट में 27 व्यक्ति मारे गए और 35 अन्य घायल हो गए।

1981 हंगरी की नयी सोशलिस्ट पार्टी ने लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

1992 जन.ए.एस.वैद्य के हत्यारे जिंदा व सुक्खा को फांसी दी गई।

1993 दक्षिण कोरिया में यात्री नौका डूबने से 285 व्यक्ति मारे गए।

2000 तांसी जमीन घोटाले में तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा।

2005 भूकंप से भारत के कश्मीर में मरनेवालों की संख्या 1 हजार तक पहुंची तथा पाकिस्तान के कश्मीर वाले हिस्से में लगभग 30 हजार लोग मारे गए।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में दुर्गोत्सव की धूम




**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में दुर्गा पूजा का पावन उत्सव बड़े उल्लास और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन हुआ, जिसकी शुरुआत भक्ति से भरे प्रार्थना गीत से हुई। इसके बाद दुर्गा पूजा की महत्ता पर प्रकाश डाला गया, जिसमें इसके धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को विस्तार से समझाया गया। विद्यार्थियों द्वारा 'दुर्गा स्तोत्र' का गायन किया गया, जो देवी शक्ति को समर्पित था। इस कार्यक्रम की विशेषता थी माँ दुर्गा के नौ रूपों की सुंदर झांकी। इसके बाद शानदार डांडिया नृत्य हुआ। पूरा दिन हर्ष और उमंग के साथ बीता। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस प्रकार के उत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सजीव रखते हुए हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने में मदद करते हैं। उन्होंने सभी को नवरात्रि के संदेश की याद दिलाई और कहा कि यह महिला शक्ति की महिमा का पर्व है। यह इस बात का भी प्रतीक है कि अच्छाई हमेशा बुराई पर विजय पाती है।

## खनन विभाग द्वारा चलाए जा रहे सघन जांच अभियान में अवैध रूप से बालू खनिज का परविहन करते दो 407 वाहन जब्त

जमशेदपुर । जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में जिलांतर्गत विभिन्न स्थानों पर अवैध खनिज परिवहन, भंडारण एवं उत्खनन को लेकर औचक जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बिरसानगर थाना क्षेत्र के हुरलुंग में अवैध रूप से बालू खनिज का परिवहन करते दो 407 हाइवा को पकड़ा गया, जिसे जप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जांच में दोनों वाहनों से लगभग 100-100 सीएफटी बालू पाया गया, वाहनों को बिरसानगर थाना को सुपुर्द कर वाहन मालिकों के विरूद्ध अग्रेत्तर कानून सम्मत कार्रवाई की जा रही है। उक्त जांच अभियान में जिला खनन पदाधिकारी सतीश कुमार नायक एवम खान निरीक्षक अरविंद उरांव एवं पुलिस बल शामिल थे।

## विधायक राजेश कच्छप के द्वारा ताबड़तोड़ विकास योजनाओं के शिलन्यास किये जाने से विपक्षियों में बोखलाहत




अनगड़ा(मोहसीन आलम):खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अनुशंसा पर स्वीकृत विभिन्न योजनाओं की शिलान्यास मंगलवार क़ो विधायक राजेश कच्छप के करकमलों द्वारा किया गया। जिसमें रिंग रोड करकट्टा से तक पीसीसी पथ का निर्माण, आरा बड़का टोली में अजय लिंडा के मुर्गा दुकान से शिलानंद टोप्पो के घर होते हुए भान्दु लोहार के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण, रांची पुरुलिया रोड से एनएच 4 रेलवे फ्लाईओवर से आरा टंगरा टोली भाया नया टोली तक पथ निर्माण, नामकुम प्रखंड के सिलवे पंचायत के ग्राम गढ़ा टोली में गुंगा नाला पर पुल निर्माण, हेसल पुरुलिया पथ लेढ़ा आम से हेसलजारा मुस्तफा अंसारी के खेत तक पथ निर्माण, राहे-राहे पथ से मसरीजारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, नारायण सोसो बुढ़ासराई से झरना पानी तक पथ निर्माण, राजाडेरा पंचायत के महुआढ़ीपा बि.टी. पथ महुआ पेड़ के समीप से भंवरढ़ीपा जतराटांड़ लूथरा मिंज के घर के समीप भाया ठड़घटिया तक पथ निर्माण, रांची पुरुलिया पथ से बीसा भाया सराईटोली चापुटोली डेलीपखना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, कुचू पंचायत अंतर्गत कामता पिपरा टोली से मुंडा टोली तक पथ निर्माण कार्य, बीसा सिरम टोली से डहुवाटोली भाया गुदलीटोली तक पथ निर्माण कार्य,बिरसा के छोटकी गोडांग तालाब रास्ता में गार्डवाल का निर्माण, अनगड़ा हुण्डरू पथ से बानादाग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, अनगड़ा हुण्डरू पथ से चापुटोली तक पथ निर्माण कार्य, अनगड़ा हुण्डरू पथ से सिरका नया टोली तक पथ का निर्माण कार्य, पुरुलिया रोड से लुपुंग बस्ती पुरुलिया रोड भाया बेड़वारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य एवं सिमलिया से लालगढ़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य को किया गया।

## कांके ब्लॉक में एमके मोबाइल एंड डिजिटल सीएससी सेंटर खुला,नीरज नायक ने किया उद्घाटन




कांके(मोहसीन आलम):कांके ब्लॉक स्थित बोड़िया रोड में मंगलवार क़ो एमके मोबाइल एंड डिजिटल सीएससी सेंटर खुला, जिसका का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री नीरज नायक ने फीता काटकर किया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीरज नायक ने दुकान के संचालकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के स्वावलंबी भारत की दिशा में युवाओं का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय पहल है,डिजिटल युग में इस तरह की दुकान की काफी आवश्यकता है,बिना मोबाइल के आज के परिपेक्ष में रहना संभव है,इस डिजिटल युग में मोबाइल की बगैर हर कार्य असंभव हैं,वहीं उन्होंने संचालकों से कहा कि किसी भी व्यवसाय को चलाने के लिए ईमानदारी और बर्दास्त करने कि क्षमता कि काफ़ी आवश्यकता होती हैं,दुकान में आने वाले ग्राहकों से अच्छा व्यवहार करके दुकान को चार चांद लगा सकते हैं,सभी तरह के मोबाइल और सीएससी रखें ताकि ग्राहक वापस लौट कर ना जाए,इस मौके पर मुख्य रूप से मोबाइल दुकान के संचालक कृष्ण कुमार अंजली नागवंशी छोटेलाल करमाली गोविंद नायक प्रिया देवी बलराम कुमार उषा पांडे पप्पू कुमार राजेश कुमार कोकिला देवी प्रियंका कुमारी,सोहम कुमार सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

## तेलुगु समुदाय कल्याण संघ ने झारखंड में पारंपरिक बोम्माला कोलुवु कार्यक्रम को बढ़ावा दिया

जमशेदपुर । श्री पीएसएन मूर्ति द्वारा स्थापित तेलुगु समुदाय कल्याण संघ एक प्रतिष्ठित संगठन है जो भारत और विदेशों में तेलुगु समुदाय के लोगों की सेवा करता है। तेलुगु समुदाय को सामाजिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से, TCWA निरंतर तेलुगु लोगों की समृद्ध परंपराओं, संस्कृति, भाषा और साहित्य को बनाए रखने और बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है। इसी प्रयास के तहत, TCWA-झारखंड इकाई , रमना अचारी (अध्यक्ष, झारखंड इकाई, TCWA) के मार्गदर्शन में, गर्व से समुदाय की सबसे पुरानी और प्रिय परंपराओं में से एक—बोम्माला कोलुवु—के पुनरुद्धार और प्रचार की घोषणा कर रही है, जो लगातार दूसरे वर्ष आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी को इस प्राचीन परंपरा के महत्व के बारे में जागरूक करना है। बोम्माला कोलुवु गुड़ियों की एक पारंपरिक और कलात्मक प्रदर्शनी है, जिसे आमतौर पर हिंदू घरों और मंदिरों में महिलाएं सजाती हैं। यह मुख्य रूप से दक्षिण भारतीय राज्यों में लड़कियों और महिलाओं—अविवाहित और विवाहित दोनों—द्वारा दशहरा/नवरात्रि के त्योहार के दौरान किया जाता है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जैक, सीबीएसई, आईसीएसई के 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड परीक्षा एवं झारखंड ओलंपियाड के टॉपर्स को किया सम्मानित

### सीएम ने कहा- आपके लिए यह पुरस्कार नहीं प्रोत्साहन राशि है, आपकी शिक्षा को दिशा देने का है प्रयास



**रांची** : मुख्यमंत्री ने समरोह में 76 नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इनमे झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में 35 लॉ एग्जीक्यूटिव, 4 एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, 21 अस्सिटेंट इंजीनियर और 10 स्कूल मैनेजर तथा झारखंड भवन नई दिल्ली तथा मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग में 6 को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सरकार के अभिन्न अंग के रूप में जुड़ने के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं, नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा के खूंटपानी, बोकारो के नवाडीह और दुमका के मसलिया में विद्यालय भवन का ऑनलाइन शिलान्यास कर झारखंड को उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करने का संकल्प दोहराया। समारोह उस वक्त और विशेष बन गया, जब मुख्यमंत्री ने विद्यालय प्रमाणीकरण में स्वर्ण स्थान प्राप्त करने वाले 60 विद्यालयों, जैक, सीबीएसई, आईसीएसई के वर्ष 2023 एवं वर्ष 2024 में 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड परीक्षा और झारखंड ओलंपियाड - 2023 के टॉपर्स को सम्मानित कर उनके हौसले, उत्साह और मनोबल को बढ़ाते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

### आप राज्य के सर्वांगीण विकास का पहिया बन रहे हैं

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से कहा कि आज से आप सरकार के एक अभिन्न अंग के रूप में जुड़ रहे हैं। राज्य के सर्वांगीण विकास का पहिया आप बन रहे है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप अपने कार्यों से राज्य को बेहतर दिशा देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### यह पुरस्कार नहीं प्रोत्साहन राशि है

मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि आपको आज पुरस्कार नहीं प्रोत्साहन राशि मिल रहा है। ताकि, आप आगे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें पहले इसका दायरा काफी सीमित था। लेकिन, अब इसमें जैक के अलावा सभी अन्य सभी बोर्ड के टॉपर्स को भी शामिल कर उन्हें पुरस्कृत किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य अपने मेधावी विद्यार्थियों की शिक्षा को नई दिशा देना है।

### सिर्फ खनिज संपदा नहीं प्रतिभा के रूप में भी झारखंड की हो पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की पहचान सामान्य तौर पर अपने खनिज संसाधनों के लिए होती है। लेकिन, हम इस उद्देश्य के साथ काम कर रहे हैं कि प्रतिभा संपन्न राज्य के रूप में झारखंड की अलग पहचान बने, चाहे वह शिक्षा हो या खेल या कोई और क्षेत्र।सरकार शिक्षा के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना का दायरा बढ़ाने पर सरकार जल्द लेगी नीतिगत निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत सरकार यहां के विद्यार्थियों को विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दे रही है । अभी इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों की संख्या सीमित है। लेकिन, विद्यार्थियों के आग्रह को देखते हुए इस योजना का दायरा बढ़ाने पर सरकार जल्दी नीतिगत निर्णय लेगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत सरकार यहां के विद्यार्थियों को विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दे रही है । अभी इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों की संख्या सीमित है। लेकिन, विद्यार्थियों के आग्रह को देखते हुए इस योजना का दायरा बढ़ाने पर सरकार जल्दी नीतिगत निर्णय लेगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके ।

इस अवसर पर मंत्री श्री रामेश्वर उरांव, मंत्री श्री बैद्यनाथ राम, मुख्य सचिव श्री एल खियांग्ते, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव श्री उमा शंकर सिंह एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के एसपीडी श्री शशि रंजन मौजूद थे।

## टाटा स्टील की एफएएमडी को सस्टेनेबल तकनीकों में नवाचार के लिए मिला पुरस्कार



जमशेदपुर । टाटा स्टील की फेरो अलॉयज और मिनरल्स डिवीजन को सस्टेनेबल तकनीकों में नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए एनुअल सस्टेनेबिलिटी सिंपोजियम एंड एक्सीलेंस अवार्ड 2024 के दूसरे संस्करण में विजेता के रूप में सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया गया। सरोज कुमार बनर्जी, चीफ सेफ्टी (रॉ मटीरियल्स) और देवराज तिवारी, हेड माइनिंग (सुकिंदा), टाटा स्टील ने कंपनी की ओर से यह सम्मान इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक भव्य समारोह में संयुक्त रूप से प्राप्त किया। इस सम्मान पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए पंकज सतीजा, एक्जीक्यूटिव इंचार्ज, एफएएमडी ने कहा, "हम अपने परिचालन में इनोवेटिव और सस्टेनेबल तकनीकों के कार्यान्वयन के लिए मिली इस मान्यता से बेहद उत्साहित हैं। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में, हमने जैव विविधता और जल संरक्षण के क्षेत्र में भी समुदायों की सहभागिता के साथ ठोस कदम उठाए हैं, और हम इस दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखेंगे।"टाटा स्टील के इनोवेटिव तथा सस्टेनेबल हस्तक्षेपों, जैसे अपने प्लांट्स में जल खपत की निगरानी के लिए स्मार्ट वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम की स्थापना, फेरोक्रोम स्लैग्स का उपयोग करके नदी की रेत की खपत को कम करना (फेरो अलॉयज प्लांट, अथागढ़ में), और सड़क निर्माण में फेरोक्रोम स्लैग चिप्स का उपयोग (फेरो अलॉयज प्लांट, गोपालपुर में), को इस पुरस्कार के आकलनकर्ताओं द्वारा विशेष प्रशंसा मिली। यह उल्लेखनीय है कि कंपनी ने अपने संचालन क्षेत्रों के चारों ओर जैव विविधता के संरक्षण के लिए भी अनुकरणीय पहल की हैं। इसमें प्रजातीय खाद्योत्सव, ग्रीन थेरेपी, जैवकला विविधता जैसे सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है। इसके अलावा, कंपनी ने स्थानीय रेशमी कीट प्रजातियों, सुकिंदा इकोरेस, के संरक्षण के लिए उपाय किए हैं, और सुकिंदा क्रोमाइट माइंस में बटरफ्लाई पार्क और औषधीय उद्यान का विकास किया है।

## झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के सभी लाभार्थियों को तृतीय किश्त की राशि हस्तांतरित की गई



जमशेदपुर । राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के लाभुकों को तृतीय किश्त की राशि जिले में समारोहपूर्वक हस्तांरित की गई। जमशेदपुर समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी शामिल हुए । मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती संध्या रानी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्रीमती नेहा संजना खलखो व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में जिले के 2 लाख 71 हजार 100 लाभार्थियों के बीच 27 करोड़ 11 लाख की राशि रिमोट दबाकर जुगसलाई विधायक श्री कालिंदी जी के द्वारा हस्तांरित की गई । साथ ही 10 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया गया एवं उपहार प्रदान किया गया । मौके पर विधायक श्री कालिंदी ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक व सामाजिक उत्थान की दिशा में कई योजनायें संचालित कर रही है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार द्वारा संवेदनशील प्रयास किए जा रहे हैं । इसी का परिणाम है कि राज्य में 50 लाख से ज्यादा महिलाओं को इस योजना से जोड़ा गया है । उन्होने सरकार की अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी देते हुए कहा कि लोग जागरूक हों और योजनाओं का लाभ जरूर उठायें । जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि सभी महिलाओं को सरकार की योजनाओं से जुड़ना चाहिए। 18-50 वर्ष की महिलाओं- बेटिओं को आर्थिक सहयोग के रूप में राज्य सरकार द्वारा 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' का लाभ दिया जा रहा है, इसका लाभ लें।

## दुर्गा पूजा के उल्लास में डूबा इटखोरी, कलाकार प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे

**कोयलांचल संवाद संवाददाता**



इटखोरी (चतरा)शारदीय नवरात्र के पावन पुनीत अवसर पर सनातन परंपरा और संस्कृति के अनुरूप श्रद्धालु मां जग जननी की पूजा अर्चना में लगे हुए हैं। श्रद्धालु अपने-अपने घरों में कलश स्थापना कर नवरात्र कर रहे हैं। इस नौ दिन में श्रद्धालु नौ दिन तक उपवास रखते हुए मां दुर्गा के नौ रूपों की विधिवत पूजा अर्चना कर रहे है। इटखोरी प्रखण्ड के आस- पास के कई इलाकों में दुर्गापूजा से उल्लासपूर्ण माहौल बना हुआ है। प्रखण्ड के सात स्थानों पर पंडाल निर्माण व सजावट का कार्य जारी है। मूर्तिकार प्रतिमा निर्माण अंतिम रूप देने में दिन-रात एक किए हुए है। वहीं, मंदिर के रंग रोगन का कार्य भी जारी है। मालुम हो कि प्रखण्ड में सात स्थानों पर भव्य मंडपों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है । प्रखण्ड के इटखोरी चौक , इटखोरी, टाल , परोका , परसौनी चौक , पितिज कलाली चौंक, गुल्ली चौक प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना वर्षों से की जा रही है। शारदीय नवरात्र प्रखण्ड वासियों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र होता है। इसी क्रम में सोमवार को इटखोरी के टाल पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर दुर्गा पूजा की एक प्राचीन परंपरा रही है। इस स्थल पर 200 वर्षों से अनवरत दुर्गा पूजा का आयोजन होता रहा है। इटखोरी के टाल पर राजा के जमाने से ही इस पूजा को सनातन परंपरा के अनुसार मनाया जाता रहा है। आज भी इसी मान्यता के अनुसार राजा के गढ़ से ब्राह्मणों द्वारा मिट्टी लाने की परंपरा जीवंत है।

इसी क्रम में सोमवार को टाल पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ इटखोरी मुखिया योगेश्वर दांगी, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, एस आई विजय कुमार सिंह, सुधीर राय, सत्येंद्र गिरी और दिलीप सोनी ने संयुक्त रूप से पिता काटकर किया।

इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने और बच्चियों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के साथ-साथ कई गणमान्य उपस्थित थे।

## चतरा में हथियार के साथ टीएसपीसी समर्थक गिरफ्तार:करमटांड़ गांव के एक घर से धराया, पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ा



चतरा: चतरा में नक्सली संगठन टीएसपीसी को बड़ा झटका लगा है। पुलिस ने नक्सलियों एक समर्थक को धर दबोचा है। चतरा एसपी विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने लावालौंग थाना क्षेत्र के ग्राम कटिया वेला के करमटांड़ गांव के एक घर से 315 के दो देशी हथियार के साथ नक्सली संगठन टीएसपीसी के एक समर्थक को गिरफ्तार किया है।

इसकी जानकारी देते हुए सिमरिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि जितेन्द्र कुमार पिता विरुजु गंझु ने अपने घर में अवैध हथियार रखा हुआ है। सूचना के आधार पर सिमरिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक उमेश राम के निर्देश पर लावालौंग थाना प्रभारी रूपेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। इसी टीम ने गिरफ्तार किया।

### पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ा

उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी रूपेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ग्राम करिया वेला करमटांड़ स्थित जितेन्द्र कुमार के घर पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही जितेन्द्र कुमार घर से भागने का प्रयास करने लगा। परन्तु पुलिस टीम के द्वारा उसे खदेड़ कर पकड़ लिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि तालाशी के क्रम में जितेन्द्र कुमार के घर के कमरे में छिपा हुआ 315 बोर का दो (02) देशी हथियार बरामद किया गया। इस संदर्भ में नामजद अभियुक्त जितेन्द्र कुमार एवं अन्य नक्सली के विरुद्ध लावालौंग थाना कांड संख्या सं0-64/24, दिनांक-06.10.2024, धारा-25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट & 170)(ii) सीएलए एक्ट दर्ज किया गया है।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने "आर्ट 81" कला महोत्सव से संबंधित पोस्टर एवं प्रमोशनल वीडियो का किया लोकार्पण

### शहरी क्षेत्र के मतदाताओं की मतदान के प्रति उदासीनता दूर करने एवं उन्हें प्रेरित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम कारगर– के. रवि कुमार




रांची: मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने कहा कि झारखण्ड के युवा एवं शहरी मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए "आर्ट 81" कार्यक्रम का 18 से 19 अक्टूबर को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, रांची में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मतदाताओं को झारखण्ड की विभिन्न कला विधाओं, संस्कृति एवं चित्रकारी के माध्यम से मतदान के प्रति ज्ञानवर्धन एवं सजग करने का कार्य किया जाएगा। वे आज निर्वाचन सदन में "आर्ट 81" कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर एवं वीडियो के लॉन्चिंग एवं प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि दो दिवसीय कला महोत्सव में राष्ट्र एवं राज्य स्तर के कलाकारों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर लाईव पेंटिंग किया जायेगा साथ ही नए वोटरों को आकर्षित करने के लिए मनोरंजक कार्यक्रमों जैसे नुक्कड़ नाटक, रंगोली, भाषण आदि का भी आयोजन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस अवसर पर आरजे एवं लाइव म्यूजिकल बैंड द्वारा कार्यक्रम का भी आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में स्थानीय फूड स्टॉलों में लजीज व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए जायेंगें।

उन्होंने कहा कि इस कला महोत्सव में कलाकारों द्वारा 81 विधानसभा क्षेत्र झारखंड की संस्कृति, त्यौहार, प्राकृतिक सुंदरता एवं पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित करते हुए 81 आर्ट बनाए जायेंगें । कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए परिवार के लोगों विद्यार्थियों के लिए 81' × 5' का कैनवास भी उपलब्ध रहेगा जिसपर वे अपनी कला प्रदर्शित कर सकेंगे। साथ ही नए वोटरों को जोड़ने के लिए कैंप भी लगाए जायेंगे।

श्री कुमार ने बताया कि विगत के लोकसभा निर्वाचन में इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन में शहरी एवं युवा मतदाताओं की रुचि देखी गई थी। इस तरह के कार्यक्रमों के साथ साथ शहरी मतदाताओं के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता में सुधार के लिए प्रयास किए जा रहे है। कार्यालय द्वारा वोटर टर्नआउट लाइन मैनेजमेंट सिस्टम की ट्रेनिंग सभी मतदान कर्मियों को दी जा रही है जिससे मतदाताओं को अधिक समय तक कतार में न रहना पड़े एवं विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं की सुविधा के लिए एक ऐप भी लॉन्च किया जा रहा है जिसमें अपने मतदान केंद्र पर कतार में कितने लोग है इसकी जानकारी भी मतदाताओं को घर बैठे मिल सकेगी।

उन्होंने कहा कि आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के विभिन्न जिलों जैसे धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग देवघर के शहरी क्षेत्रों में आर्ट 81 में बनाए गए पेंटिंग्स एवं कलाकृतियों का एग्जीविशन लगाकर संबंधित जिलों के स्वीप कार्यक्रमों में इनका वृहत प्रदर्शन भी किया जाएगा।

प्रेस वार्ता में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुबोध कुमार एवं उप निदेशक जनसंपर्क श्री आनंद उपस्थित रहे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।